CMYK

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 22°C

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

मुजफ्फरनगर, शनिवार 12 जुलाई 2025 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 26 अंक 180 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 16 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



ओडिशा के जंगल- जमीन मित्रों के हवाले कर रहे मोदी: खड़गे-राहुल पेज 2



लॉर्ड्स टेस्ट: राहुल व नायर ने भारतीय पारी संभाली खेल टाइम्स



चंद्रचूड़ बंगला विवाद: सुप्रीम कोर्ट का पत्र सरकार को चेतावनी! सम्पादकीय



अमेरिकी हमले में भी बच गया ईरान का परमाणु कार्यक्रम पेज 12

## शुभांशु शुक्ला 14 जुलाई को धरती पर लौटेंगे

**टेक्सास।** भारतीय एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला 14 जुलाई को धरती पर लौटेंगे। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने इसकी जानकारी दी। एक्सिओम-4 मिशन के तहत शुभांशु सहित चार क्रू सदस्य इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पहुंचे थे। एक्सिओम मिशन को 25 जून को फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया था। ड्रैगन अंतरिक्ष यान 28 घंटे की यात्रा के बाद 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर डॉक किया गया था। हालांकि, यह मिशन 14 दिनों का था। अब एस्ट्रोनॉट की वापसी चार दिन देरी से होगी। इससे पहले 6 जुलाई को शुभांशु के आईएसएस स्टेशन से कुछ तस्वीरें सामने आई थीं। जिसमें शुभांशु कपोला मॉड्यूल के विंडो से पृथ्वी देखते नजर आ रहे थे। कपोला मॉड्यूल एक गुंबदनुमा ऑब्जर्वेशन विंडो है, जिसमें 7 खिड़कियां होती हैं।

## गुजरात महिसागर पुल हादसा: मृतक संख्या 19 हुई, दो लापता

**अहमदाबाद।** गुजरात के वडोदरा जिले में महिसागर नदी पर बने पुराने पुल के ढहने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। शुक्रवार को एक घायल शख्स की अस्पताल में मौत हो गई। दो लोग अभी भी लापता हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ का सर्च ऑपरेशन जारी है। वडोदरा कलेक्टर अनिल धमेलिया ने कहा कि नदी में गिरे एक टैंकर में सल्फ्यूरिक एसिड भरा था। ऐसे में पता लगाया जा रहा है कि उसमें से कोई रिसाव न हो। वहीं पानी सोडा ऐश (सोडियम कार्बोनेट) होने के कारण रेस्क्यू टीम को जलन और खुजली हो रही है। हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई है।

## अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा के लिए ऑपरेशन शिवा शुरू

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने श्री अमरनाथ जी की सुचारू और सुरक्षित यात्रा के लिए नागरिक प्रशासन और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के साथ मिलकर 'ऑपरेशन शिवा 2025' शुरू किया है। इस विशेष अभियान का उद्देश्य विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान समर्थित छद्म आतंकवादियों से बढ़े खतरे को देखते हुए उत्तरी और दक्षिणी दोनों यात्रा मार्गों पर मज़बूत और पुख्ता सुरक्षा प्रदान करना है, इस वर्ष अभियान के लिए प्रौद्योगिकी और अन्य जरूरी संसाधनों से लैस 8500 से अधिक सैनिकों को तैनात किया गया है।

## 'कन्नड़' अनिवार्य करने पर केंद्र व राज्य सरकार को नोटिस

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने कन्नड़ भाषा की पढ़ाई अनिवार्य करने पर सरकार से जवाब मांगा है। इसके लिए तीन हफ्ते का समय दिया है। अदालत ने राज्य और केंद्र सरकार को नोटिस भी जारी किए हैं। राज्य के सीबीएसई और सीआईएससीई स्कूलों में कन्नड़ की पढ़ाई अनिवार्य करने के खिलाफ 2023 में एक जनहित याचिका दायर हुई थी।

### शॉल ओढ़ाने पर समझें उम्र हो चली: भागवत

# भागवत के मुंह से निकली '75 उम्र की दलील' को कांग्रेस ने लपका

### कांग्रेस बोली: प्रधानमंत्री को भी हो जाना चाहिए रिटायर

नागपुर, वार्ता



- मोदी और भागवत इसी साल सितम्बर में 75 साल के हो जाएंगे
- संघ प्रमुख के बयान पर सियासी घमासान

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक** संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि 75 साल की उम्र के बाद नेताओं को रिटायरमेंट ले लेनी चाहिए। भागवत ने कहा कि जब आपको 75 साल पूरे होने पर शॉल ओढ़ाई जाती है, तो समझिए कि दूसरों को मौका देने का समय आ गया है। आपको किनारे हो जाना चाहिए।

भागवत ने ये बातें रामजन्मभूमि आंदोलन के प्रेरक दिवंगत मोरोपंत पिंगले पर लिखी पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में कहीं। मोदी और भागवत, दोनों इस साल सितम्बर में 75 साल के हो जाएंगे। भागवत के इस बयान के बाद विपक्षी पार्टियां इसे प्रधानमंत्री से जोड़ रही हैं। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बेचारे पुरस्कार जीवी प्रधानमंत्री! यह कैसी घर वापसी है। लौटते ही सरसंघचालक ने उन्हें याद दिलाया कि 17 सितम्बर, 2025 को वे 75 साल के हो जाएंगे। जयराम रमेश ने आगे लिखा कि प्रधानमंत्री भी सरसंघचालक से कह सकते हैं कि वे भी 11 सितम्बर, 2025 को 75 साल के हो जाएंगे! एक तीर, दो निशाने! दरअसल, पीएम मोदी 10 जुलाई को 5 देशों की विदेश यात्रा से लौटे हैं। जयराम रमेश ने इसे ही उनकी घर वापसी बताया। भाजपा में राज्य और मंडलस्तर पर उम्र की सीमाएं लागू हैं। भाजपा के भीतर एक निश्चित उम्र तक पद पर बने रहने को लेकर कोई आधिकारिक नियम नहीं है। हालांकि, कुछ स्तरों पर उम्र सीमाएं लागू की गई हैं। उदाहरण के लिए, छत्तीसगढ़ भाजपा ने मंडल अध्यक्ष पद के लिए 35 से 45 साल और जिला अध्यक्ष पद के लिए 45 से 60 साल की उम्र सीमा निर्धारित की है। वहीं भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनावों में 75 साल से अधिक उम्र के कई वरिष्ठ नेताओं को टिकट नहीं दिया था। इसमें लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, सुमित्रा महाजन, कलराज मिश्र, जैसे कई नेता शामिल थे। 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा में 75 साल की उम्र से ज्यादा के नेताओं को रिटायर करने का ट्रेंड शुरू। पहली बार प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी ने अपनी कैबिनेट में इससे कम उम्र के नेताओं को ही जगह दी थी। लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी को मार्गदर्शक मंडल में शामिल किया गया।

# अजित डोभाल ने पहली बार चुप्पी तोड़ी

### कहा: 23 मिनट में पाक के नौ ठिकानों को किया बर्बाद

चेन्नई, वार्ता



- बोले-विदेशी मीडिया ने पाकिस्तान को बढ़ा-चढ़ाकर किया पेश

**राष्ट्रीय सुरक्षा** सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने आईआईटी मद्रास में आयोजित एक कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विदेशी मीडिया की रिपोर्टिंग पर कड़ी प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने पहली बार कहा कि कई विदेशी समाचार एजेंसियों ने भारत को लेकर भ्रामक और तथ्यहीन जानकारी प्रकाशित की है। इसके साथ ही अजित डोभाल ने कहा कि भारत का ऑपरेशन बेहद ही सफल रहा। हमने पाकिस्तान में नौ ठिकानों को निशाना बनाया था। इसमें से एक भी नहीं चूका। एनएसए डोभाल ने कहा कि विदेशी प्रेस ने कहा कि पाकिस्तान ने यह किया, वो किया... आप मुझे एक भी फोटो या सबूत दिखाइए, जिसमें भारत में किसी इमारत को नुकसान हुआ हो, एक कांच तक टूटा हो, उन्होंने बातें लिख दीं और छाप दीं। उन्होंने आगे कहा कि विदेशी मीडिया द्वारा जारी की गई सैटेलाइट तस्वीरों में 10 मई से पहले और बाद में पाकिस्तान के 13 एयरबेस दिखाए गए, चाहे वह सरगोधा हो, रहीम यार खान हो या चकलाला। मैं सिर्फ वही बता रहा हूं जो उन्होंने अपनी रिपोर्टिंग में छापा। हममें यह क्षमता है कि अगर हम चाहें, तो पाकिस्तान के एयरबेस को नुकसान पहुंचा सकते हैं। डोभाल ने कहा कि हमें अपनी स्वदेशी तकनीक विकसित करनी होगी। ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र यहां किया गया था। हमें इस बात पर गर्व है कि इसमें कितनी स्वदेशी सामग्री थी... हमने पाकिस्तान के आर-पार नौ आतंकवादी ठिकानों पर निशाना साधने का फैसला किया, ये सीमावर्ती इलाकों में नहीं थे। हम कोई भी निशाना नहीं चूके। हमने इसके अलावा कहीं और निशाना नहीं साधा। यह उस बिंदु तक सटीक था, जहां हमें पता था कि कौन कहां है? पूरे ऑपरेशन में 23 मिनट लगे। हम एक ऐसे देश और ऐसी सभ्यता से ताल्लुक रखते हैं, जो हजार वर्षों से संकटग्रस्त, लहूलुहान और अपमानित रही है। हमारे पूर्वजों ने बहुत कुछ सहा है... मुझे नहीं पता कि इस सभ्यता को जीवित रखने और राष्ट्र की इस धारणा को जीवित रखने के लिए उन्होंने कितने अपमान, अभाव और कष्ट सहे होंगे। राष्ट्र, राज्य से अलग होता है। भारत, एक राष्ट्र के रूप में सहस्राब्दियों से अस्तित्व में है। अब से 22 साल बाद जब हम अपनी आजादी के 100 साल पूरे कर रहे होंगे, तब आप अपने करियर के शीर्ष पर होंगे।

## लगातार दूसरे दिन डोली दिल्ली एनसीआर की धरती, लोग घरों से निकले

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली और एनसीआर के इलाकों में शुक्रवार शाम को एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए। यह झटके सात बजकर 49 मिनट पर आए और इसकी गहराई जमीन से 10 किमी नीचे थी। इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.7 आंकी गई। इसका केंद्र हरियाणा के झज्जर जिले में था। बीते दो दिनों में यह दूसरी बार है जब दिल्लीवासियों ने भूकंप के झटके महसूस किए। इससे पहले दिल्लीवासियों ने गुरुवार सुबह को भी भूकंप के झटके महसूस किए थे। तब इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 4.4 आंकी गई थी। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र के अनुसार इसका केंद्र हरियाणा के झज्जर में था। बीते छह माह में दिल्ली और एनसीआर में चौथी बार भूकंप के झटके आए। इससे पहले 19 अप्रैल और 17 फरवरी को भी भूकंप आया था। फिर 10 जून को ही इसके झटके महसूस किए थे। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली भूकंप के खतरे वाले इलाकों में आती है, यह सिस्मिक जोन में है। दिल्ली डिजास्टर मैनेजमेंट अथॉरिटी के अनुसार, इस इलाके में भूकंप की संभावना काफी ज्यादा होती है। यहां आमतौर पर 5 से 6 मैग्नीट्यूड के बीच भूकंप आते हैं, और कभी- कभी 7 से 8 मैग्नीट्यड तक के भी भूकंप हो सकते हैं।

## मोदी व आरएसएस पर आपत्तिजनक व्यंग्यचित्र विवाद पर 14 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट पीएम नरेन्द्र मोदी व आरएसएस पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के साथ अशोभनीय व्यंग्यचित्र बनाने के मामले में आरोपी हेमंत मालवीय की अंतरिम जमानत की मांग वाली याचिका पर 14 जुलाई को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया व न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता वृंदा ग्रोवर के मामले पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध शुक्रवार को स्वीकार करते हुए इस मामले को सोमवार के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। इंदौर के व्यंग्यचित्रकार हेमंत ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के तीन जुलाई के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती देते हुए राहत की गुहार लगाई है।

# बम बम भोले के उद्घोष के साथ शुरू हुई कांवड़ यात्रा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- तीर्थ नगरी हरिद्वार में कांवड़ियों का हुजूम उमड़ना शुरू

**हरिद्वार/देहरादून।** श्रावण मास शुरू होते ही शुक्रवार को उत्तराखंड की तीर्थ नगरी हरिद्वार में कांवड़ियों का हुजूम उमड़ना शुरू हो गया। बम बम भोले के उद्घोषों के साथ आकर्षक कांवड़ में गंगा जल लेने आने वाले कांवड़ियों का मेला इस बार अदभुत नजर आ रहा है।

पुलिस ने पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा सुरक्षा के प्रबंध किए हैं। साथ ही, कांवड़ियों की भीड़ में फर्जी साधु बनकर नशीले पदार्थों की आपूर्ति अथवा सीधे साधे भोले के भक्तों को अपने जाल में फंसाकर, ठगने वालों को ऑपरेशन कालनेमी के तहत पुलिस के जवान खोजते घूम रहे हैं। शुक्रवार को श्रावण कृष्ण पक्ष प्रतिपदा से चतुर्दशी तक हर की पैड़ी से गंगा जल लेकर कांवड़िए उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और मध्य प्रदेश के नगरों, कस्बों और गांवों के शिवालयों में चढ़ाने के लिए आना शुरू हो गए। पुराणों के अनुसार, काल के प्रथम खंड में कनखल के राजा ब्रह्मपुत्र दक्ष को दिया वचन निभाने के लिए भोले भंडारी श्रावण प्रतिपदा यानी शुक्रवार से कनखल पहुंच गए हैं। प्रति वर्ष में दो बार हरिद्वार से शिवालयों तक कांवड़ यात्रा निकलती है। फागुन मास की कांवड़ का जल महाशिवरात्रि तथा श्रावण मास की कांवड़ का जल शिव चतुर्दशी को चढ़ाया जाता है।

## नारकोटिक्स मामले के आरोपी कुब्बावाला को यूएई से भारत लाया गया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) एक सफल अभियान में नारकोटिक्स मामले के वांछित अपराधी कुब्बावाला मुस्तफा को शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से प्रत्यर्पित कर भारत ले आई। सीबीआई ने बताया कि उसने इंटरपोल चैनलों के माध्यम से कुब्बावाला मुस्तफा की वापसी का सफलतापूर्वक समन्वय किया है। कुब्बावाला मुस्तफा मुंबई पुलिस का वांछित अपराधी है। सीबीआई की अंतर्राष्ट्रीय पुलिस सहयोग इकाई एनसीबी-अबू धाबी के सहयोग से रेड नोटिस के तहत वांछित कुब्बावाला मुस्तफा को सफलतापूर्वक भारत वापस लेकर आई है। मुंबई पुलिस की चार सदस्यीय टीम कुब्बावाला मुस्तफा को वापस लाने के लिए दुबई गई थी।

## अस्त्र मिसाइल का सुखोई लड़ाकू विमान से सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और वायुसेना ने हवा से हवा में मार करने वाली स्वदेशी मिसाइल 'अस्त्र' का सुखोई-30 लड़ाकू विमान से सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि व्यक्ति की देखने की सीमा से आगे तक मार करने में सक्षम इस मिसाइल का ओडिशा के तट से परीक्षण किया गया। परीक्षणों के दौरान विभिन्न दूरी तथा अत्यधिक गति वाले मानवरहित हवाई लक्ष्यों पर दो निशाने लगाए गए और दोनों बार मिसाइलों ने सटीक निशाना साधा। अस्त्र की मारक क्षमता 100 किलोमीटर से अधिक है और यह अत्याधुनिक नौवहन प्रणाली से सुसज्जित है। डीआरडीओ की विभिन्न प्रयोगशालाओं के अलावा हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड सहित 50 से अधिक सार्वजनिक और निजी उद्योगों ने इस हथियार प्रणाली के सफल निर्माण में योगदान दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिसाइल से जुड़ी टीमों की सराहना की और कहा कि स्वदेशी सीकर युक्त मिसाइल का सफल परीक्षण महत्वपूर्ण रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। डीआरडीओ के अध्यक्ष डा. समीर वी. कामत ने भी सफल उड़ान परीक्षण पर सभी टीमों को बधाई दी।

# खुले फास्टैग को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया तेज

शाह टाइम्स ब्यूरो




- टोल संग्रह एजेंसियों को अपनी नीति और सुव्यवस्थित करने में मिलेगी मदद

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण- एनएचएआई ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुगम टोल संग्रहण संचालन सुनिश्चित करने के वास्ते 'खुले फास्टैग' को ब्लैक लिस्ट करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। एनएचएआई के अनुसार इससे टोल संग्रह एजेंसियों को अपनी नीति और सुव्यवस्थित करने में मदद मिलेगी और जो खुले फास्टैग जिन्हें 'टैग-इन-हैंड' भी कहा जाता है, उसकी तुरंत रिपोर्ट कर उसे ब्लैकलिस्ट किया जा सकेगा।

पास- प्रणाली और मल्टी-लेन फ्री फ्लो टोलिंग जैसी पहलों के मद्देनजर फास्टैग की प्रामाणिकता और प्रणाली की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए इसका समाधान आवश्यक है। खुले फास्टैग से अभिप्राय है कि कभी-कभी वाहन मालिक जानबूझकर वाहन के विंडस्क्रीन पर फास्टैग नहीं लगाते। इस से परिचालन सम्बंधी चुनौतियां पैदा होती हैं, जिससे लेन में भीड़भाड़, झूठे चार्ज बैंक, बंद टोल प्रणाली में दुरुपयोग, इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह व्यवस्था में बाधा आती है। इससे टोल प्लाजा पर अनावश्यक देरी होती है और राष्ट्रीय राजमार्ग के अन्य उपयोगकर्ताओं को असुविधा होती है। इसको लेकर सुधारात्मक उपाय सुनिश्चित करने के लिए, एनएचएआई ने एक समर्पित ईमेल आईडी उपलब्ध कराई है और टोल संग्रह एजेंसियों और रियायतधारकों को ऐसे फास्टैग की तुरंत सूचना देने का निर्देश दिया है। प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर, एनएचएआई रिपोर्ट किए गए फास्टैग को ब्लैकलिस्ट करने के लिए तुरंत कार्रवाई करेगा। एनएचएआई का कहना कि 98 प्रतिशत से अधिक की व्यापक पहुंच के साथ फास्टैग ने देश में इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली में क्रांति ला दी है। खुले फास्टैग या हाथ में टैग इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह कार्यों की दक्षता के लिए एक चुनौती हैं, लेकिन यह पहल टोल संचालन को और अधिक कुशल बनाने में मदद करेगी, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं के लिए निर्बाध और सहज यात्रा सुनिश्चित होगी।

# EOW के हाथ लगा 49 हजार करोड़ की ठगी का मास्टरमाइंड

शाह टाइम्स ब्यूरो

- पंजाब के रोपड़ जिले से हुई गिरफ्तारी

**लखनऊ।** उप्र की आर्थिक अपराध जांच शाखा (ईओडब्ल्यू) ने 49 हजार करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के एक मामले के मुख्य आरोपी को पंजाब के रोपड़ जिले से गिरफ्तार किया है।

ईओडब्ल्यू के सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि पर्ल्स एग्रो-टेक कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएसीएल) के निदेशक गुरनाम सिंह (69) को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। उस पर पांच करोड़ निवेशकों के 49 हजार करोड़ रुपये हड़पने का आरोप है। उन्होंने बताया कि गुरनाम सिंह ने 13 फरवरी 1996 को जयपुर में रजिस्ट्रार ऑफ कंपनी से गुरुवंत एग्रोटेक लिमिटेड नाम से कंपनी का पंजीकरण कराया था, जबकि 25 अक्टूबर 2011 को इसका नाम बदल कर पर्ल्स एग्रो-टेक कॉर्पोरेशन लिमिटेड कर दिया गया, जिसका मुख्यालय नई दिल्ली स्थित बारह खंभा रोड पर है। गुरनाम ने अपने साथी संचालकों की मदद से दस राज्यों उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, राजस्थान, असम, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, केरल, बिहार और छत्तीसगढ़ में कंपनी की शाखाएं खोलीं।

## संक्षिप्त समाचार

### कश्मीर के मुख्य धार्मिक नेता मीरवाइज उमर फारूक नजरबंद

**श्रीनगर।** हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं कश्मीर के मुख्य धार्मिक नेता मीरवाइज उमर फारूक ने शुक्रवार को कहा कि ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में उन्हें जुमे की नमाज अदा करने से रोकने के लिए फिर से नजरबंद कर दिया गया है। मीर वाइज ने अपनी नज़रबंदी को 13 जुलाई को मनाए जाने वाले 'शहीद दिवस' से जोड़ा है। गौरतलब है कि 'शहीद दिवस' 13 जुलाई-1931 को श्रीनगर केंद्रीय जेल के बाहर सुरक्षाकर्मियों के हाथों 22 कश्मीरियों को मारे जाने की घटना की याद में मनाया जाता है, जहां वे निरंकुश शासन का विरोध करने के लिए एकत्र हुए थे। वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने से पहले जम्मू कश्मीर में इस दिन आधिकारिक अवकाश होता था।

### भाजपा को लाकर पछता रहे दिल्लीवाले: आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी ने कहा है कि दिल्ली की जनता ने बड़ी उम्मीदों के साथ भारतीय जनता पार्टी को सत्ता सौंपी थी,लेकिन पांच महीने में ही उसे अपने फैसले पर पछतावा हो रहा है। आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने जलभराव के मुद्दे पर शुक्रवार को कहा कि आज दिल्ली के व्हाट्सएप, ड्राइंग रूम्स और साउथ दिल्ली के क्लब में मध्यम वर्ग के लोगों के बीच यही चर्चा चल रही है कि वह मान रहे हैं कि भाजपा को दिल्ली में लाना एक बघी गलती थी। लोग भूल गए कि वही भाजपा, जो पिछले 12-14 साल से हरियाणा में सरकार चला रही है और हर बार गुघ्गांव नगर निगम में जीतती है, उसके बावजूद वहां करोड़ों के फ्लैट में रहने वालों की गाड़ियां पानी में डूब रही हैं।

## ओडिशा के जंगल-जमीन मित्रों के हवाले कर रहे मोदी

# खड़गे-राहुल ने की प्रधानमंत्री मोदी की घेराबंदी

नई दिल्ली, वार्ता



■ कहा: अपने कुछ उद्योगपति मित्रों के हित के लिए काम करते हैं पीएम

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने कुछ उद्योगपति मित्रों के हित के लिए काम करते हैं इसलिए उन्होंने ओडिशा की जमीन और जंगल अडानी जैसे अपने चंद मित्रों के हवाले कर दी है।

खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैं हमारे ओडिशा के महान नायक 'उत्कलमणि' गोपबंधु दास जी, बैरिस्टार मधुसूदन दास जी और यहां के सभी महान सेनानियों को श्रद्धांजलि देता हूं। कांग्रेस की सरकारों में पारादीप पोर्ट, राउरकेला स्टील प्लांट, हीराकुंड बांध, एनटीपीसी, नाल्को, चिल्का नेवल एकेडमी, पंचेश्वर रेल कोच फैक्ट्री, कोरापुट में एचएएल, आर्डिनेंस फैक्ट्री लगी। कांग्रेस के शासनकाल में भुवनेश्वर में एम्स, एनआईएसईआर, फिजिक्स इंस्टीट्यूट और कई शिक्षा संस्थान कायम हुए। कालाहांडी, बोलांगीर और कोरापुट केबीके जिलों के बदलाव की योजना बनाई, लेकिन आज क्या हो रहा है। मोदी, ओडिशा के लोगों की मेहनत की कमाई का पैसा अपने अरबपति मित्रों को सौप रहे है। सभी सरकारी कारखाने, सरकारी कंपनियां, खदानें, पोर्ट, एअरपोर्ट, जंगल, जमीन, सब मोदीजी के कुछ मित्रों को दिए जा रहे है। उन्होंने सवाल किया कि प्राकृतिक संसाधनों में भारत का सबसे अमीर राज्य ओडिशा है, पर यहां के जनजातीय समुदाय दुनिया में सबसे अधिक गरीबी में क्यों जी रहे हैं। कांग्रेस की सरकार यहां मार्च 2000 के बाद नहीं बनी। खड़गे ने आरोप लगाया ह्सभी संवैधानिक संस्थाओं पर मोदीजी का कब्जा है। ये सभी संस्थाएं भारत के संविधान से नहीं, भाजपा के इशारों पर चलती है। जो मोदी-शाह कहते है, वो ये संस्थाएं और एजेंसियां करती है। इसी तरह अब लोगों के वोट के अधिकार पर सीधा हमला हो रहा है। पहले महाराष्ट्र और अब बिहार। ठीक चुनाव से पहले, बिहार में ग़रीब, पीड़ित, शोषित और वंचित लोगों के वोट का अधिकार छीना जा रहा है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने मामले में हस्तक्षेप कर, चुनाव आयोग के निर्णय पर सवाल उठाया। आधार कार्ड, वोटर आईडी और राशन कार्ड को दस्तावेज की सूची में शामिल करने को कहा। उन्होंने ओडिशा के लिए भाजपा का योगदान शून्य करार देते हुए कहा कि भाजपा पहले मुख्यमंत्री चुनती है, फिर अडानी- अंबानी जैसे लोग पीछे लगते हैं और देखते हैं कि कौन सी जमीन अच्छी है, कहां खनन करना है।

### कांग्रेस आयोजित करेगी ओबीसी नेतृत्व भागीदारी न्याय सम्मेलन

**नई दिल्ली।** विभिन्न क्षेत्रों में पिछड़ों की भागीदारी बढ़ाने के मुद्दे को लगातार उठा रही कांग्रेस 25 जुलाई को राष्ट्रीय राजधानी में 'ओबीसी नेतृत्व भागीदारी न्याय सम्मेलन' आयोजित करेगी। इस सम्मेलन में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल हो सकते हैं। वह लगातार अन्य पिछड़ा वर्ग की भागीदारी बढ़ाने के लिए जातिगत जनगणना कराने की मांग करते रहे हैं। गांधी कांग्रेस पार्टी के भीतर पिछड़े वर्ग की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने की बात भी करते रहे हैं। इसी कड़ी में पार्टी का ओबीसी विभाग नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 25 जुलाई को ओबीसी नेतृत्व भागीदारी न्याय सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। सम्मेलन में देश भर से कांग्रेस के कई नेता और पदाधिकारी शामिल होंगे। सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रमुख नेताओं में राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पार्टी महासचिव सचिन पायलट समेत कई नेताओं के नाम शामिल हैं।

## श्रावण मास के पहले दिन शिवालयों में भक्तों का तांता



शाह टाइम्स ब्यूरो

■ मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर गोरखनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक व हवन किया

**लखनऊ।** देवाधिदेव भगवान शिव के प्रिय मास श्रावण के पहले दिन शुक्रवार को वाराणसी समेत समूचे उत्तर प्रदेश में शिवालयों में श्रद्धालुओं ने हर हर महादेव के उद्घोष के साथ जलाभिषेक किया। इस दौरान सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं।

मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक व हवन किया। रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कर उन्होंने भगवान भोले शंकर से चराचर जगत के कल्याण और सभी नागरिकों के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। मंदिर के अपने आवास के प्रथम तल स्थित शक्तिपीठ में योगी ने भगवान भोलेनाथ को विल्व पत्र, दुर्वा, मदार पत्र, कमल पुष्प समेत अनेकानेक पूजन सामग्री अर्पित करने के बाद जल, दूध और ऋतुफल के रस से रुद्राभिषेक किया। मठ के विद्वत आचार्यगण एवं पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्याई के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक संपन्न कराया। रुद्राभिषेक के बाद गोरक्षपीठाधीश्वर ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन किया। विधि विधान से पूर्ण हुए रुद्राभिषेक अनुष्ठान के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की। वाराणसी से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार ज्योतिर्लिंग काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए देर रात से ही श्रद्धालु कतारबद्ध हो चुके थे। मंदिर में कावंड़िए अपने आराध्य का जलाभिषेक करने को आतुर दिखे। कतार में लगे श्रद्धालु हर हर महादेव शंभू,काशी विश्वनाथ गंगे का उदघोष करते हुए अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दिए। इस दौरान पुलिस के जवान सुरक्षा इंतजाम में मुस्तैद दिखे। सीसीटीवी और ड्रोन के जरिए भी अराजक तत्वों पर नजर रखी जा रही थी।

### हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है सरकार: योगी

**गोरखपुर।** सीएम योगी ने लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान उन्होंने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और कहा कि परेशान मत हों, आपकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है। जनता दर्शन में एक महिला इलाज के लिए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई, तो उसे आत्मीय संबल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इलाज का इस्टीमेट मंगा लीजिए, सरकार भरपूर मदद करेगी।

## सिद्धारमैया को किया गया अपमानित: भाजपा

■ राहुल ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री के साथ बैठक से इन्कार किया: मालवीय

**नई दिल्ली।** भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेतृत्व पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया का अपमान करने का आरोप लगाया है।

पार्टी के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने शुक्रवार को दावा किया कि सिद्धारमैया हाल ही में दिल्ली आए और कांग्रेस नेता राहुल गांधी से बैठक का अनुरोध किया। लेकिन उनको इनकार कर दिया गया और मुख्यमंत्री को बिना किसी मुलाकात के बेंगलुरु लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा। मालवीय ने एक्स पोस्ट में दावा किया कि कांग्रेस में कर्नाटक के किसी वरिष्ठ नेता का अपमान होना कोई पहली बार नहीं है। उन्होंने लिखा कि सन 1990 में बीमार चल रहे मुख्यमंत्री वीरेंद्र पाटिल के साथ तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भी ऐसा किया था और कई लोग यह मानते हैं कि इसके बाद से राज्य में कांग्रेस के पतन की शुरुआत हो गई। उन्होंने राज्य कांग्रेस इकाई के आंतरिक झगड़े का जिक्र करते हुए कहा कि कमजोर सिद्दरामैया को उनके खिलाफ साजिश रचने वाले आदमी और कुर्सी के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे डीके शिवकुमार के पीछे छिपने के लिए मजबूर कर दिया गया है।

## यूपी में हत्या-लूट अब आम बात: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: प्रदेश में वही व्यक्ति सुरक्षित है, जो अपराधियों की नजर से बचा हुआ

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराधी तत्व बेखौफ है, जबकि हत्या, लूट की वारदातें आम हो चुकी हैं।

यादव ने यहां जारी बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार का दावा था कि अपराधी अपराध छोड़ देंगे या फिर प्रदेश छोड़ देंगे, लेकिन हकीकत यह है कि यहां सिर्फ अपराधी बेखौफ हैं प्रदेश में वही व्यक्ति सुरक्षित है, जो अपराधियों की नजर से बचा हुआ है। भाजपा सरकार में पूरा प्रदेश जंगलराज में बदल गया है। हत्या, लूट, डकैती और बलात्कार तो अब रोज की आम बातें हो गई हैं। पुलिस निरंकुश हैं मुख्यमंत्री अपने भाषणों से आत्ममुग्ध है। शासन-प्रशासन गहरी नींद में सोया हुआ है। उन्होंने कहा कि कोई दिन तो नहीं जाता है, जब राजधानी लखनऊ सहित अन्य जनपदों में अपराधिक वारदातें न होती हों। भाजपा सरकार में दलितों को सर्वाधिक उत्पीड़न झेलना पघ्ता है। कहीं दबंग दलितों की बारात में डीजे बजाने पर मारपीट पर उतारू हो जाते हैं, तो कहीं दूल्हें के घोड़े पर चढ़ने पर हंगामा हो जाता है। ताजा घटना बाराबंकी की हैं जहां एक दलित युवक शैलेन्द्र गौतम को मंदिर में प्रवेश से रोका गया और बेरहमी से उसकी पिटाई कर दी गई। सच तो यह है कि अब प्रदेश में लोग आतंक और भय में जी रहे हैं। भाजपा सरकार की हर मोर्चे पर विफलता के चलते प्रदेश की दुनियाभर में बदनामी हो रही है। बच्चियां और महिलाएं अपमा. नित हो रही है। कानून व्यवस्था तो पूरी तरह ध्वस्त है। इस वजह से प्रदेश में न तो कोई निवेश आ रहा है और नहीं कोई उद्योग लग रहा है। बल्कि जो उद्योग लगे हैं वे भी अब बाहर जाने का मन बना रहे है। मुख्यमंत्री बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं पर कोई भी दावा जमीन पर नहीं उतर रहा है।



सेंसेक्स 82500.47
निफ्टी 25129.00



सोना रु. 99150
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 110290
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में गिरावट जारी

मुंबई, वार्ता



■ आईटी, आटो शेयरों में बिकवाली के दबाव से सेंसेक्स निफ्टी लुढ़के

सूचना प्रौद्योगिकी और वाहन कंपनियों के शेयरों में तेज बिकवाली के दबाव से शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला लगातार तीसरे दिन जारी रहा और प्रमुख सूचकांकों में 0.83 प्रतिशत तक टूट गए।

विश्लेषकों के अनुसार अमे. रिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की उठा- पटक भरी व्यापार नीति से फैली अनिश्चितताओं के साथ-साथ भारतीय कंपनियों के हिमाही नतीजों को लेकर भी बाजार में सावधानी है। देश की दिग्गज आईटी कंपनी टीसीएस के गुरुवार को बाजार बंद होने के बाद घोषित तिमाही परिणाम के बाद इसके शेयर में 3.46 प्रतिशत की तेज गिरावट दर्ज की गई। एशियाई बाजारों में मिले जुले रुख का भी स्थानीय बाजार पर असर रहा। एशियाई बाजारों में जापान के बाजार में करीब 0.19 प्रतिशत की गिरावट रही, सिगापुर का स्ट्रेट टाइम्स 0.30 प्रतिशत और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक 0. 46 प्रतिशत लाभ में रहा। चीन का शंघाई कंपोजिट कल के स्तर पर बना रहा। दिन के कारोबार में लगातार बिकवाली के दबाव में रहा बीएसई 30 सेंसेक्स गुरुवार की तुलना में 689.81 यानी 0.83 प्रतिशत गिर कर 82,500.47 पर बंद हुआ। सेंसेक्स सुबह 82,820. 76 पर गिरावट के साथ खुला और दिन में ऊपर में 83,040.74 और नीचे में 82,442.25 तक चला गया था। कल बाजार 83,190.28 पर बंद हुआ था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 भी 25,149.85 पर बंद के साथ 205. 40 अंक (0.81 प्रतिशत की) गिरावट पर था। निफ्टी 25,255. 50 पर खुल कर कारोबार के दौरान ऊपर में 25,322.45 और नीचे में 25,129.00 तक गया था। बीएसई सेंसेक्स के 22 शेयर घाटे में बंद हुए। सबसे वाहन कंपनी महिंद्रा एंड महिदा, टाटा मोटर्स में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही, मारुति भी हल्की गिरावट में बंद हुआ। टेक कंपनियों में टीसीएस के साथ साथ एचसीएल टेक, इन्फोसिस और टेक महिंद्रा भी घाटे में बंद हुए। लाभ में रहे शेयरों में हिदुस्तान लीवर 4.61 प्रतिशत उछल गया। एक्सिस बैंक, सन फार्मा, एनटीपीसी, इटर्नल, एसबीआई, आईटीसी और अल्ट्रा सेमको भी हल्के लाभ में रहे। निफ्टी बैंक 0.35 प्रतिशत की गिरावट में रहा। निफ्टी 100, निफ्टी मिडकैप 100 और निफ्टी स्मालकैप 100 भी क्रमश: 0.81 प्रतिशत, 0.8 प्रतिशत और 1.02 प्रतिशत घाटे में बंद हुए। जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि कंपनियों के पहली तिमाही के शुरुआती नतीजों में आय वृद्धि की रफ्तार दिखने और अमेरिका द्वारा कनाडा पर 35 प्रतिशत शुल्क लगाने लगाने की धमकी का घरेलू बाज़ारों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा।

## चांदी 110290 रुपये के ऑल टाइम हाई पर

**मुंबई।** चांदी की कीमत शुक्रवार को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार एक किलो चांदी की कीमत 2,356 रुपये बढ़कर 1,10,290 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई है। कल ये 1,07,934 रुपये पर थी। वहीं, 24 कैरेट सोने के दाम में भी आज तेजी है। ये 465 रुपये महंगा होकर 97,511 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। गुरुवार को सोने का दाम 97,046 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इससे पहले 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 रुपये का ऑल टाइम हाई बनाया था। 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत, दिल्ली-24 कैरेट सोने की कीमत 99,150 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,900, मुंबई- 24 कैरेट सोने की कीमत 99,000 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,750, कोलकाता- 24 कैरेट सोने की कीमत 99,000 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,750, चेन्नई- 24 कैरेट सोने की कीमत 99,000 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,750।

## डॉलर के मुकाबले में रुपये में 27 पैसे की तेज गिरावट

मुंबई, वार्ता



वैश्विक व्यापार परिदृश्य को लेकर व्याप्त अनिश्चितताओं और स्थानीय शेयर बाजारों में लगातार गिरावट के बीच अंतर बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में अमेरिकी डॉलर के समक्ष रुपया करीब 27 पैसे नीचे आ गया।

अमेरिका में कनाडा के सामानों पर 35 प्रतिशत की दर से आयात शुल्क लगाने और ब्रिक्स के सदस्य देशों पर 10 प्रतिशत का दंडात्मक प्रशुल्क लगाने की अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की घोषणाओं से व्यापार को लेकर अनिश्चिततायें बढ़ गई हैं। इस बीच स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला आज तीसरे दिन भी बना रहा। इस बीच प्रमुख विदेशी मुद्राओं के समक्ष अमेरिकी डॉलर में लगातार तेजी बनी हुई है। डॉलर भारतीय रुपये के खिलाफ मजबूत होकर 85. 8536 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। कल बंद के समय डॉलर का भाव 85.5780 था। भारतीय मुद्रा के साथ अन्य प्रमुख मुद्राओं की विनिमय दर इस प्रकार रही: पौंड (ब्रिटेन) 116.2853 रुपये, यूरो 100.2850 रुपये और जापानी येन (प्रति सैकड़ा) 58.45 रुपये। एलकेपी सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करेंसी के वाइस प्रेसिडेंट रिसर्च एनालिस्ट जतीन त्रिवेदी ने कहा कि पूंजी बाजार में कमजोरी के साथ-साथ सोने और चांदी की ऊंची कीमतों और कमजोर वैश्विक संकेतों ने रुपये के प्रति बाजार की धारणा को प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा ब्राज़ील और कनाडा के माल पर अमेरिका में ऊंची दर से प्रशुल्क लगाने से अनिश्चितता बढ़ गई है और जब तक कोई रचनात्मक व्यापार वार्ता नहीं होती, बाजार में सतर्कता रहेगी।

### दिल्ली में आधार के लिए हों सख्त नियम

**नई दिल्ली।** उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के प्रधान सचिव ने दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजधानी में आधार कार्ड जारी करने के लिए सख्त नियम लागू करने को कहा है।

सक्सेना के प्रधान सचिव ने मुख्य सचिव को आज एक पत्र लिखकर कहा कि सुरक्षा समीक्षा बैठकों में यह बात सामने आई है कि कई अवैध प्रवासी फर्जी दस्तावेजों या गलत जानकारी से आधार कार्ड हासिल कर रहे हैं। इस दस्तावेज के आधार पर पासपोर्ट और वोटर कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज बनवा रहे हैं। आधार कार्ड प्राप्त करने के बाद अवैध अप्रवासी भी केन्द्र और राज्य सरकारों की कल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इसका स्थानीय बाजार पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। यह स्थिति राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन रही है। उपराज्यपाल सचिवालय ने सभी रजिस्ट्रारों को आधार (नामांकन और अद्यतन) विनियम, 2016 के प्रावधानों का सख्ती से अनुपालन करने और दो महीने के भीतर आधार नामांकन के आंतरिक मॉडल को अपनाने का निर्देश दिया है। नगर निकायों सहित राज्य सरकार द्वारा स्थापित सभी नामांकन केंद्रों का विस्तृत विवरण, वर्तमान कार्यप्रणाली सहित, 15 जुलाई तक प्रस्तुत करने के लिए निर्देश दिया गया है।

### श्री अमरनाथ के लिए 6482 तीर्थयात्रियों का नया जत्था रवाना

**जम्मू।** जम्मू-कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए 6482 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था शुक्रवार सुबह 'बम बम भोले' के जयकारों के साथ जम्मू के भगवती नगर स्थित यात्री निवास से बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना हुआ।

अधिकारियों ने शुक्रवार को यहां बताया कि स्वनिर्मित हिम शिवलिंग दर्शन के लिए तीर्थयात्री जम्मू आधार शिविर से 268 गाड़ियों में रवाना हुए। उन्होंने कहा कि शुक्रवार सुबह 6,482 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू आधार शिविर से कश्मीर स्थित श्री अमरनाथ यात्रा गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों के अनुसार 268 वाहनों के बेड़े में 4129 तीर्थयात्री पहलगाम और 2353 तीर्थयात्री बालटाल के लिए रवाना हुए। वाहनों के बेड़े हल्के और भारी मोटर वाहन शामिल थे। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दो जुलाई को यहां से तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। अमरनाथ यात्रा इस वर्ष 3 जुलाई से शुरू होकर 9 अगस्त तक चलेगी। यह यात्रा कुल 38 दिनों की होगी।

## विश्व जनसंख्या दिवस नड्डा का संदेश

### मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए सुनियोजित देखभाल महत्वपूर्ण



■ जन स्वास्थ्य में परिवार नियोजन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला

**नई दिल्ली।** केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर बेहतर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए देखभाल के महत्व पर जोर दिया है।

विश्व जनसंख्या दिवस प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को मनाया जाता है और इस वर्ष के दिवस का विषय 'मां बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयारी सही' जन स्वास्थ्य में परिवार नियोजन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है। नड्डा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा एक संदेश में कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस परिवार नियोजन के बारे में जागरूकता बढ़ाने और जनसंख्या संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दोहराने का मंच प्रदान करता है। इस वर्ष के विषय मां बनने की सही उम्र वह है, जब मन और शरीर तैयार हो पर प्रकाश डालते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने पितृत्व के लिए शारीरिक और भावनात्मक तैयारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह शारीरिक और भावनात्मक दोनों तरह की तत्परता के साथ जानकारी और सशक्त निर्णयों के महत्व को रेखांकित करता है। नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार देश भर में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों सहित सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के माध्यम से जरूरी परिवार नियोजन सेवाएं प्रदान करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि ये प्रयास परिवारों को सशक्त बना रहे हैं और स्वस्थ भारत का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। इस बीच इस सप्ताह के शुरू में जारी संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की विश्व जनसंख्या स्थिति रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में 36 प्रतिशत वयस्कों में अनचाहे गर्भधारण के मामले सामने आते हैं। भारत की आबादी एक अरब 46 करोड़ से ज्यादा है, जो चीन के बाद दुनिया में सबसे अधिक है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काशीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010


Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



खून की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।


सभी देशवासियों को
शाह टाइम्स रजत जयंती की
हार्दिक
शुभकामनाएं
पीडीए जननायक
अखिलेश यादव
अब की बार पीडीए सरकार
पीडीए दे रहा संदेश
बदलेगा सत्ता का परिवेश
सत्येंद्र
पाल
(समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता)
बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र- 11


सभी देशवासियों को
शाह टाइम्स
रजत जयंती की
हार्दिक शुभकामनाएं
RLD
विनोद मलिक
(पूर्व ब्लाक प्रमुख, बुढ़ाना)
बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र
आवासः कांधला रोड, बुढ़ाना, मुजफ्फरनगर।


आओ साथ चलें।
आओ साथ चलें।
मुजफ्फरनगर को सबकी सहभागिता के साथ सबके सम्मान की ओर ले चलें!
सामयिक पत्रकारिता कर रहे
शाह टाइम्स प्रिन्ट मीडिया परिवार
की रजत जयन्ती के एतिहासिक शुभ अवसर पर
हार्दिक शुभकामनाएं
यशपाल बालियान
वरिष्ठ भाजपा नेता
मुजफ्फरनगर

# बाइकों के भिंड़त में घायल बाइक सवार की मौत

**मीरापुर।** तेज रफ्तार बाइक की टक्कर में गंभीर रूप से घायल हुए एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के संबंध में मीरापुर थाना क्षेत्र में अज्ञात बाइक सवार के विरुद्ध मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, संजीव पुत्र महेंद्र निवासी ग्राम पदार्था उर्फ मुस्तुफाबाद, थाना पथरी, जिला हरिद्वार अपनी पत्नी सुमन के साथ बाइक से मवाना स्थित ससुराल से अपने गांव लौट रहा था। जैसे ही वह मीरापुर बस स्टैंड के पास पहुंचा, तभी तेज रफ्तार से आ रही एक बाइक से उसकी टक्कर हो गई। भिडंत इतनी जोरदार थी कि संजीव गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों की मदद से संजीव को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां इलाज के दौरान उसकी मृत्यु हो गई। हादसे के बाद बाइक चालक मौके से फरार हो गया। मृतक के साले अशोक पुत्र धर्मवीर निवासी मोहल्ला मुन्नालाल, मवाना की तहरीर पर मीरापुर थाना पुलिस ने 10 जुलाई को अज्ञात बाइक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि हादसे की सच्चाई जानने के लिए घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जांच की जा रही है, ताकि आरोपी चालक की पहचान की जा सके। वहीं, परिजनों में हादसे को लेकर गहरा शोक है।

## भगवान के घर में चोरी करने वाले को पुलिस ने दी सजा

**मोरना।** तीन दिन पूर्व शिव मंदिर में दिनदहाड़े चोरी कर सनसनी फैलाने वाले शातिर को भोपा पुलिस ने आधी रात क्षेत्र के भोकरहेड़ी-शुक्रताल मार्ग पर मुठभेड़ के दौरान घायल कर गिरफ्तार कर लिया। बदमाश से पूछताछ के बाद पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा किया है। भोपा क्षेत्राधिकारी डॉ. रवि शंकर मिश्रा ने बताया कि भोपा थाना क्षेत्र के कस्बा भोकरहेड़ी स्थित शिव मंदिर में बीते मंगलवार को दानपात्र से रकम को चोरी किया गया था, जिसके संबंध मे अज्ञात के खिलाफ मुक. दमा दर्ज किया गया था। पुलिस घटना के खुलासे को लेकर लगातार प्रयास में जुटी हुई थी। गुरुवार की देर रात पुलिस को सूचना मिली की संदिग्ध व्यक्ति क्षेत्र मे किसी अपराधिक घटना को अंजाम देने की फिराक में है। शुक्रताल मार्ग पर चेकिंग अभियान शुरू कर दिया, जहां राजवाहे की पुलिया के पास पुलिस ने एक बाईक सवार को रोकने का प्रयास किया तो बाईक सवार बदमाश ने पुलिस टीम पर फायर झोंकते हुए फरार होने का प्रयास किया। पुलिस ने आत्मरक्षा में गोली चलाते हुए बदमाश के पैर में गोली मारकर उसे घायल कर गिरफ्तार कर लिया। बदमाश की पहचान मुकेश निवासी गांव सिताबपुरी थाना भोपा के रूप में हुई है। मुकेश वर्तमान में अपनी ससुराल गांव नंगला ताशी थाना कंकरखेड़ा जनपद मेरठ में रह रहा था।घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

## काली मंदिर से हजारों की नकदी व घंटा चोरी

**बुढ़ाना।** अज्ञात चोरों ने काली के मंदिर से चार हजार रूपये की नगदी और एक पीतल का घंटा चोरी कर लिया। घटना को लेकर पुलिस में हड़कंप मच गया। बुढाना पुलिस ने पुजारी की सूचना पर मौके पर पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण करने के बाद चोरों की तलाश शुरु कर दी है। इस मामले में बुढाना पुलिस ने मंदिर के पुजारी अमरीश कुमार की तहरीर पर अज्ञात चोर के विरुद्ध चोरी का मामला दर्ज कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार बुढ़ाना कोतवाली क्षेत्र के गांव दुर्गनपुर हरियाखेड़ा में माता काली का एक पुराना मंदिर है। इस मंदिर के पुजारी अमरीश पुत्र सुखपाल ने बताया कि बीती 08 जुलाई की देर शाम किसी अज्ञात चोर ने मंदिर परिसर में लगे दान पात्र में से करीब 04 हजार रुपये की नगदी रूपये और ढाई किलोग्राम का एक पीतल का घंटा चोरी कर लिया। ग्रामीणों ने चोर का पता लगाने का प्रयास किया लेकिन चोर का पता नहीं लग पाया। मंदिर में चोरी होने की सूचना पर परासौली चौकी प्रभारी सुमित कुमार सिंह मंदिर में पहुंचे और पुजारी से चोरी की घटना की जानकारी ली।

# श्रावण मास में पर्दों के पीछे बिकेगी शराब, प्रशासन ने कसी कमर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मीरापुर।** श्रावण मास में कांवड़ यात्रा की शुरुआत होते ही प्रशासन ने धार्मिक भावना और सामाजिक शांति बनाए रखने के लिए सख्ती दिखानी शुरू कर दी है। कांवड़ यात्रियों की सुरक्षा और व्यवस्था को देखते हुए सरकार के निर्देश पर मीरापुर क्षेत्र के सभी अंग्रेजी और देशी शराब के ठेकों पर विशेष रूप से टेंट और पर्दे लगवाए गए हैं, ताकि शराब की बिक्री सार्वजनिक रूप से न हो और यात्रा का माहौल खराब न हो।

प्रशासन का उद्देश्य यह है कि कांवड़ मार्ग पर श्रद्धालुओं की आस्था और यात्रा की पवित्रता को किसी भी प्रकार की अशोभनीय गतिविधियों से दूषित न होने दिया जाए। शराब पीने वालों से उत्पन्न होने वाली संभावित समस्याओं से बचाव के लिए ठेका संचालकों को कड़े निर्देश दिए गए हैं कि वे खुले में शराब की बिक्री न करें, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम जानसठ, क्षेत्राधिकारी और थाना प्रभारी के साथ-साथ आबकारी विभाग की टीमें लगातार निगरानी कर रही हैं। जगह-जगह सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं ताकि किसी भी प्रकार की अशांति या उल्लंघन पर त्वरित कार्यवाही की जा सके। इसके अतिरिक्त, कई स्वयंसेवी संगठन भी यात्रियों को जल सेवा, चिकित्सा, भोजन और विश्राम की सुविधा उपलब्ध करा रहे हैं। श्रद्धालुओं और स्थानीय लोगों ने प्रशासन के इस कदम की सराहना की है। उनका कहना है कि इस तरह की व्यवस्था से कांवड़ यात्रा में आने वाले श्रद्धालुओं को शांति और श्रद्धा के साथ अपनी यात्रा पूरी करने में सुविधा मिलेगी।

## घर में घुसकर युवक पर चाकुओं से हमला

**खतौली।** खतौली क्षेत्र में आपसी रंजिश के चलते एक युवक पर घर में घुसकर चाकुओं से हमला करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे परिजनों ने आनन-फानन में स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया। पीड़ित ने कोतवाली पहुंचकर नामजद आरोपियों के खिलाफ तहरीर दी, जिसके आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, मिंटू पुत्र राज सिंह निवासी खतौली शनिवार देर शाम अपने घर के बाहर बैठा था। तभी करीब आधा दर्जन युवक वहां पहुंचे और उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। जान बचाकर मिंटू जब घर के अंदर भागा तो आरोपी भी उसके पीछे घर में घुस गए और धारदार हथियारों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। चाकुओं से घायल मिंटू लहूलुहान हालत में जमीन पर गिर पड़ा। शोर-शराबा सुनकर आसपास के लोग और परिजन मौके पर पहुंचे, तब तक हमलावर फरार हो चुके थे। परिजनों ने घायल मिंटू को स्थानीय सीएचसी पहुंचाया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे मुजफ्फरनगर रेफर कर दिया गया। घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जानकारी ली। घायल युवक ने परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचकर आरो. पियों के खिलाफ नामजद तहरीर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाल ने बताया कि घटना में शामिल हमलावरों की पहचान कर ली गई है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पुलिस का कहना है कि मामले की गंभीरता को देखते हुए आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## रालोद नेत्री ने सीएमओ पर जड़े गंभीर आरोप

**बुढ़ाना।** राष्ट्रीय लोकदल महिला प्रकोष्ठ की महासचिव श्रीमति अनुपमा चौधरी ने आज शुक्रवार के दिन एसडीएम बुढ़ाना मोनालिसा जौहरी को एक ज्ञापन देते हुए जनपद मुजफ्फरनगर के सीएमओ पर ही गंभीर आरोप जड दिए। उन्होंने एसडीएम बुढ़ाना मोनालिसा जौहरी को बताया कि जनपद मुजफ्फरनगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने बुढ़ाना कस्बे में विगत दिनों हुए एक मामले की जांच करते हुए बताया था कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डाक्टर अर्जुन सिंह का तबादला कर दिया गया है लेकिन सीएमओ ने साज करके सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डाक्टर अर्जुन सिंह का तबादला कुछ ही घंटों बाद रोक दिया। उनका तबादला किसके कहने पर और क्यों रोका गया ये जांच का विषय है। इस मामले की जांच होनी बहुत ही जरुरी है। उन्होंने इस मामले की शिकायत डीएम, प्रमुख सचिव स्वास्थ्य उत्तर प्रदेश, एडीशनल डायरेक्टर स्वास्थ्य सहारनपुर मण्डल, उप मुख्यमन्त्री, स्वास्थ्य मन्त्री यूपी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी इसकी शिकायत भेजी है। दूसरी और उन्होंने खुली चेतावनी दी कि अगर एक-दो दिन में विवादों में घिरे सीएचसी प्रभारी का तबादला न हुआ तो वे सीएमओ को चूड़ियां भेंट करेंगी।

## हरियाणा सीएम ने पूर्व सीएमओ को दी बर्थडे की बधाई

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव कुरथल निवासी पूर्व सीएमओ और कांग्रेस एससीएसटी सेल के प्रदेश सचिव डाक्टर जगबीर सिंह को हरियाणा राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने एक मैसेज के जरिए जन्मदिन की मुबारकबाद दी है। मुख्यमंत्री नायब सिंह ने कहा है कि मेरे आदरणीय सम्मानीय डाक्टर जगबीर सिंह आपको जन्मदिन की बहुत बहुत शुभकामनाएं आशा है आप स्वस्थ और कुशल होंगे। आप जीवन में नित नए बसंत देखे, स्वस्थ रहें, खुश रहें और उन्नति करते रहें यही मेरी प्रार्थना है।

हरियाणा प्रदेश के विकास और उन्नति में आपका महतवपूर्ण योगदान रहा है। आपका साथ और आशीर्वाद आपके इस नायब सिंह पर सदा बना रहे। आने वाले जीवन की यह यात्रा मंगलमय हो इन्हीं शुभकामनाओं के साथ पुनः आपको जन्मदिन की बहुत बहुत बधाई। आपका अपना नायब सिंह मुख्यमंत्री हरियाणा। इस पर पूर्व सीएमओ और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता डाक्टर जगबीर सिंह ने बताया कि हमारी कांग्रेस की आईटी सेल इतनी एक्टिव नहीं है जितनी बीजेपी की है। में काँग्रेस का सिपाही हूं फिर भी हरियाणा के मुख्यमंत्री ने इतनी बड़ी दरिया दिली दिखाई है कि उन्होंने मुझे मेरे जन्म दिन 10 जुलाई को ये बधाई सन्देश कर अपने सदाचार का एक नमूना पेश किया है। मैं उनका बहुत बहुत धन्यवाद करता हूं। मैं कभी भी उनसे मिला नहीं हूं। हमारी कांग्रेस की प्ज सेल भी सभी कांग्रेसियों का एक डाटा तैयार करे और अपने कार्यकर्ताओं का ख्याल रखे और उन्हें ऐसे मौकों पर याद करें ताकि कांग्रेसियों को लगे कि कांग्रेस हमे हमेशा याद रखती है। इससे कांग्रेसी और अधिक ऊर्जा से कांग्रेस के लिए काम करेंगें।

## एसडीएम से 50 मीटर का मार्ग बनवाने की मांग

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव लुहसाना मे स्थित एक बंद गली के 50 मीटर मार्ग को बनवाने की गुहार एसडीएम से एक ग्रामीण द्वारा लगाई गयी है। विशाल सैनी पुत्र जसवंत सिंह निवासी ग्राम लुहसाना ने बुढ़ाना एसडीएम मोनालिसा जौहरी को एक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि उसका मकान वाल्मिकि मन्दिर के पास है। मकान के सामने छोटी गली है। गली से ही आधे से ज्यादा गांव का आना जाना होता है क्योंकि गली मेन रास्ते को जोडती है। गली से ही प्राथमिक विद्यालय नंबर एक, प्राथमिक विद्यालय नंबर दो, भारत सेवक समाज इंटर कॉलेज लुहसाना और सागर दीप शिखा जूनियर हाई स्कूल में बच्चे पढने के लिये जाते हैं यानि गली से ही 4 स्कूल के बच्चे पढने जाते है किन्तु गली टूटी हुई होने के कारण नाली का गन्दा पानी व कीचड गली मे ही भरा रहता है। जिस कारण छोटे छोटे बच्चे कीचड मे फिसल जाते हैं और उनके कपडे गंदे होने के साथ चोटें भी लगती है। गली के कीचड को उसके और अन्य व्यक्तियो के द्वारा साफ करते 5 वर्ष हो गये हैं किन्तु गली की ओर किसी का भी ध्यान नही है। सभी व्यक्ति यह बोलकर निकल जाते हैं कि इस गली का कभी उद्धार नही होगा। कोई मदद नही करता है। इसलिये में गांव का होने के नाते आपके पास केवल स्कूल के बच्चो के कारण इस समस्या को लेकर आया हूं। मेरे घर से लेकर जोहड तक जो करीब 50 मीटर का रास्ता है उसे बनवाकर समस्या का समाधान करें।

# आदित्य कुमार ने अमेरिका में आयोजित विश्व पुलिस एवं फायर गेम्स में जीता स्वर्ण पदक

**शाह टाइम्स संवादाता**

**मोरना।** गांव ककराला निवासी आदित्य कुमार ने अमेरिका के बर्मिंघम शहर में आयोजित विश्व पुलिस एवं फायर गेम्स में दौड व 9एमएम पिस्टल फायर में स्वर्ण पदक जीतकर परिवार सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। आदित्य की इस उपलब्धि पर क्षेत्रवासियों ने उन्हें बधाई दी है।

मोरना ब्लॉक क्षेत्र के गांव ककराला निवासी विरेन्द्र के पुत्र आदित्य कुमार ने अमेरिका के बर्मिंघम शहर के अलवामा में आयोजित 21वें ब्श्वि पुलिस एवं फायरिंग गेम्स में बायथलोन 4800 मीटर दौड व 9एमएम पिस्टल फायर में स्वर्ण पदक जीतकर क्षेत्र सहित देश का नाम रोशन किया है। यह स्पर्धा अमे. रिका के बर्मिंघम शहर में 27 जून से 6 जौलाई तक आयोजित की गई थी, जिसमें ब्श्वि भर से लगभग 17000 खिलाडियों ने प्रतिभाग किया था। आदित्य कुमार इस स्पर्धा में खिलाडी के अलावा बतौर अनुशासन अधिक. ारी भी नियुक्त थे। आदित्य कुमार की इस उपलब्धि से प्रतिनिधियों व गणमान्यों ने शुभकामनाएं दी हैं।

# कांग्रेस जिलाध्यक्ष का बुढ़ाना में स्वागत

**बुढ़ाना।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष सतपाल कटारिया कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर जावेद उस्मानी के बुढ़ाना कस्बे के मौहल्ला काजीवाडा में स्थित आवास पर अपने समर्थकों के साथ में पहुंचे।

जिलाध्यक्ष सतपाल कटारिया ने मंडल कमेटियों के सर्जन और उनके विस्तार की चर्चा की। तदोपरांत गांव मंदवाड़ा में स्थित सलीम मुखिया के आवास पर बुढ़ाना ब्लॉक कमेटी की मीटिंग करते हुए ब्लॉक अध्यक्ष गुलज़ार राणा और सभी कार्यकर्ताओं से कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने बताया कि जिले की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में प्रत्येक गांव में जाकर मंडल और बूथ की कमेटियों का सर्जन का कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसी श्रृंखला में वे आज पहले ब्लॉक बघरा में ब्लॉक



अध्यक्ष अमित कुमार के यहां मीटिंग कर अब बुढ़ाना क्षेत्र में पहुंचे हैं। इस मीटिंग में कांग्रेस जिला उपाध्यक्ष डॉक्टर जावेद उस्मानी, मुखिया सलीम राणा, नरेश भारती, जयपाल सिंह, अमित कुमार ब्लॉक अध्यक्ष बघरा, ब्लॉक अध्यक्ष बुढ़ाना गुलज़ार जोला, वकील राणा, आकिल राणा, सद्दाम, राजेश कुमार, इकबाल मलिक, अमीर और सूफियान उस्मानी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## ईओ के न होने से कांवड़ सहित विकास कार्य हो रहे प्रभावित

**चरथावल।** नगर पंचायत मे करीब एक माह पूर्व अधिशासी अधिकारी नीलम पाण्डेय का तबादला शासन के आदेशानुसार चरथावल से मीरापुर नगर पंचायत किया गया था तब से लेकर आज तक नगर पंचायत चरथावल मे अधिशासी अधिकारी न होने से जहाँ विकास कार्यो को धक्का लगा है वही भारी बरसात और कावड़ यात्रा के कार्यो मे भी शिथिलता नजर आ रही है वही ईओ के न होने से शासन की अनेको योजनाओं के तहत होने वाले विकास कार्य भी अधूरे पड़े हुए है भारी बरसात के कारण नगर मे राजीव मार्किट,मुर्दापटी, इमामबाड़ा, ठाकुरद्वारा आदि स्थानों पर गलिया टापू बनी नजर आयी नगर पंचायत चरथावल मे अधिशासी अधिकारी के न होने से जहाँ कर्मचारियों के वेतन के लाले पड़े है वही छोटे छोटे विकास कार्यों मे भी अडचने आ रही है।

# सख्त विवेचना से सवा 3 वर्ष में ही आया फैसला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** जनपद बिजनौर के नजीबाबाद सर्किल के तत्कालीन पुलिस क्षेत्राधिकारी गजेंद्र पाल सिंह जो कि अब वर्तमान में जनपद मुजफ्फरनगर के बुढ़ाना सर्किल के पुलिस क्षेत्राधिकारी हैं उनकी सख्त विवेचना के चलते एक पीड़ित परिवार को कुल सवा 3 वर्ष में ही न्याय मिल गया। जिसकी प्रशंसा नजीबाबाद व बुढ़ाना क्षेत्र में भी हो रही है।

जिस मामले में फैसला आया है वो मामला दलित महिला पर जानलेवा हमले से जुड़ा है। जिसमें कोर्ट ने दो दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इसमें हिस्ट्रीशीटर भी शामिल है। पुरानी रंजिश में दलित महिला पर जानलेवा हमला करने के केस मे न्यायालय ने बड़ी कार्रवाई करते हुए हिस्ट्रीशीटर सहित 2 आरोपियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है और साथ ही दोनों दोषियों पर 84 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। यह फैसला अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण विशेष न्यायालय ने सुनाया है।

बिजनौर जिले के थाना किरतपुर क्षेत्र के गांव शादीपुर जैना मे बीते 20 मार्च 2022 को कुंदेश पत्नी महावीर पर जान से मारने की नीयत से गोली चली थी। तब किरतपुर पुलिस ने गांव के हिस्ट्रीशीटर राजन पुत्र नरपल व औरंगपुर नंदलाल निवासी रिपुल पुत्र दिग्विजय के विरुद्ध केस दर्ज किया था। सीओ नजीबाबाद गजेंद्र पाल सिंह जो अब बुढ़ाना सीओ हैं कि सख्त विवेचना, मॉनिटरिंग सेल की सक्रिय पैरवी के चलते दोनों आरोपियों को न्यायालय ने दोषी करार दिया है।

विशेष न्यायाधीश ने दोनों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है साथ में 42-42 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। पुलिस विभाग ने इस सजा को कानून व्यवस्था की सख्ती व पीड़ितों को न्याय दिलाने की दिशा में अहम उपलब्धि बताया है। उधर बुढ़ाना सीओ गजेंद्र पाल सिंह ने कहा कि गुंडों के विरुद्ध उनकी कार्यवाही जारी रहेगी और यही अभियान उन्होंने बुढ़ाना में भी चलाया हुआ है।

## कृषि को बढ़ावा देने के लिए पीएनबी करेगा कार्य

**मोरना।** शुक्रवार को पंजाब नेशनल बैंक के द्वारा पूरे देश भर में एग्रीकल्चर को बढ़ावा देने के लिए एग्रीकल्चर आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन आर सेटी संस्थान मोरना मे किया गया । पंजाब नेशनल बैंक से जुड़े आर सेटी संस्थान मे आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित किसान भाईयो और बहनों को पीएनबी की ख्रषि ;ण के बारे में जानकारी दी गई साथ ही संस्थान के निदेशक संजय कुमार ने संस्थान में चलने वाले कार्यक्रमों के बारे में विस्तार से जानकारी दीद्य अधिकारियों ने अपने सम्बोधन मे अधिक से अधिक बैंक से जुड़ने का आह्वान कियाद्य महाप्रबंधक विक्रमजीत सिंह सोम ने सभी अभ्यर्थियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी और उनसे निवेदन किया कि वह पीएनबी से अच्छा संबंध बनाएं पीएनबी द्वारा जारी ख्रषि ;ण योजनाओं की विस्तार से जानकारी देकर लाभ लेने की अपील की।

# नहर पर खड़े कांवड़िए को पड़ा दौरा

**शाहटाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** कांवड़ यात्रा के दौरान खतौली गंगनहर पर उस वक्त अफरातफरी मच गई जब एक शिवभक्त को अचानक दौरा पड़ गया और वह नहर किनारे जमीन पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। सिर में गंभीर चोट लगने के बाद उसे तत्काल सीएचसी में भर्ती कराया गया।

हरिद्वार से गंगाजल लेकर लौट रहे कांवड़िए बंदी पुत्र राजकुमार निवासी बिहार अपने साथी गोलू पुत्र प्रकाश के साथ खतौली नहर पर पहुंचे थे। इसी दौरान बंदी को अचानक दौरा पड़ा और वह खड़े-खड़े जमीन पर गिर पड़ा। गिरते ही उसके सिर में गंभीर चोट लग गई, जिसे देख मौके पर मौजूद अन्य श्रद्धालुओं और पुलिस प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायल शिवभक्त को तत्काल खतौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) पहुंचाया, जहां डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद उसे छुटी दे दी गई। घटना के बाद नहर किनारे कुछ समय तक अफरातफरी का माहौल बना रहा। हालांकि पुलिस और प्रशासन की सतर्कता के चलते स्थिति पर जल्द ही काबू पा लिया गया। श्रावण मास के चलते कांवड़ यात्रा के दौरान प्रशासन हर स्तर पर सतर्क नजर आ रहा है। अधिकारियों ने अपील की है कि शिवभक्त अपनी स्वास्थ्य स्थिति का ध्यान रखते हुए यात्रा करें और किसी भी आपात स्थिति में तुरंत पुलिस या प्रशासन से संपर्क करें।

# मंदिर पर गिरी आकाशीय बिजली, जली संत की कुटिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** तेज बारिश के दौरान बहेड़ा जौली मार्ग स्थित सादात गांव स्थित मंदिर में तेज धमाके के साथ आकाशीय बिजली गिर गयी जिससे लाखो का नुकसान हुआ है साथ ही परिसर मे बनी संतो की कुटिया जल गयी है।

ककरौली थाना क्षेत्र के गांव बहेड़ा सादात मे जौली मार्ग स्थित प्रसिद्ध हरिओम श्री सिद्धपीठ शिव मंदिर में शुक्रवार की दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से लाखों रुपये का नुकसान हो गया तथा मंदिर परिसर में बनी संतों की कुटी को भी नुकसान हुआ है। मंदिर के पुजारी स्वामी धर्मानन्द गिरी महाराज ने बताया की बिजली गिरने से वहां रखी बैटरी सेट, अनाउंसमेंट सिस्टम, स्पीकर, सोलर पैनल और अन्य विद्युत उपकरण जलकर क्षतिग्रस्त हो गए।बिजली गिरने से मंदिर परिसर में हेंडपम्प की चौकी भी चटक गई और उसके आसपास की दीवारों में दरारें आ गई। घटना के समय बारिश के चलते मंदिर में कोई मौजूद नहीं था, जिससे कोई जनहानि नहीं हुई है। मंदिर के पुजा. रियों व ग्रामीणों ने प्रशासन से मदद की मांग की है।

ग्रामीणों ने बताया कि बारिश के दौरान अचानक तेज गर्जना के साथ बिजली कुटी पर गिरी, जिससे आस पास क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। वही प्रशासनिक अधिकारियों को सूचना दे दी गई है।

## यूनियन बैंक ने बच्चों को पर्यावरण की महत्ता समझाई

**बुढ़ाना।** श्री चौतन्य टेक्नो स्कूल बुढ़ाना में ग्रीन इंडिया मिशन हरित भारत अभियान के अंतर्गत एक विशेष वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रितेश बालियान मैनेजर यूनियन बैंक ऑफ इंडिया बुढ़ाना ने बच्चों को पर्यावरण संरक्षण के महत्व के प्रति जागरूक किया।उन्होंने बताया कि हरित भारत मिशन वृक्षारोपण पर्यावरण एवं सामाजिक विकास संघ ने 15 अगस्त 2004 से ग्रीन इंडिया मिशन वृक्षारोपण कार्यक्रम की शुरुआत की थी। सभी ने पर्यावरण संतुलन, स्वच्छ वायु और हरियाली के महत्व को समझते हुए भविष्य में भी इस दिशा में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम विद्यालय के सभी प्रबंधकों, शिक्षकों एवं अभिभावकों के सहयोग से अत्यंत सफल प्रेरणादायक एवं बहुत ही सराहनीय रहा।

# सुहैल व उजेर का हौंसला बढ़ाने पहुंचे कपिल देव

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद के दो युवाओं ने NEET-UG 2025 में सफलता हासिल कर जिले का नाम रोशन किया है। इनमें से एक मोहम्मद सुहैल हैं, जो एक रिक्शा चालक के बेटे हैं और उन्होंने चौथे प्रयास में 11214वीं रैंक हासिल की है। दूसरे हैं मोहम्मद उज्जैर, जिन्होंने पहले ही प्रयास में सफलता प्राप्त की है।

**मोहम्मद सुहैल की कहानी**

- रिक्शा चालक पिता इजरार और माता शबाना प्रवीन के बेटे सुहैल ने अपनी मेहनत और संघर्ष से यह सफलता हासिल की है।
- सुहैल की इस उपलब्धि से उनके मोहल्ले में जश्न का माहौल है और पूरा क्षेत्र गर्व महसूस कर रहा है।

**मोहम्मद उज्जैर की कहानी**

- सोफिया स्कूल के छात्र रहे उज्जैर ने पहले ही प्रयास में छम्म्ज परीक्षा पास कर अपने माता-पिता और पूरे समाज को गौरवान्वित किया है।
- उज्जैर की सफलता यह दर्शाती है कि यदि शुरू से ही लक्ष्य के प्रति एकाग्रता और मेहनत हो, तो सफलता पहली ही बार में संभव है।

**सरकारी प्रतिक्रिया**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इन दोनों विद्यार्थियों की सफलता को विशेष सराहना प्रदान करते हुए राज्य मंत्री कपिल देव अग्रवाल को निर्देशित किया कि वे व्यक्तिगत रूप से दोनों परिवारों के घर जाकर उन्हें सम्मानित और सम्मानित करें।

- मंत्री अग्रवाल ने दोनों युवाओं की सफलता को समाज के लिए प्रेरणादायक बताया और कहा कि सरकार ऐसे मेधावी विद्यार्थियों को हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए तत्पर है।



## टोल कर्मियों के रोकने पर धरने पर बैठे भाकियू कार्यकर्ता

**छपार।** हाइवे के छपार टोल प्लाजा पर भाकियू उत्तराखंड के प्रदेश कोषाध्यक्ष सुक्रमपाल सिंह की कार निकल रही थी। टोल कर्मियों ने कहा कि आज तो कार ले जाओ। कल से सभी को टोल देना होगा जिस पर पुरकाजी ब्लाक अध्यक्ष मोनू प्रधान के नेतृत्व में कार्यकर्ता धरने पर बैठ गये। घंटों तक चले धरने पर टोल मेनेजर ने सभी मांगे मान ली ओर एक ज्ञापन देकर धरना समाप्त किया गया।

## सोलह वर्षीय छात्र लापता

**चरथावल।** क्षेत्र के गांव कूल्हेड़ी निवासी सोलह वर्षीय छात्र सुंदर पुत्र धर्मेंद्र जोकि गुरुवार को दोपहर के समय घर से किताबें लेने को कहकर चरथावल आया था तभी से छात्र सुन्दर वापिस नहीं लोटा है छात्र के पिता धर्मेंद्र ने चरथावल पुलिस को तहरीर देते हुए पुत्र को बरामद करने की मांग की है।

**संबंध विच्छेद सूचना**

मेरी पुत्री प्रीति पुत्री स्व. सालिकराम मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने मे नही है। उसका आचरण ठीक नहीं है और उसके गलत व्यक्तियों के साथ नाजायज सम्बन्ध है गलत प्रकार के लोगो के साथ उठना बैठना है। प्रीति 15 वर्ष पूर्व घर से चली गयी थी जिस कारण मैने उसको अपने स्व. पति व अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति से बेदखल कर उससे और अपने परिवार से सभी पारिवारिक सम्बन्ध विच्छेद कर लिए हैं। भविष्य में उसके किसी भी कृत्य व लेन देन की किसी प्रकार की कोई जिम्मेदारी मेरी या मेरे परिवार के अन्य सदस्यों की नही होगी। अपने कृत्य व लेन देन या वाद विवाद की प्रीति स्वयं जिम्मेदार होगी। **श्रीमति शकुन्तला**

**पत्नि स्व. श्री सालिकराम**
**निवासी-मकान नं० 385,**
**मौहल्ला सुभाषनगर**
**थाना नई मण्डी**
**जिला मुजफ्फरनगर।**

# एबीवीपी ने मनाया स्थापना उत्सव

**मंसूरपुर।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा एबीवीपी के स्थापना दिवस के उपलक्ष में छात्र उत्सव कार्यक्रम का आयोजन जडौदा स्थित होली चाइल्ड पब्लिक इण्टर कॉलेज में किया गया। छात्र उत्सव का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निरवाल, मुख्य वक्ता एबीवीपी की राष्ट्रीय मंत्री क्षमा शर्मा, कार्यक्रम अध्यक्ष प्रधानाचार्य प्रवेन्द्र दहिया, विभाग संगठन मंत्री ओजेश गौर, वैभव चौधरी, अर्जुन मलिक, आकाश बालियान, आकाश भारती, वैभव चौधरी, अर्जुन मलिक, प्रियांशी, प्रियांशु, अनंत ने दीप प्रज्जवलित कर किया। जिला पंचायत अध्यक्ष डा. वीरपाल निर्वाल ने विद्यार्थियों को खेल में प्रतिभाग करके हमेशा स्वस्थ रहने के लिए शुभाशिष किया। एबीवीपी की राष्ट्रीय मंत्री क्षमा शर्मा ने कहा कि एबीवीपी 76 वर्ष पूर्ण हो चुके हैं एबीवीपी ब्श्वि का सबसे बड़ा छात्र संगठन है।वह निरंतर समाज के भीतर व कॉलेज कैंपस के अंदर सक्रिय रहकर विद्यार्थियों के अंदर राष्ट्रवाद की भावना को जागृत करने का कार्य करता है। यहां आकाश बालियान, वैभव चौधरी, जयदीप गौड, पवन सिवाच, यश लोहान, रामानंद रावल, अनुराग त्यागी, विवेक सैनी, प्रियांशी अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## डाक्टर व रिश्तेदार पर स्कूल कब्जाने व हमला करने का आरोप

**खतौली।** मेरठ के एक प्रसिद्ध डॉक्टर की रिश्तेदार ममता दत्त शर्मा पर खतौली स्थित लाल दयाल पब्लिक स्कूल पर कब्जा करने की साजिश और स्कूल के उप सचिव पर प्राणघातक हमला कराने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित राजवीर सिंह ने मामले की शिकायत मुख्यमंत्री को भेजी है। राजवीर सिंह कस्बा खतौली के मोहल्ला दयालपुरम निवासी हैं और वे संत बाबा लाल दयाल जी की स्मृति में संचालित हो रहे लाल दयाल पब्लिक स्कूल के उप सचिव हैं। उन्होंने बताया कि 19 मई 2025 को जब वह स्कूल परिसर में बने मंदिर में पूजा कर रहे थे, तभी ममता दत्त शर्मा, स्कूल की तत्कालीन प्रधानाचार्य, पीटीआई और कुछ अन्य बाहरी लोगों ने स्कूल में घुसकर उन पर जानलेवा हमला किया। हमलावर उन्हें मरणासन्न हालत में छोड़कर फरार हो गए।पीड़ित के अनुसार, हमले की पूरी घटना स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरों में कैद है, जिसमें मुख्य आरोपित समेत अन्य हमलावरों की पहचान स्पष्ट रूप से की जा सकती है। घटना के बाद राजवीर सिंह ने थाना खतौली में नामजद तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। बावजूद इसके, घटना को एक माह से अधिक का समय बीत चुका है, लेकिन पुलिस ने अब तक मुख्य अभियुक्ता ममता दत्त शर्मा सहित अन्य के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की है।राजवीर सिंह का आरोप है कि थाना पुलिस आरोपियों से मिली हुई है और मामले में लीपापोती कर रही है।

# टिकैत के साथ रहे भाकियू के वृद्ध नेता हुए एकत्रित

**बुढ़ाना।** शुक्रवार के दिन बुढाना कस्बे में बुढाना कोतवाली के पीछे स्थित रोड के समीप रहने वाले वृद्ध किसान नेता चौधरी कृष्णपाल सिंह तोमर के आवास पर एक आवश्यक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भारतीय किसान यूनियन के संस्थापक चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के साथ साथ रहने वाले वृद्ध भाकियू नेताओं ने बढ़ चढ़कर भाग लिया। बैठक में तय किया गया कि आगामी 28 जुलाई को बुढ़ाना कस्बे में स्थित तहसील परिसर में एक बड़े कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमे भारतीय किसान यूनियनघ के राष्ट्रीय प्रवक्ता चौधरी राकेशघ टिकैत खुद अपने कर कमलों के द्वारा अपने पिता चौधरी महेंद्र सिंह टिकैत के उन साथियों को सम्मानित करेंगे जो पूर्व में समय समय पर होने वाले आंदोलनों में अपना घर बार छोड़कर जेल गये थे। इसके अलावा उन सभी



किसानों को भाकियू का प्रस्शति पत्र भी दिया जाएगा और जिन आंदोलनकारियों की मृत्यु हो चुकी है उनके बच्चों को सम्मानित किया जाएगा। बैठक के बाद सभी वृद्ध भाकियू नेता बुढ़ाना एसडीएम मोना. लिसा जौहरी से मिले और उनको बताया कि आगामी 28 जुलाई को तहसील परिसर में चौधरी राकेश टिकैत का कार्यक्रम प्रस्तावित है। तहसील परिसर की साफ सफाई करवा दी जाए। जिस पर एसडीएम मोनालिसा जौहरी ने सभी कोघ साफ सफाई का आश्वासन दिया है। बैठक में चौधरी कृष्णपाल तोमर, बिजेंद्र राठी इटावा, चंपत माजरा, श्याम सिंह उमरपुर, ऋषिपाल सैनी लुहसाना, जगपाल बिटावदा, महमूद कल्याणपुर, लाल्ला विज्ञाना, फैरु सिंह चंधेडी और सुरेंद्र सिंह मौहम्मदपुर रायसिंह सहित अन्य वृद्ध किसान नेता उपस्थित रहे।

**प्रेस विज्ञप्ति**

श्री सुनील कुमार पुत्र श्री हीरालाल निवासी म0स0 67-बी पीठ बाजार, नई मण्डी मुजफ्फरनगर द्वारा स्व0 श्रीमती जगवती देवी पत्नी स्व0 हीरालाल निवासी 86-बी वकील रोड नई मण्डी मुजफ्फरनगर द्वारा निष्पादित वसीयत दिनांकित 02.12.2022 पंजीकरण हेतु प्रस्तुत किया गया है। दावाकर्ता के अनुसार निष्पादक की मृत्यु दिनांक 15.01.2023 को हो गई है। अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि उक्त वसीयत के पंजीकरण के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो, इस विज्ञप्ति के प्रकाशन की तिथि से एक सप्ताह के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के समक्ष लिखित रूप में साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकता है। यह स्पष्ट किया जाता है कि यदि उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्रस्तुत नहीं होती है तो प्रस्तुत वसीयत का नियमानुसार पंजीकरण कर दिया जायेगा।

(सुरेश कुमार लाल)
उप निबंधक खतौली, मुजफ्फरनगर

**Name Change**

I ANKIT W/O SIDHARTH BALIYAN R/O 38 JANSATH ROAD SAHAWALI MUZAFFARNAGAR UP PIN 251001 HAVE CHANGED MY NAME FROM ANKIT TO ANKIT BALIYAN FOR ALL PURPOSE IN FUTURE.

# आर्थिक तंगी से त्रस्त दम्पति ने की आत्महत्या

## बेटे की मौत का गम व बीमारी से थे परेशान, पुलिस को मौके से मिला जहरीला पदार्थ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नगर के थाना नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के महता क्लब के निकट किराये के मकान में रहने वाले दम्पत्ति के शव उनके कमरे में पडे हुए मिले। बेटे की सूचना पर यहां पहुंची पुलिस ने किसी तरह बंद दरवाजे को खोला और अंदर जाकर देखा तो शव के पास कुछ जहरीला पदार्थ व पन्नियां तथा दो गिलास रखे हुए मिले जिससे पुलिस का कहना है कि जहरीला पदार्थ खाकर पति-पत्नी ने अपनी जीवन लीला समाप्त की है। रिश्तेदार व परिचितों का कहना है कि आर्थिक तंगी, बेटे की मौत का गम व बीमारी से जूझने के कारण शायद ही दम्पत्ति ने यह कदम उठाया है। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।



मृतक दम्पत्ति का फाइल फोटो।

मूलरूप से नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के बिलासपुर के रहने वाले 65 वर्षीय अशोक गोयल पुत्र ब्रजमोहन 4-5 वर्ष से मंडी क्षेत्र के बिन्दल मार्किट महता क्लब के निकट अपनी पत्नी 60 वर्षीय पुष्पा के साथ किराये के मकान पर रहते थे यह मकान शिवा होटल वालों का है। शुक्रवार को अशोक गोयल के बेटे अनुभव गोयल ने नई मंडी पुलिस को सूचना देकर बताया कि उनके माता-पिता फोन नहीं उठा रहे है और दरवाजा भी नहीं खुल रहा है। यह खबर अनुभव ने अपने चाचा प्रदीप गोयल को दी तो पुलिस और प्रदीप गोयल तथा अन्य रिश्तेदार यहां पहुंच गए। पुलिस ने दरवाजा तोडकर अन्दर प्रवेश किया और वहां का नजारा देखकर जहां पुलिस दंग रह गई वही परिवार की आंखे भी नम हो गई, क्योकि कमरे के अंदर अशोक गोयल व उनकी पत्नी पुष्पा रानी के शव पड़े हुए थे। सूचना के बाद विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम भी मौके पर पहुंच गई और पुलिस ने छानबीन शुरू कर दी। पुलिस को घटना का संदेह उस वक्त ही हो गया था जब पडोसी की छत से चढ़कर अशोक गोयल के कमरे तक पहुंचना पडा। पुलिस ने छानबीन की तो मौके से दो गिलास मिले और पास ही कुछ पन्नियां व कुछ सलफाश घुला पानी भी मिला ऐसा पुलिस का कहना है। पुलिस ने जहरीला पदार्थ, पन्नियां व दोनो गिलास अपने कब्जे में करते हुए दोनो शवों का पंचनामा भरा और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस व मौके पर मौजूद कुछ रिश्तेदारों का कहना है कि अशोक गोयल का पिछले वर्ष कैंसर का ऑपरेशन हुआ था जिसमें लाखों रूपये का खर्च आया था। और उनके बेटे अभिनव की पिछले वर्ष मौत हो गई थी। रिश्तेदारों का यह भी कहना है कि वैसे तो अशोक गोयल करोडपति थे, लेकिन फिलहाल वह आर्थिक तंगी में चल रहे थे, क्योकि उनका सबकुछ बिक चुका था।

अशोक कुमार का बेटा अनुभव भी कुछ दिनों से अपनी पत्नी के साथ बाहर रहता है। कुल मिलाकर पुलिस छानबीन में अब तक यही सामने आ रहा है कि आर्थिक तंगी, बेटे की मौत का गम और बीमारी के चलते दम्पत्ति ने यह कदम उठाया है।

## भ्रामक खबर प्रसारित करने वाले पर मुकदमा दर्ज

**मुजफ्फरनगर।** सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर खबरफास्ट हैंडल द्वारा जनपद से सम्बन्धित एक पोस्ट की गयी। जिसमें लिखा गया कि मुजफ्फरनगर से लेकर रूडकी तक कांवडियो ने किया बवाल, सड़क बन गई अखाडा, जमकर हुई तोडफोड।

उक्त पोस्ट में दर्शायी गयी फोटो वर्ष 2024 की है, जिस पर छपार थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। तथा पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी की तैयारी भी शुरू कर दी है। साथ ही पुलिस की ओर से उक्त भ्रामक पोस्ट का खंडन किया गया है तथा उक्त पोस्ट को करने वाले हैंडल करने वाले खबरफास्ट के संचालक पर शि. कंजा कसते हुए साइबर थाने पर भी संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस अधिकारियों ने इस मामले में कड़ा रूख अपनाते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के भी निर्देश दिए है।

# मासूम की तालाब में डूबने से मौत

## ट्रक ने बाइक सवार सॉफ्टवेयर इंजीनियर को कुचला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अलग-अलग समय में हुई दुर्घटनाओं में जहां एक मासूम की झोहड में नहाते समय मौत हो गई। वहीं मखियाली के निकट बाइक सवार सॉफ्टवेयर इंजीनियर को कुचल डाला। अस्पताल लाने के बाद डॉक्टरों ने उसको मृत घोषित कर दिया। मखियाली गांव झोहड मे डूबा बच्चा करीब दो घंटे बाद घहरे पाने से बरामद हुआ। इस घटना से परिवार में कोहराम मच गया। बच्चे के पिता की पहले ही मौत हो चुकी है और उसकी माँ फैक्ट्री में मजदूरी करती है। सॉफ्टवेयर इंजीनियर की मौत ने भी परिवार को जझकोर कर रख दिया है।

नई मंडी कोतवाली क्षेत्र के निकटवर्ती गांव मखियाली निवासी उस्मान की विगत वर्ष मौत हो चुकी है। उस्मान की पत्नी अपने मासूम बच्चों के पालन पोषण के लिए एक फैक्ट्री में मजदूरी करती है। बताया जाता है कि मृतक उस्मान का तेरह वर्षीय बेटा अयान गांव के बच्चों के साथ झोहड में नहाने के लिए गया था। नहाते-नहाते मासूम अयान घहरे पानी में चला गया।

साथी को डूबते देख झोहड में नाह रहे अन्य बच्चे गुपचुप तरीके से फरार हो गए। किसी तरह यह खबर गांव में फैली तो ग्रामीण मौके पर पहुंचे। करीब दस युवकों ने जहां पानी के अन्दर बच्चे की तलाश शुरू की वहीं गांव के कुछ युवक कांटो डालकर बच्चे को तलाशने लगे।

करीब दो घंटे बाद अयान झाडियों के नीचे फंसा हुआ पाया उसका शव झोहड से बाहर निकाला तो परिवार में कोहराम मच गया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस ने इस मामले में कार्यवाही कर दी थी। वहीं दूसरी ओर सिखेडा थाना क्षेत्र के गांव भण्डूरा निवासी अनिल कुमार 34 वर्ष पुत्र बाबूराम सॉफ्टवेयर इंजीनियर था। उसने विश्वकर्मा चौक पर इलेक्ट्रॉनक शोरूम भी खोल रखा था। बताया जाता है कि गुरूवार की रात वह बाइक द्वारा अपने गांव भण्डूरा लौट रहा था जैसे ही वह मखियाली के निकट पहुंचा तो अचानक ट्रक ने अनिल को अपनी चपेट में ले लिया। अनिल इस घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया।

ग्रामीणों की सूचना पर नई मंडी पुलिस मौके पर पहुंची। ग्रामीणों का कहना है कि घटना ट्रक से हुई है पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और दुर्घटना करने वाले ट्रक व चालक की तलाश शुरू करते हुए आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरे खंगाले है।



मुजफ्फरनगर: शिवचौक की परिक्रमा कर गंतव्य की ओर बढ़ता शिवभक्तों का जत्था।

# कांग्रेस ने दीपक को बनाया जोनल प्रभारी

## छह जोन में पूर्व सांसद, पूर्व विधायक व पूर्व मंत्रियों को सौंपी जिम्मेदारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राजनीतिक पटल से लगभग गायब हो चुकी कांग्रेस ने अब मिशन 2027 विधानसभा चुनाव और उससे पूर्व होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव को ध्यान में रखते हुए पश्चिम उत्तर प्रदेश में संगठन को नए सिरे से खडा करने की कवायद शुरू कर दी है। इसके तहत कांग्रेस हाईकमान ने पूर्व सांसद, मंत्री, विधायक और पूर्व विधायकों को छह जोनों में जोनल कोऑर्डिनेटर (जोनल प्रभारी) नियुक्त किया है।



पूर्व मंत्री दीपक कुमार

मुजफ्फरनगर से पूर्व मंत्री दीपक कुमार को जोन का प्रभारी बनाया गया है। दीपक कुमार की पहचान एक वरिष्ठ दलित नेता के रूप में है और वेस्ट यूपी में उनकी अच्छी पकड मानी जाती है। इसके अलावा अमरोहा के पूर्व सांसद कुंवर दानिश अली, रामपुर के बिलासपुर से पूर्व विधायक संजय कपूर,को भी अलग-अलग जोन की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जातीय और सामाजिक समीकरण को साधते हुए पार्टी ने मुस्लिम, दलित और पंजाबी समुदाय के प्रभावशाली चेहरों को संगठन में बडी जिम्मेदारी दी है। कांग्रेस की रणनीति यह है कि जमीनी स्तर पर कार्यकर्ताओं को सक्रिय किया जाए और पार्टी को पंचायत से लेकर विधानसभा चुनाव तक मजबूत स्थिति में लाया जाए। इसी सिलसिले में 16 जुलाई को मेरठ में वेस्ट यूपी के 14 जिलों के पदाधिकारियों की बैठक बुलाई गई है, जिसमें आगे की रणनीति और बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने के लिए दिशा-निर्देश तय किए जाएंगे। कांग्रेस अब खोए हुए जनाधार को फिर से पाने के लिए प्रयासरत है।

# गंगनहर में नहाने गया छात्र डूबा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खतौली।** नगर के पास बह रही गंगनहर में शुक्रवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हो गया, जब नहाने के दौरान एक छात्र नहर में डूब गया। डूबे छात्र की पहचान 14 वर्षीय चित्रांश पुत्र विष्णुदत्त के रूप में हुई है, जो केके जैन इंटर कॉलेज में नौवीं कक्षा का छात्र था। मूल रूप से वाजिदपुर खुर्द का निवासी चित्रांश इस समय अपने परिवार के साथ बालाजीपुरम में रह रहा था। उसकी मां खतौली सीएचसी में आशा कार्यकर्ता के पद पर तैनात हैं।

चित्रांश अपने एक दोस्त के साथ नहर पर नहाने गया था। नहाते समय अचानक उसका पैर फिसल गया और वह गहरे पानी भवर फस गया था। साथी ने शोर मचाकर आसपास मौजूद लोगों को बुलाया, जिसके बाद मौके पर अफरातफरी मच गई। सूचना मिलते ही पुलिस और पीएसी के गोताखोर मौके पर पहुंचे। साथ ही स्थानीय गोताखोरों की मदद से छात्र की तलाश शुरू की गई, जो देर शाम तक जारी रही। घटना की जानकारी मिलते ही परिजन भी मौके पर पहुंचे, जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल था। पूरे मोहल्ले और क्षेत्र में इस घटना से शोक की लहर दौड गई। घटनास्थल पर भारी भीड जमा रही और लोग बेसब्री से छात्र के मिलने की प्रार्थना करते नजर आए। पुलिस ने बताया कि गोताखोरों की टीम पूरी सतर्कता के साथ तलाशी अभियान चला रही है। समाचार लिखे जाने तक छात्र का कोई सुराग नहीं लग पाया था।

# शिवभक्तों के लिए प्रशासन ने जारी की गाइडलाइन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** जनपद की सीमा से गुजरने वाले शिवभक्तों की सुरक्षा के पुख्ता इंतेजाम करने के साथ ही जिला प्रशासन ने यहां से गुजरने वाले कांवडियों के लिए गाइडलाइन जारी करते हुए उनसे सहयोग की अपेक्षा जताई है। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों ने शिवभक्तों, कांवड़ियों कांवडियों से अपील की है कि कांवड यात्रा के दौरान सभी शिवभक्त अपने पहचान पत्र साथ रखे और जेब कतरों व जहरखुरानी गिरोह से सावधान रहे।

जारी किए गए प्रेस नोट में यह भी कहा गया है कि पैदल यात्रा के लिए संभव हो तो पटरी से ही गुजरे और वाहन में यात्रा करने वाले कांवड यात्री अपने साथियों की सूची और यात्रा का विवरण अपने वाहन में लगाए इतना ही नहीं यह भी आदेश है कि निर्धारित घाटों पर ही स्नान करें, क्योकि गहरे पानी में दुर्घटना हो सकती है और यात्रा के दौरान नशीले पदार्थ का सेवन न करें। किसी भी संदिग्ध व्यक्ति व वस्तु के बारे में पुलिस का सूचना दे और ठहरने के लिए केवल कांवड मार्ग पर स्थापित शिवरों का ही प्रयोग करे और विश्राम के दौरान सड़क मार्ग पर बैठने व सोने से बचे। यह भी जारी किया गया है कि अपने लिए निर्धारित लेन में ही चले और दूसरों की लाइन क्रॉस न करे।

यात्रा के दौरान पुलिस का सहयोग करे तथा पुलिस प्रशासन द्वारा जारी निर्देशो का पालन किया जाए। यह भी निर्देश जारी किए कि किसी भी कांवड यात्रा के दौरान किसी भी हथियार हॉकी, डंडा, बैल्ट साथ लेकर न चले और बडे डीजे व बडी झांकियों का प्रयोग करने से बचे। उन्होने डीजे की आपस में प्रतियोगिता भी न करने के निर्देश दिए है और डीजे पर किसी प्रकार के साम्प्रदायिक जातिये संगीत बजाने पर रोक लगाई है। यात्रा के दौरान अपनी कांवड सड़क पर न रखे और कांवडियों के लिए जो स्थान है उस पर ही ठहरे। साथ ही वाहनों व ट्रेन की छतों पर सफर करने से बचने के लिए अपील की गई है।

## कलेक्ट्रेट मे बनाया गया कंट्रोल रूम, जारी किए नम्बर

**मुजफ्फरनगर।** श्रावण शिवरात्रि कांवड़ यात्रा 2025 के मद्देनजर शान्ति व्यवस्था, निगरानी व आने वाली शिकायतों के मद्देनजर जिलाधिकारी उमेश मिश्रा के निर्देश पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है। कंट्रोल रूम मे 3 शिफ्टवार अधिकारी व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। यह जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व गजेंद्र कुमार ने बताया की यह कंट्रोल रूम 24 घंटे काम करेगा। यहाँ स्थापित कंट्रोल रूम (डीसीसी)/ईओसी में दूरभाष लैंडलाइन व मोबाइल नम्बरों की लिस्ट भी जारी की गई है। 0131-2436918, 1077, 9412210080, 9412711932, 9412711933, 9412711934, 9412711935, 7579813623 यह नम्बर 24 घंटे कार्यरत रहेंगे। मुख्य हेल्पलाइन नम्बर 9412210080 पर व्हाट्सअप से सूचनाओं का आदान प्रदान भी किया जा सकता है।

# मंत्री कपिल देव ने रामपुरी रामलीला टीला का किया निरीक्षण

## बंद मिली जल निकासी, सीवर गन्दगी से लबरेज, जल भराव से लोगों में आक्रोश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** एक दिन की बारिश ने शहर में विकास के दावों की पोल धोकर रख दी। लापरवाही और अनदेखी की बदहाली का दंश झेल रही परेशान जनता गुस्से में है और जनप्रतिनिधियों के साथ ही अधिकारियों को विकास का आईना दिखाने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी जा रही है। जलभराव से आक्रोशित लोगों ने मंत्री कपिल देव और अफसरों को बदहाली के नालों का हाल दिखाया, जिनकी सफाई और निर्माण पर सरकार का एक मोटा बजट कई विभागों के द्वारा खर्च करने का दावा किया जाता रहा है। जनता में असंतोष को देखकर मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने अधिकारियों से जल निकासी को बेहतर करने के लिए सुझाव के साथ समस्या को लेकर रिपोर्ट भी तलब की है। फोन पर कई अधिकारियों को फटकार लगाई और जनता को भरोसा दिया कि जल्द ही एक विस्तृत कार्ययोजना बनाकर समस्याओं के स्थाई समाधान पर काम होगा।

शहर में 30 जून को 130 मिमी और नौ जुलाई को 121 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई। शहर से गांव देहात तक हाल बेहाल नजर आया। बारिश के साथ नालों का गन्दा पानी घरों और दुकानों में भर जाने के कारण लोग आक्रोशित हो गये और गुरूवार को शहर के हनुमानपुरी रामलीला टीला के महिला पुरुषों ने सुबह से रात तक सड़क पर रहकर हंगामा किया। इसमें कई जनप्रतिनिधियों को जनता के गुस्से का सामना करना पड़ा। प्रदेश सरकार के मंत्रियों और विधायक का भी जनता ने घेराव किया। नगर विधायक और प्रदेश सरकार में व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री स्वतंत्र प्रभार कपिल देव अग्रवाल रात से ही जनता के बीच मौजूद हैं। देर रात वो रामलीला टीला में सड़क पर धरने पर बैठे लोगों के बीच पहुंचे, यहां महिलाओं ने बेहद गुस्सा जाहिर करते हुए उनके सामने ही कहा कि भाजपा के विधायक, मंत्री और चेयरमैन होने के बावजूद शहर में जलभराव, टूटी सड़कें और कूड़े की समस्या से जीवन दयनीय हो रहा है। महिलाओं ने जलभराव से घरों का हाल दिखाया। कहा परेशानी नालों से नहीं, सही ढंग से सफाई नहीं होने और बेतरतीब किये गये विकसा कार्य से हो रही है। लोगों के आक्रोश के बीच ही मंत्री कपिल देव ने निकाय प्रभारी एडीएम प्रशासन संजय सिंह, ईओ पालिका डॉ. प्रज्ञा सिंह, जल निगम एक्सईएन, सीएनडीएस के अधिकारियों को मौके पर बुलाया और जमकर फटकार लगाई। संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल बुलाकर स्थिति का निरीक्षण कराया और समस्या के स्थायी समाधान के निर्देश दिए। नाले और सीवर की सफाई के लिए तत्काल टीम को लगवाया।



मुजफ्फरनगर: रामपुरी में निरीक्षण के दौरान जलभराव से त्रस्त वृद्ध मंत्री को पीड़ा सुनाते हुए।

## लोगों ने दिखाई नालों की बदहाली और बंद पड़े सीवर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** रात को रामलीला टीला पर लोगों के बीच पहुंचकर धरना समाप्त कराने के बाद मंत्री कपिल देव अग्रवाल शुक्रवार की सुबह रामपुरी में जनता के बीच पहुंचे और यहां से रामलीला टीला तक करीब तीन किलोमीटर लंबे एरिया में गली गली घूमते हुए पैदल ही स्थलीय निरीक्षण करते हुए नालों की सफाई और समस्या को समझने का प्रयास किया। उन्होंने एडीएम प्रशासन संजय सिंह, पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह के साथ ही जल निगम, सीएनडीएस, सेतु निगम, सिंचाई विभाग के अफसरों को भी मौके पर तलब किया। नागरिकों ने मंत्री को नालों की बदहाली दिखाई और बंद सीवर भी ढक्कन खोलकर दिखाये, जिनसे पानी ओवर फलो हो रहा था। लोगों में कड़ी नाराजगी बनी हुई थी। अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नालो व नालियों की सफाई, जल निकासी व्यवस्था के सुधार और सफाई कर्मचारियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके लिए जल निकासी में बनी बाधा को लेकर पालिका, जल निगम और प्रशासन से रिपोर्ट मांगी है।

## ईओ ने ठेकेदार को हड़काया, दोबारा नाले साफ कराने के निर्देश

**मुजफ्फरनगर।** नगरपालिका परिषद् की ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह ने मंत्री कपिल देव के निरीक्षण के दौरान ही नालों की सफाई के लिए कार्य कर रहे ठेकेदार को मौके पर ही तलब करते हुए खूब हड़काया और सम्बंधित विभाग के अधिकारियों से भी नाला सफाई को लेकर रिपोर्ट तलब की है। ईओ ने बताया कि हाल ही में पालिका की बोर्ड बैठक में स्वीकृति मिलने के बाद पांच बड़े नालों के अलग अलग टैण्डर छोड़कर कार्य शुरू कराया गया है। यह कार्य करीब 30 लाख रुपये से कराया जा रहा है। प्रतिदिन नालों की सफाई कार्य कराने की रिपोर्ट विभाग से प्राप्त हो रही है, लेकिन दो बड़ी बारिश में शहर में विपरीत स्थिति उत्पन्न होने के कारण अब ठेकेदारों को दोबारा से नालों की सफाई करने के निर्देश दिये गये हैं। निर्माण विभाग के एई नैपाल सिंह को निर्देश दिये गये हैं कि शर्तों के अनुरूप नालों की तली झाड़ सफाई होने तक ठेकेदारों को भुगतान नहीं किया जायेगा। इसके साथ ही निर्माण, स्वास्थ्य और जलकल विभाग के अधिकारियों से समन्वय बनाकर जल निकासी में बनी समस्या पर विस्तृत सर्वे के साथ रिपोर्ट मांगी गई है। कहा कि जल निकासी में नालों पर अतिक्रमण, लोगों के द्वारा प्लास्टिक वेस्ट, थर्माकोल और सिंगल यूज प्लास्टिक के साथ ही गोबर व गन्दगी नालों में बहाने के कारण भी ये समस्या गंभीर बनी हुई है। रामपुरी में दूध डेयरियों से गोबर सीधा नालियों में बहाया जा रहा था, दो डेयरी संचालकों का चालान कटवाया गया है।




# दरगाह ए आलिया बाबुल के अध्यक्ष बने सरताज हुसैन

## 1963 से चला आ रहा कमेटी का चुनाव सम्पन्न



**मुजफ्फरनगर।** बघरा दरगाह ए आलिया बाबुल हवाईज का चुनाव 1963 से शुरू हुआ हर साल की तरह इस साल भी शांति पूर्ण हुआ चुनाव परिणाम आने के बाद कमेटी कमेटी की घोषणा की गई जिसमें दरगाह के अध्यक्ष सरताज हुसैन, उपाध्यक्ष हाजी जफर अब्बास, महासचिव आस मोहम्मद, सयुंक्त सचिव रिजवान जाफर, खजाँची हाजी अकबर अब्बास, प्रचार सचिव डॉक्टर हसन मेंहदी, लेखा परीक्षक मोहम्मद हाशिम को बनाया गया इस चुनाव मे खास बात ये रही की दरगाह के कुछ जरनल मेंबर दिल्ली से चुनाव मे हिस्सा लेने के लिए आए। जीशान अली ने बताया की कार्यकारी सदस्यों के नाम इस प्रकार है हाजी जहीर हसन, नासिर हुसैन, हाजी निसार हुसैन, हाजी मोहम्मद अब्बास, रईस हैदर, हसन रजा प्रधान, मास्टर हैदर अली, मोहम्मद रजा प्रधान, इमरान अली, विलादत अली, कमर अब्बास आदि बनाए गए।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
www.shahtimesnews.com
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।






शामली। डीएम की गाड़ी से टकराकर घायल हुए लोग। छाया शाह टाइम्स

# डीएम की गाड़ी से टकराए बाइक सवार, तीन घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार को सरकारी आवास से निकले डीएम की गाडी से बाईक सवार तीन युवकों का एक्सीडेंट हो गया। डीएम की गाडी से टक्कर लगने से बाईक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें से एक युवक की हालत नाजुक होने के कारण मेरठ मेडिकल के लिए रेफर किया गया है। बताया जाता है कि दूसरी गाडी से बचने के लिए बाईक सवार तीनों युवक अचानक डीएम की गाडी के सामने आए है। झिंझाना थाना क्षेत्र के गांव गंगारामपुर खेडा निवासी आर्यन, प्रिंस व अनुज अपनी बाईक पर सवार होकर शहर के एआरटीओ कार्यालय पर अपना लर्निंग ड्राईविंग लाईसेंस बनवाने के लिए आए थे। बताया जाता है कि जब वह तीनों लाईनेंस वापस लौट रहे थे तो इसी दौरान गांव गोहरनी पेट्रोल पंप के निकट अचानक एक कार सवार तेज गति से लापरवाही बरते हुए निकला, जिससे बचने के लिए जैसे ही बाईक चला रहे प्रिंस ने बाईक को मोडा तो पीछे से तेज गति से आ रही डीएम की गाडी ने बाईक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों युवक दूर जा गिरे। जिसमें आर्यन व प्रिंस को गंभीर चोटे आए। हादसे के बाद डीएम ने अपनी स्कॉट गाडी से तीनों घायल युवकों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्रिंस के एक पैर की हडडी पूरी तरह से टूटी आई, जबकि उसके सिर में भी गंभीर चोट होने के कारण उसको मेरठ मेडिकल के लिए रेफर कर दिया गया, जबकि आर्यन को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अनुज को हल्की चोट आने के कारण छुटटी दे दी गई है।

# पीएनबी में एग्रीकल्चर आउटरिच व स्वरोजगार प्रशिक्षण कैंप संपन्न



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** नगर के पंजाब नेशनल बैंक शाखा में आज स्वरोजगार प्रशिक्षण कैंप का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में अरुण कुमार (मुख्य प्रबंधक), अमित रस्तोगी (निद. ेशक, पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान, शामली) एवं जनपद की छह शाखाओं के शाखा प्रबंधक भी विशेष रूप से उपस्थित रहे।कैंप में स्थानीय युवाओं को संस्थान द्वारा संचालित नि:शुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रमों की जानकारी दी गई।

निदेशक अमित रस्तोगी ने बताया कि संस्थान द्वारा विभिन्न व्यवसायों जैसे सिलाई, ब्यूटी पार्लर, कंप्यूटर, मोबाइल रिपेयरिंग, अगरबत्ती निर्माण, बकरी पालन, मशरूम की खेती, आदि में 10 से 45 दिन के कोर्स कराए जा रहे हैं। इन कोर्सों के दौरान प्रशिक्षण, व भोजन की संपूर्ण व्यवस्था संस्थान द्वारा नि:शुल्क की जाती है।मुख्य प्रबंधक अरुण कुमार ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि यह कार्यक्रम आत्मनिर्भर भारत की दिशा में एक सकारात्मक कदम है। उन्होंने उपस्थित युवाओं से अपील की कि वे इन प्रशिक्षणों में भाग लेकर स्वयं का रोजगार शुरू करें।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवकों ने भाग लिया और प्रशिक्षण से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राप्त की।



चौकी सिक्का का उद्घाटन करते एसपी। छाया शाह टाइम्स

## एसपी ने किया थाना आदर्श मंडी क्षेत्र की चौकी सिक्का का उद्घाटन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** पुलिस अधीक्षक शामली द्वारा थाना आदर्शमंडी क्षेत्रांतर्गत चौकी सिक्का का उद्घाटन किया गया । आज दिनांक 11।07।2025 को पुलिस अधीक्षक शामली राम सेवक गौतम द्वारा थाना आदर्शमंडी क्षेत्रांतर्गत चौकी सिक्का का उद्घाटन किया गया । इस दौरान पुलिस अधीक्षक शामली के अतिरिक्त अपर पुलिस अधीक्षक शामली संतोष कुमार सिंह व क्षेत्राधिकारी नगर अमरदीप मौर्य व क्षेत्राधिकारी थानाभवन जितेंद्र सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना आदर्शमंडी व अन्य अधिकारीध्कर्मचारीगण मौजूद रहे ।

### तीन महीने बाद सांई का अपने परिवार से भावुक मिलन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** तीन महीनों की लंबी तलाश और भावनात्मक संघर्ष के बाद एक परिवार को उनका खोया हुआ बेटा साईं उर्फ सुचेंद्र पुन: मिल गया। अपना घर आश्रम शामली द्वारा की गई सराहनीय सेवा और समर्पण ने यह करिश्मा संभव किया है।

## एक नजर

### खूब बरसे बदरा, गर्मी से मिली राहत



**झिंझाना।** शुक्रवार की दोपहर दो बजे से क्षेत्र में झमाझम बारिश शुरू हुई। जिसके चलते लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली और किसानों के चेहरे भी खिल उठे। इस दौरान कस्बा व ग्रामीण क्षेत्र की गलियों में पानी भर गया। जिस कारण लोगों की आने जाने में परेशानी हुई। बारिश अच्छी होने से किसान भी खुश नजर आए। किसान उस्मान, राजपाल, कृष्णपाल, हरेंद्र आदि ने बताया कि बारिश होने से गन्ना, धान और ज्वार आदि फसलो में लाभ होगा। बारिश के दौरान गलियों में हुए जल भराव में बच्चे मस्ती करते हुए देखे गए। छोटे बच्चों ने भी बारिश के पानी में नहाते हुए जमकर मस्ती की।

### एक अभियुक्त को दिया अर्थदंड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** वर्ष 2018 में अभियुक्त मुकेश पुत्र हरि सिंह निवासी हसनपुर थाना झिंझाना जनपद शामली के विरुद्ध थाना झिंझाना पर मुक. दमा पंजीकृत किया गया था। न्यायालय एसीजेएम कैराना, शामली द्वारा अभियुक्त उपरोक्त को 100/- रूपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है । अर्थदण्ड अदा न करने पर 10 दिवस का साधारण कारावास की सजा का प्रावधान किया गया है।

### छात्रवृत्ति के संबंध में दी जरूरी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, शामली सुधीर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में अन्य पिछडा वर्ग (अल्पसंख्यक पिछडे वर्ग को छोडकर) पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 9-10) दशमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा 11-12) एवं अन्य दशमोत्तर छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति (कक्षा 11-12 से ऊपर) योजनान्तर्गत अन्य पिछडा वर्ग के समस्त पात्र छात्र/छात्राओं को छात्रवृत्ति/शुल्क प्रतिपूर्ति की धनराशि उपलब्ध बजट की सीमा तक आधार पेमेन्ट ब्रिज प्रणाली के माध्यम से छात्र/छात्रों के आधार सीडेड बचत बैंक खाते में सीधे अन्तरित की जाएगी। छात्र को बैंक शाखा के माध्यम से बैंक खाते में आधार नम्बर सीडिंग व NPCI-National Payment Corporation of India मैप कराना अनिवार्य होगा। सम्बन्धित शिक्षण संस्थान आधार नम्बर सीडिंग व NPCI-National Payment Corporation of India मैप की सूचना अपने विद्यालय के सूचना पट पर अवश्यक चस्पा करे। छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्रों के बैंक खातों को आधार सीडिंग व NPCI-National Payment Corporation of India से मैपिग कराने की कार्यवाही समयान्तर्गत पूर्ण कर ली जाए। ताकि छात्रवृत्ति की धनराशि छात्रध्छात्रों के खातों में अन्तरित कराए जाने की प्रक्रिया में फेंल्ड ट्रांजेक्शन न्यून रहे।

### ओ लेवल प्रशिक्षण की समय सीमा बढ़ाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, शामली सुधीर कुमार ने अवगत कराया कि बताया कि निदेशक, पिछडा वर्ग कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश लखनऊ के द्वारा वित्तीय वर्ष 2025-26 हेतु पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों हेतु संचालित श्ओश लेवल एवं सी0सी0सी0 कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजनान्तर्गत वर्ष 2025-26 हेतु पूर्व निर्गत समय सारिणी में अभ्यर्थियों के आनलाइन आवेदन से लेकर प्रशिक्षण प्रारम्भ कराए जाने तक की समय-सीमा को बढ़ाते हुए संशोधित समय सारिणी निर्गत की गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में उक्त योजना के अन्तर्गत भारत सरकार की अधिकृत संस्था नीलिट (राष्ट्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान) से मान्यता प्राप्त संस्थाओं के माध्यम से इण्टरमीडिएट (कक्षा-12) उत्तीर्ण अन्य पिछड़े वर्ग के बेरोजगार युवक/युवतियों को ओ लेवल एवं सी.सी.सी. कम्प्यूटर प्रशिक्षण प्रदान कराए जाने हेतु वर्तमान में अभ्यर्थियों के आनलाइन आवेदन की प्रक्रिया प्रचलित है, जिसकी अन्तिम तिथि 14.7.2025 है, जिसे बढ़ाकर 21.7.2025 कर दिया गया है। इस हेतु इच्छुक अभ्यर्थी दिनांक 21.7.2025 तक कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के पोर्टल https://obccomputertraining.upsdc.gov.in पर आनलाइन आवेदन कर सकते है। आवेदन फाइनल रूप से सबमिट करने के उपरान्त सम्बन्धित अभ्यर्थियों द्वारा आनलाइन भरे गए आवेदन की हस्ताक्षरित हार्डकापी वांछित अभिलेखों सहित अन्तिम रूप से दिनांक 21.7.2025 की सांय 5 तक जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी, शामली कार्यालय में जमा कराई जानी है।

# जिला स्तरीय जूनियर प्रतियोगिताओं का होगा आयोजन

**शामली।** उप क्रीड़ाधिकारी, शामली अश्वनी कुमार त्यागी ने अवगत कराया कि खेल निदेशालय उ.प्र., लखनऊ के निर्देशानुसार जिला खेल कार्यालय, शामली द्वारा जिला स्तरीय जूनियर टेबुल-टैनिस (बालक/बालि. का), कुश्ती (बालक), कबड्डी (बालिका), प्रतियोगिताओं का आयोजन दिनांक 15.7.2025 व 14.7.2025 को प्रात:- 10 बजे से किया जाएगा।

इच्छुक अभ्यर्थी को प्रतियोगिता में प्रतिभाग हेतु अपने आधार कार्ड की पठनीय छायाप्रति साथ लाना अनिवार्य है। प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं विजेता उप विजेता स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को आकर्षक पुरस्कारों से पुरस्कृत किया जाएगा। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले इच्छुक खिलाडियों की प्रविष्टि नि:शुल्क है। प्रविष्टि की सूचना 13.7.2025 की सायं 4:30 बजे तक सम्बन्धित खेलों के प्रशिक्षकों को देना सुनिश्चित करें, विवरण निम्नवत् है। प्रतियोगिता का नाम-टेबुल-टैनिस, वर्ग- बालक/बालिका, आयोजन स्थल -शहीद उद्यम सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम शामली, आयोजन तिथि 15.7.2025, संबंधित खेलों के प्रशिक्षक का नाम, मोबाइल नंव, अश्वनी कुमार त्यागी (9719069968), विवेक शर्मा वरिष्ठ खिलाड़ी मोवनंव-9997714600, एवं कुव शगुन वरिष्ठ खिलाड़ी-9690389508,(2)- कबड्डी प्रतियोगिता में बालिका वर्ग, आयोजन स्थल-शहीद उद्यम सिंह स्पोर्ट्स स्टेडियम शामली, आयोजन तिथि 15.7.2025, संजू रानी-(7337873084),(3)- कुश्ती प्रतियोगिता में बालक वर्ग -आयोजन स्थल-ग्रामीण स्पोर्ट्स स्टेडियम जसाला पंजोखरा कांधला शामली है।

# लेफ्टिनेंट ने छात्राओं को दी कैरियर गाइडेंस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शहर के सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इंटर कॉलेज में शुक्रवार को एक विशेष केरियर गाइडेंस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर लेफ्टिनेंट कर्नल सचिन शर्मा उपस्थित हुए। उन्होंने छात्राओं को अपने अनुभव साझा करते हुए सेना में भर्ती की प्रक्रिया, विभिन्न विभागों में केरियर के अवसरों, अनुशासन, समर्पण और परिश्रम के महत्व पर विस्तार से चर्चा की। कर्नल शर्मा ने छात्राओं को बताया कि आज के दौर में लड़कियों के लिए भी सेना और अन्य रक्षा सेवाओं में अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने छात्राओं का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि .ढ़ संकल्प और सही मार्गदर्शन से किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम के अंत में छात्राओं ने लेफ्टिनेंट कर्नल शर्मा से अपने सवाल भी पूछे, जिनका उन्होंने बहुत सरल शब्दों में उत्तर देकर सबका उत्साहवर्धन किया। प्रधानाचार्य रविन्द्र कुमार ने कहा कि इस प्रकार के प्रेरणादायक कार्यक्रमों से छात्राओं को अपने भविष्य के लिए सही दिशा चुनने में मदद मिलती है। इस अवसर पर संजीव कुमार, संदीप कुमार, मोहित कुमार, अमित कुमार, गीता रानी, कविता रानी, अनीता, उपासना आदि मौजूद रहे।

# भगवान ने सर्वश्रेष्ठ मनुष्य योनि दी है: स्वरूपानंद



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** शिष्य को हमेशा अपने लक्ष्य का ध्यान रखना चाहिए। जो लक्ष्य से भटक जाता है उसे सफलता नहीं मिलती है। हमें भगवान ने सर्वश्रेष्ठ मनुष्य योनि दी है, जिसमें हमें सांसारिक विषयों के साथ साथ ईश्वर प्राप्ति के लक्ष्य को भी सदैव ध्यान रखना चाहिए। कुम्हार की भांति सदगुरु अपने शिष्यों को आचरण शुद्ध करने, त्याग करने और उनमें समर्पण भाव जागृत करने की शिक्षा देते हैं।

गीता सत्संग भवन में गुरु पूर्णिमा की शाम आयोजित सत्संग में प्रवचन करते हुए धार्मिक भक्त समाज के मुख्य संस्थापक संत स्वरूपानंद गिरी ने सद्गुरु के प्रति समर्पित हो जाने को समझाते हुए कहा कि भजे जो मोही तज, सकल भरोसा। करु सदा तिन के रखवारी, ज्यों बालक राखे महतारी, अर्थात जिस प्रकार से बाल्य काल में मां अपने बालक का हर समय ध्यान रखती है। उसी प्रकार से समर्पित शिष्य का भी गुरु हमेशा ध्यान रखते हैं। गुरु द्रोणाचार्य और शिष्य अर्जुन का .ष्टांत देते हुए संत ने कहा कि शिष्य को हमेशा अपने लक्ष्य का ध्यान रखना चाहिए। जो लक्ष्य से भटक जाता है उसे सफलता नहीं मिलती है। हमें भगवान ने सर्वश्रेष्ठ मनुष्य योनि दी है। जिसमें हमें सांसा. रिक विषयों के साथ साथ हमे ईश्वर प्राप्ति के लक्ष्य को भी सदैव ध्यान रखना चाहिए, जिसकी प्राप्ति के लिए भजन, कीर्तन, सुमिरन, जप तप जो कुछ भी आप कर सके उसे करके अपने लक्ष्य की तरफ अग्रसर रहना चाहिए। संत ने कंपास का .ष्टांत देते हुए कहा कि हवाई जहाज किसी भी दिशा में जाए परंतु उसमें लगे कंपास की सुई हमेशा उत्तर दिशा को ही बताती है। जो अपने लक्ष्य से नहीं भटकती और उसके कारण ही हवाई जहाज सही दिशा में ले जाया जा सकता है। संत ने गृहस्थ जीवन में संतान उत्पत्ति के बाद ब्रह्मचर्य पालन का भी संदेश दिया। उन्होंने कहा निर्मल मन सो मोहि पावा, मोहि कपट छल नहीं भावा। अर्थात परमात्मा और सदगुरु को पाने के लिए हमें अपने आप को सुपात्र बनाना होगा। संत ने 21 वर्ष पूर्व ब्रह्मलीन हुए वीतराग संत दयानंद गिरी को आदर्श और सदगुरु बताते हुए कहा कि उन्होंने बाल्य काल में ही दीक्षा लेकर सदैव हम भक्तों का मार्गदर्शन किया। और जीवन एक मात्र कुटिया में ही बिताया। वर्तमान में भी सदगुरु हमारा मार्गदर्शन कर रहे हैं।

# निबंध प्रतियोगिता में प्रतिभागियों का हुआ सम्मान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** एसडीएस कान्वेंट स्कूल झिंझाना में, जिला शामली की नगर इकाई झिंझाना अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद स्थापना दिवस (9 जुलाई) के उपलक्ष में हुई निबंध प्रतियोगिता में ,शीर्ष 30 स्थान प्राप्त करने वाले छात्र छात्राओं को मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। निबंध प्रतियोगिता का विषय स्वामी विवेकानंद रू योगदान तथा दर्शन रखा गया। आयोजित कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मान दिवाकर (जिला कार्यवाह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) व कार्यक्रम के अध्यक्ष पाल आर्य जी (प्रबंधक एसडीएस कान्वेंट स्कूल झिंझाना) अभाविप मेरठ प्रांत के प्रांत सह सोशल मीडिया संयोजक वैभव ऐरन जी व मुख्य वक्ता आकाश भारती विभाग संयोजक अभाविप रहे ।

सर्वप्रथम कार्यक्रम का शुभारंभ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि दिवाकर जी व कार्यक्रम के अध्यक्ष पाल आर्य जी व अखिल भारतीय विद्यार्थी के मेरठ प्रांत के प्रांत सह सोशल मीडिया संयोजक वैभव ऐरन जी व मुख्य वक्ता आकाश भारती व नगर मंत्री मयंक तोमर जी ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती के सम्मुख द्वीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद निबंध प्रतियोगिता में प्रथम ,द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले क्रमश: सिमरन कश्यप, हरलीन कौर व सिया सैनी को सम्मानित किया गया। इसके पश्चात शीर्ष 30 में आने वाले समस्त छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक मान अंश जी ,कार्तिक शर्मा जी ,व कृष सैनी व समस्त एसडीएस स्टाफ उपस्थित रहा।

# वेष बदलकर भीख मांग रहा था युवक, वीडियो वायरल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** सोनू नाम से घरों में भीख मांग रहे युवक के दूसरे समुदाय का होने से मोहल्ले वासियों में आक्रोश फैल गया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम शहजाद बताया। कालोनी के लोगों ने युवक को चेतावनी देते हुए छोड़ दिया। मामला 23 जून का है। सोशल मीडिया पर यह वीडियो खूब परचारित हो रही है।

कस्बे के मोहल्ला सैदमीर में 23 जून को भगवा चोला पहनकर एक युवक घरों में भीख मांग रहा था, जिस पर मोहल्ले के कुछ लोगों को शक हुआ, उन्होंने युवक से पूछताछ की तो पहले तो उसने अपना नाम सोनू निवासी गांव वेदखेडी बताया। मोहल्ले वासियों ने सख्ती से पूछताछ की तो उसने अपना नाम शहजाद बताया। युवक के दूसरे समुदाय से होने व सोनू बनकर घरों में भीख मांगने से लोगों में आक्रोश फैल गया। बाद में युवक को चेतावनी देते हुए छोड़ दिया था। इसकी एक वीडियो सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही है। पुलिस ने बताया कि मामला पुराना है तथा मोहल्ले के लोगों ने वहीं से चेतावनी देकर भगा दिया था।

# हर-हर महादेव के नारों के साथ आगे बढ़ रहे कांवड़िए, शिवालयों में जलाभिषेक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** शुक्रवार से सावन मास शुरू होने के साथ ही भगवान शिव के भक्त कंधे से रंगबिरंगी कांवड लेकर पहुंचे। हर हर महादेव व बम बम भोले के जयकारों के साथ कांवडिया अपने अपने शिवालयों की ओर बढे। कांवडियों की सेवा के लिए कांवड सेवा शिविर में लगाए जा रहे है। जिसकी तैयारियां शुरू कर दी गई है।

कांवडियों की सेवा के लिए शहर में कई स्थानों पर कांवड सेवा शिविरों का शुभारंभ हो गया। शहर के कैराना रोड स्थित ग्लोबल शांति केयर हॉस्पिटल के चिकित्सा एवं कांवड सेवा शिविर की तैयारियां युद्ध स्तर पर चल रही, लेकिन व्यावस्था होने तक हॉस्पिटल परिसर में ही दर्जनों कांवडियों की सेवा में चिकित्सकों की टीम लगी रही। हॉस्पिटल के डायरेक्टर कुशांक चौहान ने कांवडियों की मशीनों के माध्यम से कांवडियों के पैरों की मसाज की। इसके अलावा मंदिर हनुमान धाम पर कांवडियों के ठहरने रहने, खाने, पीने की सभी सुविधाऐं मुहैया कराई गई हैं। शिवभक्तों के पहुंचने का भी सिलसिला शुरू हो गया है। शुक्रवार को सैकडों की संख्या में शिवभक्त कांवडिए शामली से होकर गुजरे। इसमें पानीपत निवासी महिला कांवडिया सुदेश गुप्ता जल लेकर शामली पहुंची। वही हरियाणा के भिवानी निवासी दो सगे भाई विनय और आशीष भोले बाबा से नौकरी की मन्नत लेकर कांवड लेकर पहुंचे। उन्होने बताया कि उन्होने भोलेनाथ से सरकारी नौकरी की मन्नत मांगी है। कांवडियों का कई स्थानों पर स्वागत भी किया गया।



**शामली।** शुक्रवार से सावन माह शुरू हो गया है। सावन माह में पूजा का विशेष महत्व है। पहले दिन शहर के मंदिरों में श्रद्धालुओं ने भगवान भोले शंकर को नहला कर विशेष पूजा अर्चना की। आदिनाथ का जलाभिषेक करने के लिए मंदिरों में भक्तों की लंबी लाइने लगी रही। श्रद्धालु महिलाओं ने मंदिरों में कीर्तन किया। सावन शुरू के मद्देनजर मंदिरों का सजाया गया है।

शहर के सिद्धपीठ मंदिर गुलजारी वाला में सवेरे भगवान शिव को जलाभिषेक किया गया। इसके अलावा माजरा रोड स्थित सिद्धपीठ भाकूवाला मंदिर वाला, सदाशिव मंदिर रेलवार, गढमुक्तेश्वर महादेव शिव मंदिर सतीवाला, हनुमान धाम स्थित शिव मंदिर, सुभाष चौक स्थित शिव मंदिर, गांधी चौक स्थित कुटी वाला शिव मंदिर में सवेरे से ही पूजा अर्चना करने के लिए श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। उधर, शिवरात्री पर भगवान भोले शंकर का जलाभिषेक करने के लिए हरिद्वार से पवित्र गंगा जल लेकर शिव भक्तों का शामली में आगमन शुरू हो गया है, जिस कारण शहर की सड़कों पर बम-बम, हर-हर के नारे गूंजाएमान रहे। शिव भक्तों के आगमन को देखते हुए पुलिस ने व्यवस्था संभाल ली है। शुक्रवार को पुलिस अधिकारियों ने शहर की सड़कों से अतिक्रमण हटवाया। सड़क किनारे खड़ी होने वाली ठेलियों, ई-रिक्शाओं के चाल. कों को अपने वाहन को सडक से पीछे रखने के निर्देश दिए है।



**शामली।** नगर पालिका परिषद शामली द्वारा कांवड़ मार्ग पर आवारा पशुओं को पकड़कर अस्थाई गौशाला में भेजने एवं अतिक्रमण हटाने का अभियान लगातार जारी है। अधिशासी अधिकारी विनोद कुमार सोलंकी के निर्देश पर शुक्रवार को सफाई एवं खाद्य निरीक्षक अनिल कुमार के नेतृत्व में टीम ने पूर्वी यमुना नहर से कैराना रोड तक अभियान चलाया। अभियान के दौरान कैराना रोड से आठ गोवंश को सुरक्षित पकड़ा गया और पालिका की गौशाला में भेजा गया। साथ ही अतिक्रमण हटाकर मार्ग को सुगम बनाया गया। कांवड़ यात्रियों की सुविधा के लिए डिवाइडर लगाकर ब्रैकेटिंग भी की गई। अभियान के दौरान जेई कांत राणा, जेई हर्षित गर्ग सहित पालिका के अनेक अधिकारी व कर्मचारी मौके पर मौजूद रहे।

# पारिवारिक विवाद में ताबड़तोड़ फायरिंग

## एक महिला और 12 वर्षीय बच्ची गोली लगने से घायल, चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामपुर मनिहारान।** थाना क्षेत्र के गांव हलगोया में पारिवारिक विवाद ने उस वक्त हिंसक रूप ले लिया, जब कहासुनी के कुछ घंटों बाद ही एक ही परिवार के लोगों पर ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी गई। इस हमले में एक महिला और 12 वर्षीय बच्चा गोली लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों को इलाज के लिए तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया है।मामले की सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी सत्येंद्र नागर पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

पीड़ित जुल्फान पुत्र अबु हसन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसकी अपनी भाभी सजीरा से कहासुनी हो गई थी। इसके बाद भाभी अपने भाई राशिद के साथ शामली चली गई थी। रविवार शाम करीब 7:30 बजे फुरकान, शारिक, जुनैद व अफसर ने तीन चार अन्य लोगों के साथ जुल्फान के घर पर धावा बोलते हुए अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। इस फायरिंग में उसकी 70 वर्षीय माँ अख्तरी



और 12 वर्षीय समीर गोली लगने से घायल हो गए।फायरिंग से गाँव में अफरातफरी मच गई। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है और घायलों का उपचार चल रहा है।

### मंदिरों में रही भीड़

**गंगोह।** क्षेत्र के शिव मंदिरों में एक माह तक चलने वाले धार्मिक आयोजन का शुक्रवार को शुभारंभ हो गया है।

श्रावण मास में आयोजित कार्यक्रम शुरू हो गए हैं। माह आरंभ होने के कारण शिव मंदिरों में भीड़ लगी रही। सुबह से ही लोग मंदिरों पर पहुंच कर अपनी बारी की प्रतीक्षा में लगे रहे। मोहल्ला कानून गोयान, सराय स्थित मंदिरों में पूरे माह धार्मिक आयोजन चलेगें। षुक्रवार को कार्यक्रम की शुरूआत हो गई। सबसे पहले श्रद्धालुओं ने मंदिरों में आयोजित पूजा पाठ में भाग लिया। महलतला, बड़ा शिवालय आदि शिव मंदिरों में भी पूजा-पाठ आरंभ कर दिए गए। पुरषार्थी धर्मशाला में भी विशेष पूजा कार्यक्रम आरंभ कर दिए गए हैं। बरसी व गुड़छप्पर के मंदिरों में काफी भीड़ रही। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव पर बेल पत्र चढ़ाकर उनका अभिषेक किया। दूसरी तरफ सावन आरंभ होते ही कावड सेवा शिविर लगाने वाली संस्थाओं ने स्थान चयनित कर अपनी तैयारियां आरंभ कर दी हैं।

# दुकानों में घुसा नाले का गंदा पानी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिहारीगढ।** दिल्ली-देहारादुन नेशनल हाईवे में बुग्गावाला चौक के पास नाले का गन्दा पानी इकट्ठा हो गया । इकट्ठा पानी से बदबू आने से आस पास के दुकानदारों का काम करना बेमुश्किल हो गया है ।

नेशनल हाईवे के नाले की सफाई न होने के कारण बरसात का पानी कस्बे के बुग्गावाला चौक पर इकठ्ठा हो गया है। व्यापारियों ने नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की टीम की बड़ी लापरवाही बताई । व्यापारियों ने बताया कि बरसात से पहले ही नाले की सफाई होना जरूरी था । नाले मे कुड़ा-करकट इकठ्ठा होने के कारण नाले का गन्दा पानी आगे निकासी न होने के कारण सड़क पर इकठ्ठा हो गया है । बाकी गन्दा पानी नाले से बाहर आकर दुकानों मे घुस जाने से हजारों रुपये का समान खराब हो गया है । व्यापारी सुनील काम्बोज उर्फ बरवा ने बताया कि तेज मुसलाधार बारिश होने पर नाले का



गन्दा पानी दुकान मे घुस गया जिससे उसकी दुकान में रखा समान खराब हो गया ।

यही बात सुबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेश की खिल्ली उड़ा रहा है ।आज से सावन माह शुरू होने से कावड़ यात्रा इसी मैन हाइवे से गुजरती है । इसी मार्ग से कई शिव भक्त ऋषिकेश व हरिद्वार को गुजरते है लेकिन मुख्यमंत्री के आदेश है कि जहाँ से शिव भक्त गुजरते है उस मार्ग मे कोई गढ्ढा व गन्दा पानी इकट्ठा न हो पाये लेकिन इस आदेश को नेशनल हाइवे सेफ्टी टीम पर कोई असर नही दिखा पा रहा है । देखना यह है कि कब तक नेशनल हाइवे के अधिकारी इस समस्या का समाधान करते हैं ?

# मोबाइल लाइट वाहन किए रवाना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** श्रावण माह की महाशिवरात्रि पर्व के अवसर पर 11 जुलाई से 23 जुलाई 2025 तक चलने वाली कांवड़ यात्रा 2025 के मद्देनजर जिला पंचायत द्वारा शिवभक्तों की सुविधा हेतु व्यापक इंतजाम किए गए हैं। यात्रा मार्गों पर प्रकाश व्यवस्था, मोबाइल लाइट वाहन, पोर्टेबल शौचालय, बैरिकेटिंग, डिवाइडर की सजावट, स्वागत द्वार तथा मूलभूत सुविधाएं सुनिश्चित की गई हैं।

आज जिला पंचायत कार्यालय से जिला पंचायत अध्यक्ष मांगेराम चौधरी ने हरी झंडी दिखाकर 08 मोबाइल लाइट वाहनों को विभिन्न कांवड़ मार्गों पर रवाना किया। ये वाहन प्रमुख रूप से मार्ग संख्या 1, 2 व 3 पर रात्रि में प्रकाश व्यवस्था बनाए रखने के लिए तैनात रहेंगे। इस अवसर पर जिला पंचायत के हंसराज



गौतम, रामेन्द्र राणा, मुकेश चौहान, सुशील प्रधान, चौ. वेसर अली, जगमाल, श्रीमती ममता चौधरी, नरेन्द्र तथा पूर्व ब्लॉक प्रमुख नागल बिजेन्द्र चौधरी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अपर मुख्य अधिकारी चन्द्रवीर सिंह, अभियंता मुकेश कुमार, कर अधिकारी सतेन्द्र कुमार, अवर अभियंता आशीष कुमार, ललित कुमार सहित जिला पंचायत के अन्य कार्मिक भी मौजूद रहे।

# आजाद समाज पार्टी में शामिल हुए सैकड़ों लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** ग्राम सरदाहेडी में आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) ने एक प्रभावशाली सदस्यता अभियान चलाकर सैकड़ों लोगों को अपनी विचारधारा से जोड़ा।

इस अभियान का नेतृत्व राव मेहरबान ने किया, जिन्होंने अपने आवास पर आयोजित कार्यक्रम में वार्ड नंबर 4 जिला पंचायत के दावेदार के रूप में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज की। इस दौरान राव आबाद, राव राशिद, प्रधान राव इरफान, राव रिजवान, राव भोट्टू, राव तौकीर, राव लुकमान, राव जाहिद, राव फरमान, विक्रम प्रधान, भूपेंद्र सैनी, नरेश, अमित मंगता, सन्नवर, इनाम, कालू, और शौकीन जैसे प्रमुख व्यक्तियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। यह अभियान न केवल पार्टी की लोक.



प्रियता को दर्शाता है, बल्कि स्थानीय स्तर पर इसके बढ़ते प्रभाव को भी उजागर करता है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनिल ओजसवी, एडवोकेट, कोर कमेटी के सचिन खुराना, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष सतीश रावत, भीम आर्मी संरक्षक सलमान चौधरी, और नगर अध्यक्ष शमशेर मलिक शामिल हुए। इन नेताओं ने अपने संबोधन में पार्टी के उद्देश्यों और सामाजिक न्याय के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। अनिल ओजसवी ने कहा कि आजाद समाज पार्टी बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर और कांशीराम जी के सपनों को साकार करने के लिए दृढ़संकल्प है। उन्होंने सामा. जिक और आर्थिक असमानता को खत्म करने के लिए एकजुटता का आह्वान किया, जिसका उपस्थित लोगों ने जोरदार समर्थन किया।राव मेहरबान ने अपने नेतृत्व में इस अभियान को ऐतिहासिक बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उनकी समाज सेवा और क्षेत्र के प्रति समर्पण ने दलित, पिछड़े और अल्पसंख्यक समुदायों में जागरूकता पैदा की है। शिक्षा, स्वास्थ्य और सामाजिक समानता के क्षेत्र में उनके प्रयासों ने स्थानीय लोगों का विश्वास जीता है। इस अभियान ने न केवल पार्टी की विचारधारा को ग्रामीण स्तर तक पहुंचाया, बल्कि लोगों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार भी किया।इस जोरदार अभियान ने सरदाहेडी में आजाद समाज पार्टी की स्थिति को और मजबूत किया। राव मेहरबान के नेतृत्व में पार्टी ने नई ऊंचाइयों को छूने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। यह अभियान ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक बदलाव और जागरूकता की दिशा में एक मील का पत्थर साबित होगा।

# भाजपा कार्यकर्ताओं ने लगाया एक पेड़ मां के नाम, सुरक्षा का संकल्प

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र फतेहपुर में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण अभियान के तहत एक विशेष पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अमित सेन और मंजू शर्मा एडवोकेट ने मुख्य रूप से हिस्सा लिया। उन्होंने कहा कि वृक्ष हमारी संस्कृति का अभिन्न हिस्सा हैं और स्वच्छ पर्यावरण व प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक हैं। उन्होंने कार्यकर्ताओं और नागरिकों से स्वैच्छिक वृक्षारोपण कर इस अभियान को सफल बनाने और पौधों की सुरक्षा का आह्वान किया।सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉ. सजीव कुमार ने बताया कि प्राकृतिक आपदाओं को कम करने और पर्यावरण को बचाने के लिए वृक्षारोपण अनिवार्य है। उन्होंने प्रत्येक नागरिक से कम से कम एक पौधा लगाने की अपील की ताकि पृथ्वी पर प्राकृतिक संतुलन बना रहे। उन्होंने क्षेत्र के शुद्ध और स्वच्छ वातावरण की सराहना की।कार्यक्रम में डॉ. मुक. ेश कुमार, डॉ. नवनीत सैनी, अंकुर सैनी, मंडल उपाध्यक्ष दिनेश शर्मा, बबीता धीमान, कमला देवी, रेनू कंबोज सहित अन्य भाजपा कार्यकर्ता और स्वास्थ्य केंद्र का समस्त स्टाफ मौजूद रहा। इस आयोजन ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सामुदायिक एकता को मजबूत करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया।



गदरहेडी गांव में भारतीय जनता पार्टी द्वारा संचालित ष्एक पेड़ मां के नामष् वृक्षारोपण अभियान के तहत बूथ नंबर 3 पर एक भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा नेता अनुज सिंह राणा ने किया, जिसमें पार्टी कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस पहल का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना और मातृ शक्ति के प्रति सम्मान व्यक्त करना है।कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष अर्जुन सिंह, राजू कश्यप, पट्टी हरिजन, मोहित हरिजन, सोनू कुमार, सोल्जर पवार, आयुष पवार, मोहित सैनी सहित कई कार्यकर्ताओं ने सक्रिय योगदान दिया। कार्यकर्ताओं ने गांव में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपे और उनकी देखभाल का संकल्प लिया। इस अवसर पर अनुज सिंह राणा ने कहा कि यह अभियान न केवल पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह मातृभूमि और मां के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का भी एक अनूठा प्रयास है।वृक्षारा. ेपण के दौरान कार्यकर्ताओं ने ग्रामीणों को भी पेड़ लगाने और पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।



इस कार्यक्रम से गांव में हरियाली बढ़ाने और जलवायु परिवर्तन के खिलाफ लड़ाई में योगदान देने की उम्मीद है। भाजपा कार्यकर्ताओं ने इस अभियान को निरंतर जारी रखने का संकल्प लिया, ताकि क्षेत्र में पर्यावरण संतुलन बना रहे। यह पहल न केवल पर्यावरण के प्रति जागरूकता फैलाएगी।

# तालाबों में छोड़ी गई गम्बूसिया मछलियां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रवीण कुमार के मार्गदर्शन में जनपद में डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया जैसे वेक्टर जनित रोगों की रोकथाम हेतु गम्भीर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में आज राष्ट्रीय मलेरिया अनुसंधान संस्थान, रानीपुर, हरिद्वार से प्राप्त गम्बूसिया मछलियों को नगर क्षेत्र के वार्ड-13 चकहरेटी एवं ग्राम सरकड़ी शेख (ब्लॉक पुर्वोकरा) के तालाबों में छोड़ा गया। इस अवसर पर चकहरेटी से सभासद नीरज कुमार, ग्राम सरकड़ी शेख से ग्राम प्रधान बिट्टू एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम से जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती शिवांका गौड़, मलेरिया निरीक्षक गौरव वर्मा, बीपीएम ज्ञानप्रकाश, सीएचओ कीर्ति उपस्थित रहे। जिला मलेरिया अधिकारी श्रीमती शिवांका गौड़ ने बताया कि गम्बूसिया व गप्पी जैसी मछलियां मच्छरों के लार्वा को अपना भोजन बनाती हैं। ये मछलियां एक दिन में 80 से 100 मच्छर लार्वा खा जाती हैं, जिससे मच्छरों के प्रजनन पर स्वाभाविक और दीर्घकालिक नियंत्रण होता है। यह जैविक विधि रासायनिक दवाओं से सस्ती, सुरक्षित एवं पर्यावरण अनुक. ूल (इको-फ्रेंडली) है।

ये मछलियां उथले तालाबों, अधिक तापमान व प्रकाश में भी जीवित रह सकती हैं और मच्छर लार्वा की अनुपस्थिति में भी अन्य पदार्थों पर जीवित रह सकती हैं। उन्होंने लोगों से अपील की कि अपने घरों एवं आस-पास साफ पानी जमा न होने दें। कूलर, गमले, टायर, फ्रीज की ट्रे, पानी की टंकियों आदि की नियमित सफाई करें।

# मेगा कृषि आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** पंजाब नेशनल बैंक, मंडल कार्यालय द्वारा पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी), मांटकी झरौली में किसानों एवं ग्रामीण युवाओं के लिए मेगा कृषि आउटरीच कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ पीएनबी सहारनपुर मंडल के उप मंडल प्रमुख ओमप्रकाश भलोटिया द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस मेगा आउटरीच कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों एवं ग्रामीण युवाओं को बैंक की विभिन्न योजनाओं की जानकारी देना एवं उन्हें इन योजनाओं से लाभान्वित करना है। आरसेटी निद. ेशक दीपक कुमार ने किसानों को कृषि अवसंरचना कोष), पशुपालन अवसंरचना विकास निधि योजना, पीएनबी भंडारण योजना एवं कोल्डवेयर सुरक्षित योजना जैसी लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। बेहट शाखा प्रबंधक सुखेंद्र, घुन्ना शाखा प्रबंधक सचिन संभालिया एवं ग्राम प्रधान मोहम्मद सुलेमान सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे। साथ ही बैंक अधिकारी मुस्कान रावत, शिव चौधरी एवं बैंक मित्र संजीव चौहान द्वारा किसानों की बैंक संबंधी समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया। बैंक की विभिन्न योजनाओं जैसे कस्टम हायरिंग सेवा इकाइयों के लिए वित्तपोषण, किसान समृद्धि योजना एवं कृषि यान योजना की जानकारी भी प्रतिभागियों को दी गई। कार्यक्रम का संचालन आरसेटी संयोजक अमित कुमार चौबे ने किया। उन्होंने लगभग 70 प्रकार के निःशुल्क रोजगारपरक प्रशिक्षण कार्यक्रमों, राष्ट्रीय पशुधन मिशन प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम औपचारीकरण योजना एवं स्वयं सहायता समूह (की विशेषताओं पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों को इनसे जुड़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में ग्रामीण क्षेत्रों की लगभग 8 शाखाओं के ऋण अधिकारी, शाखा प्रबंधक एवं आरसेटी/आरडीसी टीम ने सक्रिय भागीदारी निभाई। मौके पर ही किसानों एवं युवाओं की समस्याओं का समाधान किया गया। कार्यक्रम में 150 से अधिक किसानों एवं महिलाओं ने भाग लेकर बैंक की योजनाओं से लाभ प्राप्त किया।

❒**गंगोह।** इंडियन टैलेंट ओलंपियाड 2024 के घोषित परिणामों में नमदेव पब्लिक स्कूल होनहार विद्यार्थियों ने शानदार प्रदर्शन कर विद्यालय और क्षेत्र का नाम गर्व से ऊँचा किया। स्कूल के कक्षा 4 के छात्र निष्कर्ष ने 19वाँ स्थान, कक्षा 3 के मोहम्मद हुजैफा ने 22वाँ स्थान, तथा कक्षा 6 के अविरल सहल ने राज्य स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया।

# मोमिन अंसार सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष बने नवाब



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** मोमिन अंसार समाज, सर्वहारा सहित सभी पिछडे दलित मुस्लिमों व दस्तकारों की आवाज उठाने वाले हाजी नवाब अंसारी को मो. मिन अंसार सभा का प्रदेश उपाध्यक्ष मना. ेनीत किया गया है।

राष्ट्रीय अध्यक्ष मौ.अकरम अंसारी ने हाजी नवाब अंसारी को दिये मनोनयन पत्र में उन्हें समाज के लिये अच्छे कार्य व उचित कदम उठाने के निर्देश दिये।

## कार्यालय सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर।

पत्रांक 855/स.वि.प्रा. / जोन-10/2025-26 दिनांक 11.07.2025

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्वारा जनसामान्य को सूचित किया जाता है कि श्री बाबू राम, श्री अभिषेक कुमार पुत्र श्री बाबू राम, सुश्री नेहा रानी पुत्री बाबू राम व निशी पुत्री बाबू राम, श्रीमती चमन देवी पत्नी स्व. श्री समय सिंह द्वारा भूखण्ड संख्या-9, खसरा संख्या-653, दरा शिवपुरी स्वाद दर आबादी सर्वोदय विहार कॉलोनी, सहारनपुर के क्षेत्रफल 167.17 वर्गमीटर में भूतल पर व्यवसायिक (फुटकर दुकान), प्रथम व द्वितीय तल पर आवासीय निर्माण हेतु ऑनलाईन मानचित्र संख्या एसडीए/बीपी/24-25/0298 स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया है। सहारनपुर महायोजना-2031 में प्रश्नगत स्थल का भू-उपयोग 'आवासीय' के अन्तर्गत आता है एवं 30.00 मीटर चौडे महायोजना मार्ग पर स्थित है। जोनिंग रेगुलेशन्स के प्राविधानों के अनुसार आवासीय भू-उपयोग में 'व्यवसायिक (फुटकर दुकान)' क्रिया अनुमन्य है।

अत: प्रश्नगत स्थल पर उपर्युक्त विचाराधीन मानचित्र की स्वीकृति के सम्बंध में यदि किसी की कोई आपत्ति / सुझाव हो, तो सार्वजनिक सूचना के प्रकाशन की तिथि के एक माह के अन्दर उपाध्यक्ष, सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर के कार्यालय में उपलब्ध करा सकते है।

**उपाध्यक्ष**
**सहारनपुर विकास प्राधिकरण, सहारनपुर।**

# छात्र नेता पर जानलेवा हमला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**स्योहारा** लोकमणि कॉलेज स्योहारा में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया। जब अखिल भारतीय परिषद से जुड़े छात्र नेता मोहम्मद कलीमुद्दीन उर्फ सानू शेख पर क्लास रूम के बाहर जानलेवा हमला किया गया। एल.एल.बी. के छात्र सानू शेख कॉलेज में अपने प्रैक्टिकल देने पहुंचे थे, तभी उनके साथ यह घटना घटी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जैसे ही प्रार्थी कक्षा में पहुंचे। वहीं मौजूद छात्र राजा ने उन्हें निशाना बनाते हुए कहा तू बहुत नेता बनता है और अभद्र व्यवहार किया। माहौल गरमाता देख सानू शेख कक्षा से बाहर निकल गए। उन्होंने राजा के एक रिश्तेदार को फोन कर पूरी घटना की जानकारी दी। कुछ ही देर बाद राजा कुछ अन्य



युवकों के साथ कॉलेज परिसर में बाहर आया और सानू शेख पर अवैध हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में सानू शेख को गंभीर चोटें आईं।

साथ ही उनके मोबाइल फोन को तोड़ दिया गया। हाथ से घड़ी और जेब से कुछ रुपये भी गायब हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही उप निरीक्षक राजेश कुमार मौके पर पहुंचे और तत्काल कार्रवाई करते हुए हमले में शामिल छात्रों को हिरासत में लेकर थाने ले आए। सानू शेख लंबे समय से छात्रहितों के मुद्दों को बेबाकी से उठाते आ रहे हैं, जिससे कॉलेज प्रशासन और कुछ अन्य पक्षों में उनके प्रति असंतोष देखा गया है। प्रार्थी का आरोप है कि यह हमला केवल व्यक्तिगत रंजिश नहीं बल्कि उनके सामाजिक और संगठनात्मक कार्यों को दबाने की साजिश का हिस्सा हो सकता है।

### मदरसा मिताहुल उलूम में पौधारोपण

**चांदपुर।** मदरसा मिताहुल उलूम में एक पौधा मां के नाम मुख्यमंत्री के अभियान को आगे बढ़ाते हुए मदरसा शिक्षकों ने मदरसा परिसर में पौधारोपण कर पेड़ पौधों से होने वाले लाभों के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। मदरसे में शिक्षकों व बच्चों को अपने संक्षिप्त सम्बोधन में मैनेजर साद उर रहमान ने कहा कि पेड़ पौधों से मानव जीवन को स्वच्छ ऑसीजन प्राप्त होती है, पेड़ पौधे ही मानव जीवन का असली आधार है। इस मौके पर सीनियर शिक्षक फरजान अहमद, सरताज अनवर, मौलाना मौहम्मद अंजार, मौहम्मद यासीन, सचिन कुमार, रेहान अहमद, मास्टर शमीम अहमद, नसीम अहमद, निगहत बेग आदि शिक्षकगण पौधारोपण अभियान का हिस्सा बने।

### गुरु पूर्णिमा पर भंडारा

**धामपुर।** श्री साई सेवा संघ धार्मिक, सामाजिक संस्था के संस्थापक डॉ. जितेन्द्र कौशिक, निर्मला कौशिक व हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। डॉ. जितेन्द्र कौशिक ने बताया की पिछले पच्चीस वर्षों से प्रतिवर्ष गुरु पूर्णिमा उनके परिवार के द्वारा भंडारे का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, अनिल शर्मा एडवोकेट, अनिल कश्यप, नवचेतन शर्मा, रश्मि रावल प्राचार्य, डॉ. पूनम चौहान आदि मौजूद रहे। **धामपुर।** गुरु पूर्णिमा पर धूमधाम से मनाया गया। क्षत्राणी महिला ग्रुप सिंह विहार कॉलोनी जैतरा में योग गुरु अशोक कुमार गोयल को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सभी ने योग गुरु के प्रति अपनी भावना प्रकट की और आशीर्वाद दिया।

# गुरु पूर्णिमा पर किया गुरुओं का सम्मान

**स्योहारा।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर स्योहारा नगर एक बार फिर श्रद्धा संस्कृति और सनातन परंपरा के रंग में रंग गया। नगर के प्रतिष्ठित जाली वाले मंदिर में व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ मिलनसार एवं जनप्रिय नेता अरुण कुमार वर्मा के संयोजन में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के पूज्य आचार्यों और गुरुओं को ससम्मान अंगवस्त्र और पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अरुण कुमार वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु न केवल जीवन को दिशा देते हैं बल्कि समाज को संस्कृति और नैतिक मूल्यों से जोड़ने वाले स्तंभ भी हैं। जब तक समाज में गुरु-शिष्य परंपरा जीवित है तब तक भारतीय



सभ्यता की जड़ें अडिग रहेंगी। अरुण कुमार वर्मा न सिर्फ एक राजनीतिक नेता हैं बल्कि सामाजिक समरसता सांस्कृतिक मूल्यों और धर्म की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने वाली एक प्रेरणादायक शख्सियत भी हैं। उन्होंने अपने सामाजिक कार्यों, धार्मिक आयोजनों और युवाओं को संगठित करने की दिशा में जो योगदान दिया है, उसकी सराहना पूरे जनपद में होती है। इस आयोजन में अनेक गणमान्य, संत, समाजसेवी और विभिन्न संगठनों से जुड़े प्रमुख लोग उपस्थित रहे जिनमें प्रमुख रूप से सेक्टर संयोजक शक्ति केंद्र आरएसपी इंटर कॉलेज स्योहारा, ऑल इंडिया ज्वेलर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष बिजनौर अमित कुमार वर्मा, मनुज वर्मा, पंडित राजेंद्र शास्त्री, पंडित राकेश शर्मा आदि रहे।

# विद्युत कर्मियों ने की गिरफ्तारी की मांग



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** विद्युत निगम के संविदाकर्मी ठेकेदार हाजी मुस्तकीम पर हमले के आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होने से नाराज़ विद्युत कर्मियों ने जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर हड़ताल की चेतावनी दिये जाने के बाद निगम अधिकारियों ने पुलिस से मिलकर जल्द गिरफ्तारी किये जाने की मांग हैं। रेलवे रोड निवासी निगम के संविदाकर्मी हाजी मुस्तकीम को एक जुलाई को सांपला रोड पर बदमाशों ने हमलाकर घायल कर दिया था। तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच शुरु कर दी थी।

इस दौरान सीसीटीवी फुटेज से एक आरोपी की पहचान भी हो गई थी। लेकिन अभी तक कोई गिरफ्तारी न होने से निगमकर्मी नाराज हैं। शुक्रवार को एसडीओ पुलकित टंडन के साथ निगमकर्मी व घायल के परिजन पुलिस ने मिले। उन्होंने कहा कि आरोपी की पहचान होने के बाद भी पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी नहीं की। चेतावनी दी यदि दो दिन के भीतर हमलावर की गिरफ्तारी नहीं हुई तो उन्हें हड़ताल को मजबूर होना पड़ेता। वहीं, पुलिस ने उन्हें जल्द गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

## मनुष्य को झूठ का सहारा नहीं लेना चाहिए: शुक्ला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री मण्केश्वर महादेव मंदिर मानकी में चल रही श्री शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन कथाव्यास ने बताया कि जो मनुष्य भगवान शिव के 100 करोड़ मंत्रों का जाप कर लेता है उसको भगवान अपना आसन दे देते हैं। वृंदावन से पधारी कथाव्यास चित्रा शुक्ला दीदी ने कहा कि शिव महापुराण का पाठ करने से मृत्यु के बाद मोक्ष की प्राप्ती होती है। शिव पुराण में बताए गए नियमों का पालन भक्तों को करना चाहिए। मनुष्य को कभी भी झूठ का सहारा नहीं लेना चाहिए। मनुष्य को कर्म कर फल की इच्छा नहीं करनी चाहिए। कहा कि जो कथा आप सुन रहे हैं उसे सुनने वाले की आत्मा परमात्मा से जुड़ जाती है। शिव महा. पुराण का पाठ करते समय पवित्रता का ध्यान रखना बेहद जरूरी है।

# बुध बाजार के दुकानदारों की याचिका खारिज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** पालिका की नुजूल की भूमि पर दशकों से लगने वाली साप्ताहिक पैठ 'बुध बाजार' हिंदू संगठनों के विरोध के बाद विवादों में आये इस पैंठ बाजार के मामले पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने दुकानदारों की याचिका खारिज कर दी है। कोर्ट का कहना है कि नगर पालिका को अधिकार है कि वह बाजार कहां लगवाए।

श्री बालाजी धाम मंदिर के सामने मैदान में गत 17 अप्रैल को खेलने के दौरान कुछ युवकों के बीच विवाद हो गया था। जिसमें मंदिर का एक किशोर सेवादार घायल हो गया था। घटना से नाराज हिंदू संगठनों ने जमकर हंगामा किया था। मामला बढ़ता देख पालिका प्रशासन ने नोटिस चसपा कर पैंठ बंद करा दी थी। साप्ताहिक पैंठ बंद होने से बेरोजगार हुए मोहम्मद अय्यूब समेत कुछ दुक. ानदारों ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इस मामले की सुनवाई करते हुए कोर्ट ने पालिका अधिकारी को तलब किया था और मामले का निराकरण करने के आदेश दिए थे। जिसके बाद स्थानीय प्रशासन द्वारा उक्त पैंठ को अस्थायी रूप से भायला रोड पर भरवाने का निर्णय लिया गया था। पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग ने का कहना था कि जल्द ही भूमि तलाश कर वहां स्थाई रुप से पैठ बाजार लगवाएगी। इसी मामले में तीन जुलाई को नगर पालिका परिषद के अधिवक्ता ताबिश शेख ने मजबूती के साथ अपना पक्ष रखा था। गुरुवार को मामले की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने उक्त स्थान पर ही साप्ताहिक पैंठ भरवाने की मांग को लेकर दुकानदारों द्वारा दायर की गई याचिका को खारिज कर दिया है। साथ ही कहा है कि नगर पालिका को पूरा अधिकार है कि वह बाजार कहां लगवाए। कोर्ट द्वारा दुकानदारों की याचिका खारिज कर देने के बाद पालिकाध्यक्ष विपिन गर्ग ने कहा कि सभासदों व अन्य जिम्मेदार लोगों की सर्वसम्मति के बाद किसी अन्य स्थान पर स्थायी रूप से पैंठ लगवाई जाएगी।



# दिल्ली हाईकोर्ट ने फिल्म उदयपुर फाईल्स की रिलीज पर लगाई रोक

**देवबन्द।** विवादस्पद फिल्म उदयपुर फाइल्स की रिलीज पर सुनवाई करते हुए दिल्ली हाईकोर्ट द्वारा रोक लगाये जाने पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि यह फैसला सिर्फ फिल्म पर रोक नहीं बल्कि सांप्रदायिक तत्वों के इरादों और एजेंडे पर रोक है।जमीयत उलेमा ए हिंद के अध्यक्ष मौलाना अरशद मदनी ने जारी अपने ब्यान कहा हैं कि दिल्ली हाईकोर्ट में सुनवाई के बाद जो फैसला आया है उससे साफ है कि आपत्तिजनक दृश्यों को हटाने के बाद भी फिल्म में ऐसी सामग्री मौजूद है जो समाज में नफरत का जहर घ ोल सकती है। उन्होने कहा फिल्म के प्रदर्शन पर रोक और अन्य संबंधित अदालती आदेशों ने निस्संदेह संविधान की सर्वोच्चता को मजबूत किया है। इससे संदेश जाता है कि कला और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के नाम पर किसी को भी संवैधानिक और नैतिक सीमाओं को लांघने की अनुमति नहीं दी जा सकती। उन्होने कहा कि कोर्ट का यह निर्णय भविष्य के लिए भी एक नजीर माना जाएगा और अन्य फिल्म निर्माताओं को भी एक बड़ा सबक मिलेगा जो फिरकापरस्त ताकतों को खुश करने की नापाक मंशा से ऐसी फिल्में बनाकर देश की शांति, एकता और सांप्रदायिक सद्भाव को नुकसान पहुँचाने की को. शिश करते हैं। उन्होने कहा हमें खुशी है कि हमारी कोशिशें कामयाब रहीं, और हमें पूरा विश्वास है कि अंतिम फैसला भी हमारे पक्ष में ही होगा।

# भक्तामर महामंडल विधान का शुभारंभ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री दिगंबर जैन पारसनाथ मंदिर सरागवाड़ा में 48 दिनों तक चलने वाले भक्तामर महामंडल विधान का शुभारम्भ शुक्रवार को हुआ। प्रथम दिन जैन आचार्य श्री 108 अरुण सागर महाराज ने भक्तों के साथ 48 श्लोक का पाठ कर जैन धर्म के संस्थापक तीर्थंकर आदिनाथ भगवान (ऋषभ देव) की विधि विधान से स्तुति की।

आचार्य अरुण सागर महाराज ने बताया कि भक्तामर स्तोत्र भगवान आदिनाथ की महिमा और गुणों का वर्णन करता है। जैन धर्म के आचार्य मानतुंग देव का भगवान आदिनाथ से गहरा संबंध है। भगवान आदिनाथ की स्तुति में श्री भक्तामर स्तोत्र की रचना तब की थी जब वे राजा भोज के कारागार में बंद थे। उन्होंने भगवान आदिनाथ की स्तुति में 48 श्लोक की रचना की थी। उसके प्रभाव से उनकी हथकड़ी और बेडियां खुल गई और वे कारागार से मुक्त हो गए। पहले दिन भक्तामर महामंडल विधान का आयोजन अंकित कुमार व अविरल द्वारा कराया गया। अर्चना जैन, चंदन जैन, शिल्पी जैन, सविता जैन, मोना जैन, आस्था जैन, नीतू जैन, अनुज जैन, सुदेश जैन, अभिषेक जैन, प्रदीप जैन आदि मौजूद रहे।



# पशिचम प्रदेश निर्माण के बिना तरक्की संभव नहीं: वर्मा



**देवबन्द।** पश्चिम उत्तर प्रदेश के विकास एवं जनता की उन्नति के लिए 26 जनपदो को मिलाकर पृथक पश्चिम प्रदेश का निर्माण अवश्यक हैं तभी पश्चिम प्रदेश वासियों की समस्याओं का समाधान हो सकता है।

पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने स्थानीय कार्यालय पर आयोजित बैठक में उक्त विचार व्यक्त करते हुए कहा कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की 8 करोड़ जनता की उन्नति और विकास के लिए 26 जिले 6 मंडल 27 लोकसभा क्षेत्र 137 विधानसभा क्षेत्र को मिलाकर पृथक पश्चिम प्रदेश का निर्माण किये बिना पश्चिम प्रदेश वासियों की समस्याओं का समाधान सम्भव नहीं है। उन्होने कहा कि उत्तर प्रदेश बड़ा राज्य होने के कारण यहां कानून व्यवस्था चौपट हो गई है। सभी विभागों में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। उन्होने कहा कि छोटे-छोटे राज्यों के निर्माण से ही प्रदेश तरक्कि कर सकते हैं। बैठक में निरज कपिल, कृपाल सिंह, मास्टर रईस अहमद, मौहम्मद वसीम, यशपाल त्यागी, सुभाश त्यागी, महबूब हसन, नरेश कुमार, हाजी सुलेमान, विजयपाल सिंह, सुधीर चौ. आदि शामिल रहे।

# मंदिर समिति का वैभव अग्रवाल को अध्यक्ष उमेश सैनी को महामंत्री गौरव प्रभाकर को कोषाध्यक्ष किया मनोनीत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** श्री शिव शक्ति साई धाम मंदिर समिति की आयोजित बैठक में समिति का पुनर्गठन करते हुए वैभव अग्रवाल को अध्यक्ष, उमेश सैनी को महामंत्री एवं गौरव प्रभाकर को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया।

श्री शिव शक्ति साई धाम मंदिर प्रांगण में आयोजित बैठक में संस्थापक राकेश सिंघल द्वारा मंदिर समिति का पुनर्गठन किया। नवमना. नीत पदाधिकारियों का समिति से जुड़े लोगों ने स्वागत किया। नवमनोनीत अध्यक्ष वैभव अग्रवाल ने कहा कि नगरवासियों के सहयोग से मंदिर का निर्माण कार्य प्रगति पर है जल्द ही भक्तों को मंदिर में साई बाबा के साथ-साथ शिव परिवार, राम दरबार, मां दुर्गा, दक्षिणी मुखी हनुमान, राधा कृष्ण, मां दुर्गा, नवग्रह, दत्तात्रेय और नंदी महाराज के भी दर्शन होंगे।

बैठक का संचालन राजेश अनेजा ने किया। प्रदीप सिंघल, सरदार बलदीप, गगन छाबड़ा, अशोक पाल, पुनीत कोहली, डा. सचिन कुमार, प्रदीप अग्रवाल, अमरीश त्यागी, लक्ष्मण सैनी, नरेश त्यागी आदि शामिल रहे।



## भंडारे का आयोजन

**हल्दौर।** गुरु पूर्णिमा के मौके पर गुरुवार को नगर के बालाजी धाम जमुनादास धर्मशाला पर श्री हनुमान चालीसा पाठ के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सभासद चंद्रपाल सिंह, रमेश मुंशी, करण सिंह आदि रहे। धूलिया महाद. ेव संस्थान पर हवन पूजन के बाद आयोजित भंडारे में रघुवीर शरण शर्मा, चरण सैनी, सुरेश शर्मा, अवधेश शर्मा, राजा आदि का सहयोग रहा। अट्टे वाले बाबा के मठ पर यज्ञ उपरांत विशाल भंडारे में वरुण प्रताप सिंह, संजय कश्यप, मो. हित चौहान, विपिन कुमार, लव कुमार, अंकुश, सौरभ, कामेंद्र चौहान, राजन ठाकुर, मुन्ना सैनी, जंगबहादुर सिंह आदि का सहयोग रहा। वहीं गांव शफीपुर नंगली में स्थित प्राचीन स्वयंभू महादेव धाम ट्रस्ट में पुजारी भूपेंद्र सिंह, पंडित कृष्ण कुमार ने पूजा अर्चना कराई।

## बाट माप निरीक्षक ने रिपेयरकर्ताओं को दिया ऑनलाइन प्रशिक्षण

**हीमपुर दीपा।** जीरो करप्शन के आधार पर चल रही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लगभग सभी विभागों को ऑनलाइन कर दिया गया है ताकि आमजन और सरकारी अफसरान और शासन के बीच सब कुछ आईने की तरह साफ रहे और कही रिश्वतखोरी की होना तो दूर उसके आरोप भी जिम्मेदारों पर न लग सके। इसी क्रम में ऑनलाइन हुए बाट माप कार्यालयों में भी दिन प्रतिदिन मरम्मतकर्ताओं सहित डीलर और मैन्युफैक्चरर्स को भी ऑनलाइन जमा की जाने वाली फीस के लिए ट्रेनिंग दी जा रही है। आज बाट-माप कार्यालय चांदपुर में बाट माप निरीक्षक संजय कुमार द्वारा सभी रिपेयरकर्ताओं, डीलरों व मैन्युफैक्चरर्स को दफ्तर बुलाकर स्टेप बाई स्टेप फीस जमा करने सहित डीलर स्टॉक की मोहर लगवाने को समझाया गया। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया एक दो बार प्रयास के बाद स्वयं ही आदत में शुमार हो जायेगी। उन्होंने अधिक से अधिक ऑनलाइन कार्य करने और ग्राहकों को संतुष्ट करने की बात कही। वहीं दफ्तर में मौजूद बड़े बाबू बालमुकुंद शाह ने बताया कि आने वाला समय सब ऑनलाइन प्रक्रिया का है। आलाधिकारियों के दिशा निर्देशन में कार्य करते हुए प्रक्रियाबद्ध चलेंगे, तो हमें भविष्य में भी कोई दिक्कत नहीं होगी। इस अवसर पर बाट माप निरीक्षक संजय कुमार, बड़े बाबू बालमुकुंद शाह सबरी, रिपेयरकर्ता चंद्रमोहन, नरेंद्र सिंह, रोहित आदि रहे।

**कार्यालय: सचिवालय ग्राम धौलाहेड़ी विकास खण्ड-सरसावा ( सहारनपुर )**

पत्रांक:- मीमो / मनरेगा / 2025-26 दिनांक 11.07.2025

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

समस्त शासकीय ठेकेदारों/फर्मों को सूचित किया जाता है कि विकास खण्ड सरसावा की ग्राम पंचायत धौलाहेड़ी में मनरेगा योजनान्तर्गत प्राइमरी स्कूल (यूपीएस) धौलाहेड़ी में दीवार निर्माण कार्य दीवार की लंबाई 165 मी. अनुमानित लागत 509986 रुपये के निर्माण हेतु दिनांक 11/7/2025 से 14/7/2025 तक दोपहर 12 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा पत्र, ग्राम सचिवालय से प्राप्त की जा सकती है। सबसे कम दर की निविदा को स्वीकृत किया जाएगा। निविदादाता को निविदा के साथ अनुमानित लागत का 2 प्रतिशत एफ0डी0आर0 जो सचिव ग्राम पंचायत के नाम बन्धक होगी, जमा करनी होगी। कार्य की नियम व शर्तें किसी भी कार्य दिवस में सचिवालय में आकर देखी जा सकती हैं। प्राप्त निविदायें दिनांक 14/7/2025 को अपरान्ह 3 बजे निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरी द्वारा बिना कारण बताये किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

ग्राम सचिव श्री विक्रम सिंह — ग्राम प्रधान श्रीमती पूनम सैनी

# सांप के काटने से मासूम राघव की मौत

## विज्ञान भी हार गया, आस्था भी टूटी पर नहीं लौटी सांसें





**शाह टाइम्स संवाददाता**

**धामपुर/स्योहारा।** स्योहारा क्षेत्र के गांव चंचलपुर निवासी मजदूर प्रदीप के 7 वर्षीय बेटे राघव की मौत ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया। गुरुवार दोपहर जब राघव अपने घर में मोबाइल देख रहा था, तभी एक जहरीले सांप ने उसे डस लिया। परिजनों ने तुरंत निजी डॉक्टर से इलाज शुरू कराया, फिर स्योहारा, हरेवली और मुरादाबाद तक भागदौड़ की, लेकिन रात 11 बजे डॉक्टरों ने राघव को लाइलाज घोषित कर दिया।

मासूम की सांसों को बचाने के लिए परिजनों ने तब आस्था का रास्ता अपनाया और उसे जहांगीर बाबा के मंदिर, गांव सरकड़ा में ले गए। शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे मंदिर पहुंचे परिजनों ने पुजारी से अनुष्ठान शुरू करवाया। उपले जलाकर कढ़ाई गर्म की गई, जिसे राघव के सिर पर रखा गया। मंत्र, झाड़-फूंक और पूजा से तीन घंटे तक लगातार कोशिश होती रही, लेकिन कोई हरकत नहीं हुई। बार-बार पल्स चेक की गई, लेकिन नतीजा वही रहा कोई प्रतिक्रिया नहीं। आखिरकार तीन घंटे बाद धार्मिक अनुष्ठान रोक दिया गया। राघव की मौत एक हादसा नहीं, बल्कि समाज के सामने एक सवाल बनकर खड़ा है, जब चिकित्सा व्यवस्था जवाब दे देती है, तब गरीब आखिर जाए कहां?

क्या आस्था के नाम पर जीवन से खेलने की मजबूरी हमारी विफलताओं की कहानी नहीं है?

### मां की आंखों में दिखाई दिया दरिया, पिता चमत्कार की उम्मीद में टकटकी लगाए रहा

**धामपुर।** मंदिर परिसर में राघव की मां बेसुध रोती रही। उसकी आंखों से रुक-रुककर आंसू गिरते रहे, मानो अंदर का दर्द एक दरिया बनकर बह रहा हो। पिता प्रदीप मंदिर की सीढ़ियों पर बैठा अपने बेटे को देखता रहा। हर मंत्र, हर झाड़-फूंक के साथ उसकी आंखें किसी चमत्कार की तलाश करती रहीं। कभी पुजारी की ओर देखता, कभी बेटे की ओर। राघव के शरीर की ओर टकटकी लगाए बैठा प्रदीप तब भी उम्मीद नहीं छोड़ रहा था, जब पल्स जीरो हो चुकी थी।

### चमत्कार की उम्मीद में ग्रामीण मंदिर के बाहर एकत्र रहे, भजन संध्या भी चली

**धामपुर।** जैसे ही यह बात फैली कि राघव को सांप ने काट लिया और अब मंदिर में अनुष्ठान चल रहा है। पूरे इलाके से सैकड़ों लोग मंदिर पर पहुंच गए। मंदिर परिसर में भजन मंडली भी पहुंच गई, जो लगातार भक्ति संगीत और भजन गाती रही। भोले तेरी लीला अपार है। माहौल एक आध्यात्मिक दरबार में बदल गया, लेकिन हर किसी की आंखें एक ही सवाल कर रही थीं क्या राघव बचेगा?

### ग्रामीण बोले- सांप दोबारा दिखाई दिया, शायद जहर चूसने आया था

**धामपुर।** घटना के बाद मंदिर में मौजूद कुछ ग्रामीणों ने दावा किया कि उन्हें उसी तरह का सांप फिर से राघव के कमरे में दिखा। कई महिलाओं का कहना था कि यह सांप राघव का जहर चूसने आया होगा। यह बात सुनकर कई लोग हक्के-बक्के रह गए। कुछ लोगों ने सांप को ढूंढने का प्रयास किया, पर वह फिर नहीं दिखा। गांव में इस पर तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

**कार्यालय:- ग्राम पंचायत वजीरपुर, वि०ख० गंगौह**

पत्रांक:- मीमो/ ग्राम पंचायत/ निविदा/2025-26 दिनांक- 07.07.2025

**-: अति अल्पकालीन निविदा सूचना:-**

समस्त शासकीय पंजीकृत निर्माण ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत वजीरपुर, विकास खण्ड गंगोह में 15वा वित्त/राज्य वित्त आयोग मद में प्राप्त धनराशि से निम्न कार्य कराये जाने प्रस्तावित है, जिसके लिये अल्पकालीन निविदायें दिनांक 14.07.2025 की अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 14.07.2025 की अपरान्ह 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमाकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। सम्बन्धित निविदादाता को निविदा के साथ कार्य की अनुमानित लागत के 2 प्रतिशत की दर से जमानत राशि एफ0डी0आर0, जो ग्राम पंचायत अधिकारी वजीरपुर के नाम से बन्धक हो, के रूप में जमा करानी होगी। कार्यो के नियम एवं शर्ते इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर देखी जा सकती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 14.07.2025 की अपरान्ह 04:00 बजे उक्त कार्य हेतु गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण दर्शाए किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | कार्य का माप | योजना का नाम | अनुमानित लागत | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य+जी.एस.टी | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्राईमरी विद्यालय में टाईलीकरण कार्य | 1 | राज्यवित्त/ केन्द्रीय वित्त आयोग | 128008 | 2560 | 300 | 3 माह |
| 2. | बिरजा के घेर से मेन रोड तक इंटरलोक निर्माण | 1 | राज्यवित्त/ केन्द्रीय वित्त आयोग | 117146 | 2342 | 300 | 3 माह |

**ग्राम प्रधान वजीरपुर** — **ग्राम सचिव वजीरपुर**

**कार्यालय:- ग्राम पंचायत कुतुबखेडी, वि०ख० गंगौह**

पत्रांक:- मीमो/ ग्राम पंचायत/ निविदा/2025-26 दिनांक- 07.07.2025

**-: अति अल्पकालीन निविदा सूचना:-**

समस्त शासकीय पंजीकृत निर्माण ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत कुतुबखेडी, विकास खण्ड गंगोह में 15वा वित्त/राज्य वित्त आयोग मद में प्राप्त धनराशि से निम्न कार्य कराये जाने प्रस्तावित है, जिसके लिये अल्पकालीन निविदायें दिनांक 14.07.2025 की अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 14.07.2025 की अपरान्ह 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमाकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। सम्बन्धित निविदादाता को निविदा के साथ कार्य की अनुमानित लागत के 2 प्रतिशत की दर से जमानत राशि एफ0डी0आर0, जो ग्राम पंचायत अधिकारी कुतुबखेडी के नाम से बन्धक हो, के रूप में जमा करानी होगी। कार्यो के नियम एवं शर्ते इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर देखी जा सकती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 14.07.2025 की अपरान्ह 04:00 बजे उक्त कार्य हेतु गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण दर्शाए किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | कार्य का माप | योजना का नाम | अनुमानित लागत | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य+जी.एस.टी | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | प्राईमरी विद्यालय में टाईलीकरण कार्य | 1 | राज्यवित्त/ केन्द्रीय वित्त आयोग | 126700 | 2534 | 300 | 3 माह |
| 2. | महिला स्नानघर निर्माण कार्य | 1 | राज्यवित्त/ केन्द्रीय वित्त आयोग | 320000 | 6400 | 300 | 3 माह |

**ग्राम प्रधान कुतुबखेडी** — **ग्राम सचिव कुतुबखेडी**

**कार्यालय:- ग्राम पंचायत खंडलाना, वि०ख० गंगौह**

पत्रांक:- मीमो/ ग्राम पंचायत/ निविदा/2025-26 दिनांक- 07.07.2025

**-: अति अल्पकालीन निविदा सूचना:-**

समस्त शासकीय पंजीकृत निर्माण ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत खंडलाना, विकास खण्ड गंगोह में 15वा वित्त/राज्य वित्त आयोग मद में प्राप्त धनराशि से निम्न कार्य कराये जाने प्रस्तावित है, जिसके लिये अल्पकालीन निविदायें दिनांक 14.07.2025 की अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र दिनांक 14.07.2025 की अपरान्ह 01:00 बजे तक निर्धारित शुल्क जमाकर इस कार्यालय से प्राप्त किये जा सकते है। सम्बन्धित निविदादाता को निविदा के साथ कार्य की अनुमानित लागत के 2 प्रतिशत की दर से जमानत राशि एफ0डी0आर0, जो ग्राम पंचायत अधिकारी खंडलाना के नाम से बन्धक हो, के रूप में जमा करानी होगी। कार्यो के नियम एवं शर्ते इस कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में आकर देखी जा सकती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 14.07.2025 की अपरान्ह 04:00 बजे उक्त कार्य हेतु गठित समिति के समक्ष खोली जायेगी। अधोहस्ताक्षरी को बिना कोई कारण दर्शाए किसी भी अथवा समस्त निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार सुरक्षित है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | कार्य का माप | योजना का नाम | अनुमानित लागत | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य+जी.एस.टी | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | राजकुमार माली के मकान से मामचन्द के मकान तक इंटरलोक निर्माण | 1 | राज्यवित्त/ केन्द्रीय वित्त आयोग | 251866 | 5037 | 300 | 3 माह |
| 2. | सोशल पब्लिक स्कूल से मेन रोड तक इंटरलोक निर्माण | 1 | राज्यवित्त/ केन्द्रीय वित्त आयोग | 271479 | 5429 | 300 | 3 माह |
| 3. | देवेन्द्र के मकान से मेन रोड तक इंटरलोक निमार्ण | 1 | राज्यवित्त/ केन्द्रीय वित्त आयोग | 179850 | 3597 | 300 | 3 माह |
| 4. | सुरेन्द्र के मकान से मेन रोड तक इंटरलोक निर्माण | 1 | राज्यवित्त/ केन्द्रीय वित्त आयोग | 236368 | 4727 | 300 | 3 माह |

**ग्राम प्रधान खंडलाना** — **ग्राम सचिव खंडलाना**

## संक्षिप्त खेल समाचार

### लगातार तीसरी बार विंबलडन फाइनल में पहुंचे अल्काराज

**लंदन, वार्ता।** दूसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज ने पांचवीं सीड अमेरिका के टेलर फिट्ज को शुक्रवार को चार सेटों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराकर लगातार तीसरी बार विम्बलडन टेनिस प्रतियोगिता के पुरुष एकल फाइनल में प्रवेश कर लिया। दो बार के गत विजेता कार्लोस अल्काराज ने अमेरिकी टेलर फिट्ज को 6-4, 5-7, 6-3, 7-6(6) से हराकर लगातार तीसरी बार विंबलडन फाइनल में प्रवेश किया। धूप से तपते सेंटर कोर्ट पर खेलते हुए, अल्काराज ने अपने पहले सर्व के 88 प्रतिशत अंक जीते, लेकिन दो घंटे 48 मिनट तक चले मुकाबले के दौरान उन्हें कई बार दबाव में रहना पड़ा। दूसरे सेट के अंतिम चरण में स्पेनिश खिलाड़ी थोड़ी देर के लिए बराबरी पर आ गए, लेकिन तीसरे सेट में उन्होंने प्रभावशाली वापसी की और अपनी बेसला. इन पावर और निरंतरता से पांचवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को पीछे छोड़ दिया।

### कार्लसन ने बिना कोई मोहरा गंवाए चैटजीपीटी को हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** शतरंज के दिग्गज मैग्नस कार्लसन, जो पहले ही पांच क्लासिकल विश्व चैंपियनशिप और रैपिड तथा ब्लिट्ज दोनों प्रारूपों में शीर्ष वैश्विक रैंकिंग के साथ ओवर-द-बोर्ड शतरंज की दुनिया में अपना दबदबा बना चुके हैं, अब अपना ध्यान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की चुनौतियों का सामना करने पर केंद्रित कर रहे हैं। नॉर्वे के इस खिलाड़ी ने हाल ही में ओपनएआई के संवादी एआई, चैटजीपीटी के साथ शतरंज के खेल में मुकाबला किया और बिना एक भी मोहरा गंवाए निर्णायक जीत हासिल की।

# राहुल-नायर ने भारतीय पारी संभाली

● **फिफ्टी पार्टनरशिप कर चुके दोनों बल्लेबाज, 13 रन पर जायसवाल का विकेट गिरा था, इंग्लैंड के 387 रनों पर 10 विकेट**

**लंदन, वार्ता।** भारत ने इंग्लैंड को लाड्र्स टेस्ट की पहली पारी में 387 रन पर ऑलआउट कर दिया है। जवाबी पारी में भारत ने 13 रन पर यशस्वी जायसवाल (13 रन) का विकेट गंवा दिया है।

4 साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे जोफ्रा आर्चर ने यशस्वी को स्लिप पर हैरी ब्रुक के हाथों कैच कराया। आखिरी सेशन में भारतीय टीम का स्कोर 65/1 है। केएल राहुल और करुण नायर नाबाद हैं। दोनों के बीच फिफ्टी पार्टनरशिप हो चुकी है। शुक्रवार को मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड ने 251/4 के स्कोर से खेलना शुरू किया। टीम ने लंच से पहले 271 रन पर 7 विकेट गंवा दिए थे। यहां से जैमी स्मिथ (51 रन) ने ब्रायडन कार्स (56 रन) के साथ 8वें विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी करके स्कोर 350 पार पहुंचाया। लाड्र्स मैदान पर आज 99 रन से पारी को आगे बढ़ाने वाले जो रूट ने 104 रन बनाए। उन्हें जसप्रीत बुमराह ने बोल्ड कर दिया। बुमराह ने पारी में 5 विकेट झटके। उन्होंने इस सीरीज में दूसरी और करियर में 15वीं बार पारी में 5 विकेट झटके हैं। उन्होंने जोफा आर्चर, क्रिस वोक्स, जो रूट बेन स्टोक्स और हैरी ब्रुक को आउट किया। 18वें ओवर में केएल राहुल और करुण नायर ने फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली है। करुण नायर ने ब्रायडन कार्स के ओवर की दूसरी बाल पर दो रन लेकर साझेदारी को 50 पार पहुंचाया। 16वें ओवर में भारतीय टीम ने पहली पारी में 50 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। करुण नायर ने ब्रायडन कार्स की तीसरी बाल पर चौका लगाकर टीम स्कोर 50 पार पहुंचाया। करुण नायर तीसरे सेशन के पहले ओवर में डीआरै लेकर आउट होने से बच गए। कप्तान बेन स्टोक्स ने दूसरी बाल लेग स्टंप पर रखी थी, जो उछाल लेते हुए विकेटकीपर जैमी स्मिथ के पास गई। इंग्लिश प्लेयर्स की अपील पर फील्ड अंपायर ने उंगली भी उठा दी। ऐसे में नायर ने डीआर लिया। रिप्ले से पता चला कि बाल ने बल्ले का किनारा नहीं लिया था। लाड्र्स टेस्ट का दूसरा सेशन भी मिला. जुला रहा है। 21.3 ओवर के इस सेशन में 78 रन बने और 4 विकेट गिरे। इनमें से एक विकेट भारत ने 44 रन बनाने में गंवा दिया। जबकि इंग्लैंड ने आखिरी 3 विकेट गंवाने में 34 रन बना डाले। इंग्लिश टीम पहली पारी में 387 रन पर आलआउट हुई। 8वें ओवर में करुण नायर ने जोफ्रा आर्चर की बाल पर लगातार को चौके लगाए। उन्होंने ओवर की चौथी बाल पर सामने की ओर चौका लगाया। 5वीं बाल पर अनियंत्रि शाट खेलकर शार्ट फाइन लेग पर आउट होने से बचे। यह बाल भी बाउंड्री से बाहर चली गई। आर्चर के इस ओवर से 10 रन आए। भारतीय टीम ने दूसरे ओवर में ही पहला विकेट गंवा दिया है। 4 साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे आर्चर ने यशस्वी जायसवाल को दूसरे स्लिप पर हैरी ब्रुक के हाथों कैच कराया। भारतीय पारी का पहला ओवर डाल रहे क्रिस वोक्स ने 13 रन खर्च कर दिए। उनके ओवर में ओपनर जायसवाल ने 3 चौके लगाए।




# कर्टिस ने पांच गेंद में पांच विकेट लेकर रचा इतिहास

● **कर्टिस कैम्फर को अपने दूसरे और तीसरे ओवर के दौरान यह पांचों विकेट हासिल हुए**

**डबलिन, वार्ता।** आयरलैंड के ऑलराउंडर कर्टिस कैम्फर पेशेवर क्रिकेट में पांच गेंदों में पांच विकेट लेकर इतिहास रच दिया है। वह यह कारनामा करने वाले पहले गेंदबाज हैं। मुनस्टर रेड्स के कप्तान कैम्फर ने इंटर-प्रोविंसियल टी-20 ट्रॉफी में नॉर्थ-वेस्ट वॉरियर्स के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। कैम्फर को अपने दूसरे से तीसरे ओवर के दौरान यह पांचों विकेट हासिल किए। वॉरियर्स 189 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 87/5 के बाद 88 पर सिमट गई। पाँच विकेटों में से पहले विकेट जेरेड विल्सन 12वें ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हुए, जब कैंपर की गेंद लस्वग होकर ऑफ स्टंप से टकरा गई। अगली गेंद पर, ग्राहम ह्यूम बैकफुट पर पगबाधा हो गए यह इनस्विंगर उनके पैड पर लगी। इसके साथ ही कैंपर ने अपने अगले ओवर की शुरुआत में हैट्रिक बना ली और यह हैट्रिक तब आई जब 14वें ओवर की पहली गेंद पर एंडी मैकब्राइन डीप मिडविकेट की ओर स्लॉग शॉट खेलने में चूक गए। कैम्फर ने इस मैच कुल 2-3 ओवर की गेंदबाजी करते हुए 16 रन देकर पांच विकेट झटके। कैम्फर ने अपनी इस उपलब्धि पर कहा कि ओवरों के बदलाव के बीच मुझे समझ नहीं आ रहा था कि क्या हो रहा है। मैं बस चीजो को बहुत सरल रखने पर बल दिया और सौभाग्य से मैं ऐसा कर पाने में सफल रहा। जब उनसे पूछा गया कि अगर कोई और बल्लेबाज आता तो क्या वह छह में से छह रन बना पाते, तो कैम्फ़र ने कहा कि नहीं, मुझे नहीं लगता। दोनों ही चीजें मुझे स्वीकार्य होतीं। मैं बस खेलकर खुश हूं। उंगली की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय और टी-20 सीरीज से बाहर होने के बाद यह कैम्फर का दूसरा मैच था। मंगलवार को लेइनस्टर लाइटनिंग के खिलाफ अपने वापसी मैच में उन्होंने 35 गेंदों पर 57 रन बनाए थे, लेकिन गें. दबाजी नहीं की थी। गुरुवार को भी उन्होंने 24 गेंदों पर 44 रन बनाए और फिर पांच विकेट लिए। कैम्फर अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैचों में चार गेंदों पर चार विकेट लेने वाले गेंदबाजी की सूची में शामिल हैं यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी नहीं हैं।

# माही को युगल पार्टनर चुनूंगा विंबलडन 2025 में सूर्यकुमार

● **मैं निश्चित रूप से नोवाक जोकोविच को देखने आया हूं, मैंने उनके करियर पर नजर रख रखी है**

**लंदन, वार्ता।** विंबलडन रॉयल बॉक्स में सितारों का आना जारी है, ऐसे में भारतीय टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव भी वहां रुकने वाले नए भारतीय क्रिकेटर हैं। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार से टेनिस के प्रति अपने प्रेम, अपने खेल के दिग्गजों और अपने जीवन में क्रिकेट-टेनिस के अप्रत्याशित मेल के बारे में बात की। विंबलडन में पहली बार आने की वजह पर सूर्या ने कहा कि मैं टेलीविजन पर टेनिस काफी देखता हूं।

मैंने हमेशा सेंटर कोर्ट के माहौल के बारे में सुना है, खासकर जब आप अंदर कदम रखते हैं। मैं यहां उस अद्भुत एहसास का अनुभव करने आया हूं। विंबलडन में पहली बार टेनिस देखने और अपने सूट के पीछे की प्रेरणा के बारे में उन्होंने कहा कि मैं पहली बार यहां आया हूं, और मैं सब कुछ सही करना चाहता था। सच कहूं तो, मेरी पत्नी मेरा बहुत ख्याल रखती है।

वह पिछले तीन-चार दिनों से मेरे साथ रही है और मुझे इस शानदार टूर्नामेंट में क्या पहनना है, यह तय करने में मदद कर रही है। इतने सारे लोग बड़ी संख्या में आए हैं, मैं भी उनमें से एक हूं, बस यही अनुभव करने आया हूं। जिन सितारों को देखने का वह बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, उनके बारे में सूर्या ने कहा कि मैं निश्चित रूप से नोवाक जोक. ोविच को देखने आया हूं। मैं बहुत लंबे समय से उनके करियर पर नजर रख रहा हूं। मैंने उनकी किताब 'सर्व टू विन' भी पढ़ी है, जिसने मुझे वाकई प्रेरित किया। मैंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण थोड़ी देर से किया, हालांकि 30 साल की उम्र ज्यादा नहीं, लेकिन मैं उनके सफर और दृढ़ता से खुद को जोड़ पाया। जिस तरह से वह आगे बढ़ते रहते हैं, वह अद्भुत है। सूर्या ने अपने पसंदीदा टेनिस खिलाड़ियों, भूतपूर्व और वर्तमान, के बारे में कहा कि अगर हम खास तौर पर विंबलडन की बात कर रहे हैं, तो निश्चित रूप से पीट सम्प्रास और रोजर फेडरर। मुझे याद है कि जब भी इनमें से कोई यहां आता था, तो दर्शक कैसे पागल हो जाते थे। लेकिन मेरे सर्वकालिक पसंदीदा खिलाड़ी नोवाक जोकोविच हैं। और वर्तमान में, मैं कार्लोस अल्काराज का नाम लूंगा, वह कोर्ट पर धमाल मचा रहे हैं।

# गेंदबाजी में सुधार का श्रेय कमिंस-मॉर्कल को: रेड्डी

**लॉर्ड्स, वार्ता।** इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन एक ही ओवर में दो विकेट झटकने वाले भारतीय तेज गेंदबाज नीतीश कुमार रेड्डी ने कहा कि उनकी गेंदबा. जी में सुधार का श्रेय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनके कप्तान पैट कमिंस और भारतीय गेंदबाजी कोच मोर्न मॉर्कल को जाता है।

पहले दिन के खेल के बाद रेड्डी ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद मुझे महसूस हुआ कि मुझे अपनी गेंदबाजी और निरंतरता पर काम करने की आवश्यकता है। मैंने पैट से जब इस संबंध में बात की तो उन्होंने मुझे बताया कि मुझे ऑस्ट्रेलिया में कैसी गेंदबाजी करनी चाहिए थी और मैं ऑस्ट्रेलिया में कैसी गेंदबाजी कर सकता हूं। यह मेरे लिए बड़ा अनुभव था और इस दौरे की शुरुआत से पहले मॉर्कल के साथ काम करना भी मेरे काम आया। वह पिछले कुछ सप्ताह से मेरे साथ लगातार काम कर रहे हैं और मेरी गेंदबा. जी में बहुत सुधार दिखा है। उनके साथ काम करने में मजा आ रहा है। उन्होंने कहा कि चूंकि मुझे दोनों ओर लस्वग प्राप्त होती है इसलिए हम लगातार मेरी निरंतरता पर काम कर रहे हैं। मैं केवल उन एरिया में निरंतर होना चाहता हूं जहां जरूरत है और हम इस पर काम कर रहे हैं। मैं मेहनत कर रहा हूं लेकिन अंत में चीजों को समझना और स्वयं पर भरोसा रखना सबसे अहम है। जब आप स्वयं पर भरोसा करते हैं तभी आपकी कड़ी मेहनत रंग लाती है और मुझे अब यह बात समझ आ रही है। उन्होंने कहा कि चोट के बाद लय में आना मेरे लिए कठिन था। आईपीएल सीजन के आखिर में मैंने गेंदबाजी करना

### लारा ने कहा कि मुझे उनका रिकॉर्ड तोड़ने के लिए जाना चाहिए था : मुल्डर

**बुलावायो, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर वियान मुल्डर ने कहा है कि ब्रायन लारा ने उनसे कहा था कि उन्हें टेस्ट में सर्वाच्च व्यक्तिगत स्कोर का उनका रिकॉर्ड तोड़ने के लिए जाना चाहिए था। बुलावायो में जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट में मुल्डर ने लंच ब्रेक के दौरान पारी घोषित कर दी थी तब मुल्डर 367 के निजी स्कोर पर नाबाद थे। इस फैसले के बाद मुल्डर 2004 में, एंटीगा में इंग्लैंड के खिलाफ लारा द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड नाबाद 400 रन से 33 रन दूर रह गए थे। मुल्डर ने पारी घोषित करने के बाद कहा था कि लारा का रिकॉर्ड लारा के नाम ही रहना चाहिए लेकिन बाद में उन्होंने खुलासा किया कि इस मामले पर लारा की दूसरी राय थी। मुल्डर ने सुपरस्पोर्ट से कहा कि अब चीजें पहले के मुकाबले बेहतर हुई हैं। मेरी ब्रायन लारा से भी बात हुई है। उन्होंने मुझसे कहा कि मैं अपनी लीगेसी बना रहा हूं और मुझे रिकॉर्ड के लिए जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड टूटने के लिए ही होते हैं और उन्होंने यह उम्मीद जताई कि मैं दोबारा उस स्थिति में आऊं कि रिकॉर्ड तोड़ पाऊं।

# भारत में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेगा पाक

● **भारत में होने वाले एशिया कप और जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट को लेकर पाक चौकस**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक तनाव के कारण खेल संबंधों में गतिरोध बना हुआ है। भारत में इस साल बाद में एशिया कप और जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंटों का आयोजन होना है।

पाकिस्तान इन टूर्नामेंटों के लिए अपनी राष्ट्रीय हॉकी टीम भेजने पर फैसला लेने से पहले भारत में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेगा। पाकिस्तान सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि अगर कोई सुरक्षा खतरा होगा तो उनकी हॉकी टीम भारत नहीं भेजी जाएगी। प्रधानमंत्री युवा विकास एवं खेल कार्यक्रम के अध्यक्ष राणा मसूद ने कहा कि पाकिस्तान की हॉकी टीम टूर्नामेंट के लिए भारत तभी जाएगी जब सरकार सुरक्षा स्थिति से पूरी तरह संतुष्ट होगी। पूर्व मंत्री ने कहा कि पाक नागरिकों के लिए भारत में स्थिति से अगर वह संतुष्ट नहीं है, तो वह हमारे किसी भी खिलाड़ी को भारत में खेलने के लिए भेजकर उसे जोखिम में नहीं डालेगा।

## नए पाक कोच माइक हेसन ने बाबर आजम व शाहीन अफरीदी की वापसी की राह बताई

● **दोनों खिलाड़ी इस समय कराची में अपने साथियों के साथ एक प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे हैं**

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान के नए सीमित ओवरों के कोच माइक हेसन ने उन कदमों का खुलासा किया है जो अनुभवी जोड़ी बाबर आजम और शाहीन अफरीदी को टी-20 अंतर्राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए उठाने होंगे।

बाबर और शाहीन ने 2021 और 2022 में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के नॉकआउट चरणों में पाक को लगातार जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी, लेकिन हाल ही में वे टी-20 विश्व कप में टीम से बाहर हो गए हैं और पिछले महीने की शुरुआत में घरेलू धरती पर बांग्लादेश को 3-0 से हराने वाली हेसन की पहली टीम में भी नहीं थे।

हेसन ने सुझाव दिया कि बाबर और शाहीन दोनों ही अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए उनकी दीर्घकालिक योजनाओं में शामिल हैं और दोनों इस समय कराची में अपने साथियों के साथ एक प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे हैं।

ये साथी खिलाड़ी इस महीने के अंत में मीरपुर में तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए बांग्लादेश जाएंगे। हेसन ने स्पष्ट किया कि बाबर की टीम में वापसी विकेटकीपर के रूप में पहली पसंद बनकर नहीं हुई, बल्कि पूर्व कप्तान अपने साथी शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों फखर व सैम अयूब के साथ सलामी बल्लेबाज के रूप में दो में से एक स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे।

# पंत लॉड्र्स टेस्ट के दूसरे दिन भी रहेंगे बाहर



● **जुरेल कर रहे हैं कीपिंग, लॉड्र्स टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड की पारी के 34वें ओवर में पंत को लगी थी चोट जिसके बाद वह मैदान से बाहर चले गए थे**

**लंदन, वार्ता।** भारत के विकेटकीपर ऋषभ पंत, जिन्हें लॉड्र्स टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड की पारी के 34वें ओवर में चोट लगी थी और उसके बाद मैदान से बाहर चले गए थे, दूसरे दिन भी वह अब मैदान पर नहीं लौटेंगे और उनकी जगह ध्रुव जुरेल ही विकेटकीपिंग करेंगे। बीसीसीआई ने पंत की चोट को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस बात की जानकारी दी है कि उनकी चोट पर मेडिकल टीम नजर बनाए हुए है और दूसरे दिन भी वह मैदान पर नहीं आएंगे। उस पोस्ट में ये भी लिखा है कि जुरेल ही दूसरे दिन भी विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी निभाएंगे। इससे पहले लॉड्र्स टेस्ट के पहले दिन के दूसरे सत्र में ध्रुव जुरेल को विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी के लिए बुलाना पड़ा था। दरअसल, ऋषभ पंत को दूसरे सत्र में लेग स्टंप के बाहर जाती हुई गेंद को कलेक्ट करते हुए बाएं हाथ की उंगली में चोट आ गई थी। जिसके बाद उनके उपचार के लिए खेल को काफी देर रोकना भी पड़ा, इसके बावजूद पंत दर्द में नजर आए। उन्होंने इंग्लैंड की पारी का वह 34वां ओवर तो पूरा किया लेकिन उसके बाद उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। 2017 से ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में नियम में बदलाव आया था जिसके बाद से मैच के दौरान विकेटकीपर को चोट लगने पर दल में मौजूद विशेषज्ञ विकेटकीपर से सब्सटिट्यूट किया जा सकता है, लेकिन वह सिर्फ कीपिंग कर सकता है। बल्लेबाजी करने की अनुमति उस सब्सटिट्यूट विकेटकीपर की नहीं होती है। अगर पंत बल्लेबाजी कर पाने में सक्षम रहते हैं तो वही करेंगे नहीं तो फिर भारत को एक कम बल्लेबाज के साथ उतरना पड़ेगा। डेब्यू करने के बाद से पंत भारत के लिए टेस्ट में दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने इस सीरीज के पहले टेस्ट में भी दो

# येरे अल्वारेज ने स्वीकारा उनका ड्रग टेस्ट पॉजिटिव था

● **सकारात्मक नतीजा इस उपचार के कारण था जिसका उपयोग कीमोथैरिपी के बाद बाल झड़ने को रोकने के लिए कर रहे थे**

**मैड्रिड, वार्ता।** यूरोपा लीग के सेमीफाइनल के बाद एथलेटिक क्लब बिलबाओ के डिफेंडर येरे अल्वारेज ने स्वीकार किया है कि उनकी प्रतिबंधित पदार्थ की जांच का नतीजा पॉजिटिव था और उन पर चार साल तक का निलंबन लग सकता है।

स्पेन के पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी अल्वारेज ने 2016 में वृषण कैंसर का इलाज कराया था और बीमारी से उबरने के बाद उन्हें फिर से यह बीमारी हो गई थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि पिछले सीजन में मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ यूरोपा लीग सेमीफाइनल के बाद उनका प्रतिबंधित पदार्थ के लिए जांच का नतीजा सकारात्मक था। बचाव पक्ष की ओर से बताया कि सकारात्मक नतीजा उस उपचार के कारण था जिसका उपयोग वह कीमोथेरेपी के बाद बालों के झड़ने को रोकने के लिए कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अपनी बीमारी पर काबू पाने के बाद, मैं कई वर्षों से एलोपेसिया का इलाज करा रहा हूं और मेरे मामले का अध्ययन करने के बाद हमने पाया है कि सकारात्मक परिणाम इसलिए आया क्योंकि मैंने बालों के झड़ने के इलाज के दौरान अनजाने में प्रतिबंधित पदार्थ ले लिया था। येरे ने सोशल मीडिया मंच पर लिखा कि यह खबर पाकर मुझे गहरा सदमा लगा, मुझे यकीन ही नहीं हो रहा था, क्योंकि मैंने जिंदगी में कभी भी प्रतिबंधित पदार्थों का सेवन नहीं किया है।

# यह मुझे उम्रदराज महसूस कराता है: 100वें टेस्ट पर स्टार्क



**स्टार्क फ्रंट लाइन तेज गेंदबाजों में इस उपलब्धि तक पहुंचने वाले 12 खिलाड़ी बनेंगे**

**किंग्स्टन, वार्ता।** पिछले सप्ताह क्रेग ब्रैथवेट 100वें टेस्ट की उपलब्धि तक पहुंचने वाले 82वें खिलाड़ी बने थे जबकि मिशेल स्टार्क फ्रंटलाइन तेज गेंदबाजों में इस उपलब्धि तक पहुंचने वाले केवल 12वें खिलाड़ी बनेंगे।

अपने 14 वर्ष के लंबे करियर में स्टार्क वेस्टइंडीज के खिलाफ सबीना पार्क में रविवार से खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट के दौरान इस उपलब्धि तक पहुंच जाएंगे, वह 400 टेस्ट विकेट हासिल करने से भी केवल पांच विकेट दूर हैं। स्टार्क ने कहा कि उनके लिए यहां तक पहुंचना अपने आप में एक बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि बड़ा होते समय मैं हमेशा ही ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलना चाहता था लेकिन मुझे नहीं लगता था कि मैं कभी एक टेस्ट मैच भी खेल पाऊंगा। लेकिन 99 टेस्ट खेलना मेरे लिए बड़े गर्व की बात है। स्टार्क ने अपनी इस यात्रा में जॉश हेजलवुड और पैट कमिंस के साथ अपनी मित्रता पर भी बात की जिन्होंने उन्हें बतौर गेंदबाज विकसित होने में मदद की जिसमें वोबल सीम पर पकड़ बनाना भी शामिल है। स्टार्क ने कहा कि जब गेंद अधिक हरकत नहीं कर रही होती थी तो मेरे पास अधिक अलग करने के लिए कुछ नहीं हुआ करता था। हां मेरे पास गेंद को रिवर्स कराने की क्षमता थी लेकिन यह खेल के मध्य के हिस्से में संभव था। बतौर गेंदबाज विकसित होने में मेरे दो करीबी मित्रों जोश हेजलवुड और पैट कमिंस जो कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक हैं, ने मेरी काफी मदद की। मैंने उनसे काफी कुछ सीखा है। इसके बाद अलग-अलग चरणों में और दुनिया के अन्य हिस्सों में गेंदबाजी करने में मदद मिली। तीनों तेज गेंदबाजों के बीच का रिश्ता और उनके करियर की ओवरलैपिंग प्रकृति, जिसमें उन्होंने एक साथ 37 टेस्ट मैच खेले हैं, ने भी दोनों की मदद की है। स्टार्क ने कहा कि मुझे या हम तीनों को इस बात का एहसास है कि हम कितने भाग्यशाली हैं कि हम सब एक ही जगह से हैं। हम साथ में ट्रेनिंग करते हैं, सालों से रिहैब रूम में साथ बैठते हैं। एक-दूसरे को आगे बढ़ाने की क्षमता, चाहे वो एक खराब हफ्ता हो या टेस्ट हफ्ता। मुझे लगता है कि यही हम तीनों के लंबे करियर में खास तौर पर योगदान देता है। स्टार्क ने खुद 2022 के अंत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उंगली में चोट लगने के बाद से कोई भी टेस्ट मैच नहीं छोड़ा है, जिसके कारण उन्हें तीन मैचों से बाहर होना पड़ा था। हालांकि उन्होंने एमसीजी में खेले गए उस मैच में भी गेंदबाजी की थी। तेज गें. दबाजी के नुकसान के बारे में उन्होंने कहा कि ज्यादातर दिनों में कुछ निशान और कुछ दर्द वाले हिस्से होते हैं। चाहे वो झटके हों या दर्द निवारक दवाएं, मुझे पता है कि मैं क्या कर सकता हूं और क्या नहीं। मैं कभी भी ऐसे मैच में नहीं जाऊंगा जिसके बारे में मुझे नहीं लगता कि मैं अपना 100 फीसदी दे सकता हूं।

# श्रीलंका ने बांग्लादेश को सात विकेट से हराया

**पल्लेकेले, वार्ता।** कुसल मेंडिस (73) की शानदार अर्द्धशतकीय पारी के दम पर श्रीलंका ने पहले टी-20 मुक. ाबले में बांग्लादेश को छह गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। इसी के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है।

155 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका के लिए पथुम निसंका और कुसल मेंडिस की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरआत करते हुए पहले विकेट के लिए 78 रनों की साझेदारी की। पांचवें ओवर में मेहदी हसन मिराज ने पथुम निसंका को आउटकर बांग्लादेश को पहली सफलता दिलाई। पथुम निसंका ने 16 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए 42 रनों की पारी खेली। 13वें ओवर में कुसल परेरा 24 रन बनाकर आउट हुये। 18वें ओवर में श्रीलंका का तीसरा विकेट कुसल मेंडिस के रूप में गिरा। कुसल मेंडिस ने 51 गेंदों में पांच चौके ओर तीन छक्के लगाते हुए 73 रन बनाये। श्रीलंका ने 19 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। अविष्का फर्नांडो 11 और कप्तान चरित असालंका एक रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश की ओर से मोहम्मद सैफुद्दीन, मेहदी हसन मिराज और रिशाद हुसैन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले श्रीलंका ने टॉस जीतकर बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश के परवेज हुसैन इमॉन और तंजिद हसन ने पहले विकेट के लिए 46 रन जोड़े।

# पत्रकार व उसके भाई की हत्या में ऐतिहासिक फैसला

## अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने सुनाई तीन आरोपियों को उम्रकैद की सजा, दोषियों में महिला भी शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिले के बहुचर्चित डबल मर्डर केस में आज न्याय का दिन रहा। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (कक्ष संख्या-11) आलोक शर्मा की कोर्ट ने 6 साल पुराने पत्रकार आशीष धीमान और उसके भाई आशुतोष धीमान हत्याकांड में तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोषियों में एक महिला भी शामिल है। कोर्ट ने तीनों पर 50-50 हजार रुपये का आर्थिक दंड भी लगाया है।

मामले में दोषियों में मुख्य आरा. ेपी महिपाल सैनी, उसकी पत्नी विमलेश और बेटा सूरज शामिल हैं। वहीं, महिपाल के पिता जगदीश को आर्म्स एक्ट के तहत 6 माह की सजा सुनाई गई है, क्योंकि हत्या में प्रयुक्त लाइसेंसी हथियार उसी का था, जिसे उसने अपने बेटे को दे दिया था।





एडीजीसी अमित त्यागी ने बताया कि कोर्ट ने बुधवार को तीनों को दोषी करार दिया था, लेकिन सूरज कोर्ट में पेश नहीं हुआ था, जिस पर वारंट जारी किया गया। शुक्रवार को सूरज की पेशी के बाद सजा का ऐलान किया गया। इसके साथ ही सभी दोषियों को जेल भेज दिया गया है।

यह घटना 18 अगस्त 2019 को कोतवाली थाना क्षेत्र के माधव नगर में घटित हुई थी, जब पत्रकार आशीष धीमान और उसके भाई आशुतोष धीमान की घर में घुसकर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। जांच में सामने आया कि पड़ोसी महिपाल सैनी के परिवार से नाली में गोबर और कचरा फेंकने को लेकर विवाद हुआ था, जो इस दोहरे हत्याकांड में तब्दील हो गया। इस मामले में महिपाल सैनी के परिवार के अन्य सदस्यख्रबेटी वर्षा, गौरव और सन्नीख्रभी आरोपी बनाए गए थे, लेकिन तीनों उस समय नाबालिग थे। इनका मामला जुवेना. इल कोर्ट में विचाराधीन है और तीनों फिलहाल जमानत पर बाहर हैं।

फैसले के बाद मृतक पत्रकार आशीष धीमान के परिजनों ने न्यायालय के प्रति आभार जताते हुए कहा कि उन्हें न्यायपालिका पर पूरा भरोसा था और आज न्याय मिला भी है। हालांकि, इस हत्याकांड में आशीष धीमान की मां उर्मिला पर भी जानलेवा हमला हुआ था, लेकिन कोर्ट ने इस आरोप से अभियुक्तों को बरी कर दिया। यह मामला न केवल सहारनपुर, बल्कि प्रदेश भर में पत्रकारों और आम जनमानस के बीच न्याय की प्रतीक घटना बनकर सामने आया है। न्यायालय के इस फैसले से कानून में आस्था और मजबूत हुई है।

# रोटरी क्लब ग्रेटर ने शुरू की वातानुकूलित एम्बूलेंस सेवा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** रोटरी क्लब सहारनपुर ग्रेटर ने रोगियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए वातानुकुलित एम्बुलेंस सेवा शुरू की है।

यह एम्बुलेंस सेवा जनपद के मरीजो को दिल्ली, देहरादून, चंडीगढ़, मौलाना और लोकल मेडिकल इंस्टिट्यूट इलाज के लिए लेकर जाएगी। रुड़की से पधारे रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3080 के गर्वनर रोटेरियन रवि प्रकाश एवं रोटरी जोन 17 के सहायक गर्वर्नर रोटेरियन सिकंदरबीर सिंह ने संयुक्त रुप से लिंक रोड पर इस सेवा का शुभारंभ किया।

इस मौके पर फर्स्ट लेडी ऑफ डिस्ट्रिक्ट 3080 रोटेरियन श्रीमति शालिनी प्रकाश, डिस्ट्रिक्ट गर्वर्नर के विशेष सहायक विकास गर्ग के अलावा रोटरी क्लब अध्यक्ष एम पी सिंह चावला, सचिव मोहम्मद आलम, कोषाध्यक्ष दीपक गाँधी, अजय शर्मा, नीरज रहेजा, आर के धवन, गिरीश तलवार आदि सदस्य मौजूद रहे डिस्ट्रिक्ट गर्वर्नर ने रोटरी क्लब सहारनपुर ग्रेटर के जनहित मे एम्बुलेंस सेवा शुरू करने के इस पुनीत कार्य की सरहाना की। क्लब अध्यक्ष एम पी सिंह चावला ने गर्वर्नर का अभिनन्दन करते हुऐ वायदा किये की हमारा क्लब पुरे वर्ष प्रत्येक माह अलग अलग कार्य करता रहेगा।



# बाइक एम्बुलेंस को दिखाई हरी झंडी



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल के निर्देशानुसार अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशाशन एवं उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा कश्मीर सिंह द्वारा बाइक एम्बुलेंस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

उपनियंत्रक नागरिक सुरक्षा द्वारा अपर जिला मजिस्ट्रेट को अवगत कराया गया कि इन बाइक एम्बुलेंस में वार्डनो कि ड्यूटी लगाई गई है जो कावड़ मार्ग पर घायल हुए कावड़ियों को पास के चिकित्सा शिविर में पहुंचाने का कार्य करेंगे।

इस अवसर पर चीफ वार्डन, डिप्टी चीफ वार्डन, सहायक उपनियंत्रक, स्टॉफ तथा वार्डन्स उपस्थित रहे।

## ट्रांसफार्मर की मांग

**गंगोह।** चोरों ने दु:साहस दिखाते हुए कस्बे के नजदीक 29 जून को खेत में लगे ट्रांसफार्मर को पोल से गिराकर कीमती सामान निकाल लिया था।

मोहल्ला गुलाम औलिया निवासी पंकज पुत्र प्रीतम ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि मेरे खेत मे बीती 29 जून को हमारे खेत के पास पोल पर रखे ट्रांसफार्मर को चोरों ने नीचे गिराकर उसमें से सभी कीमती सामान चोरी कर लिया था। जिसकी सूचना ऊर्जा निगम में भी दी गई थी। मगर अभी तक ट्रांसफार्मर न मिलने से कई ट्यूवेल 20 दिन से ठप पड़ी है। जिससे किसान महंगा डीजल से जनरेटर से सिंचाई करनी पड़ती हैं। वही पर खेत मे खोखा पड़ा हुआ है। पुलिस भी जांच करने नही आई हैं। किसान प्रमोद सैनी व पंकज कुमार ने ऊर्जा निगम से ट्रांसफार्मर रखवाने की मांग की है।

# विधायक चौ.किरत ने खिलाड़ी किए सम्मानित

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला स्तरीय अंडर 16 क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी और तोमर क्रिकेट एकेडमी के बीच खेला गया। एसबीबीए क्रिकेट एकेडमी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फाइनल मैच जीत लिया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए तोमर क्रिकेट एकेडमी की टीम ने 19.5 ओवर में सभी विकेट खोकर 159 रन बनाए।बेटिंग में जयेश ने 48 और प्रिंस ने 47 रन का योगदान किया। एसबीबीए की ओर से गेंदबाजी में सैफ ने पंद्रह रन देकर दो विकेट और अंग्रेज यादव ने 27 रन देकर दो विकेट लिए। 170 रनों के लक्ष्य का पीछे करने मैदान पर उतरी एसबीबीए की टीम ने 19.1ओवर में 170 रन बनाकर दो विकेट से फाइनल मैच जीत लिया। बल्लेबाजी में अंग्रेज यादव ने 107 और अनस ने 22 रनों की पारी खेली।




तोमर एकेडमी की ओर से गेंदबाज वरुण ने 13 रन देकर चार विकेट और प्रशांत ने 18 रन देकर दो विकेट लिए।मैच के बाद पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि गंगोह विधायक चौ.किरत सिंह व क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी मेरठ-सहारनपुर जीतेन्द्र यादव ने विजेता और उपविज. ेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी व सम्मान प्रदान किया। क्रीड़ाधिकारी राहुल चोपड़ा ने खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर उत्साहवर्धन किया।इ स अवसर पर सिनीयर डिप्टी स्पोर्ट्स ऑफिसर अब्दुल अहद, कोच राजीव गोयल टप्पू, डॉ. शाहकार खान, अभिषेक चौधरी, कोच लाल धर्मेंद्र प्रताप, भावना तोमर, प्रीति मेहरा सहित कई गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि विधायक चौ.किरत सिंह ने खिलाड़ियों के अनुशासन और समर्पण की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का समापन तालियों और जोश से भरे माहौल में हुआ। इस दौराना भाजपा के वरिष्ठ नेता सत्यपाल सिंह भी मौजूद रहे।

# रोशनी व पानी की समस्या से जूझ रहे नगर के लोग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर में जहां एक ओर महीनों से खराब पडी शौपीस बन चुकी हाईमास्क व स्ट्रीट लाईटे नगर में विकास कार्यो की खिल्ली उडा रही हैं, वहीं भीषण गर्मी के मौसम में बूंद बूंद पानी को तरसते नगरवासियों के सामने केन्द्र व राज्य सरकार की हर घर जल योजना भी मजाक बन कर रह गयी है।

जहां नगर पंचायत सुलतानपुर चिलकाना विकास कार्यो का ढिंडोरा पीटते हुए नही थक रहा है वहीं महीनों से बन्द पडी हाईमास्क लाईटें, स्ट्रीट लाइटें व पेयजल की किल्लत विकास कार्यों की खिल्ली उडाते नजर आ रहे हैं। नगर में मुख्य चौराहों व खास स्थानों पर अच्छा खासा रूपया खर्च कर लगायी गयी हाईमास्क लाईटें कंई महीनों से खराब होकर मात्र शोपीस बन चुकी हैं। जहां केन्द्र व राज्य सरकार हर घर जल योजना के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में भी पानी की टंकियां बनवा रही है, वहीं चिलकाना व सुलतानपुर स्थित पानी की दोनो टंकी इतनी जर्जर हालत में पहुंच चुकी हैं कि इनकी मरम्मत तक करना सम्भव नही है, यदि इनमें पानी भर दिया गया तो ये किसी भी समय टूट कर गिर सकती है, जिससे कोई हादसा भी हो सकता है। नगर पंचायत नयी टंकी बनवाने के बजाय मोटर के पाईप को मेन सप्लाई से जोडकर जल आपूर्ति की नाकाम कोशिश करता है।

# उद्यमियों की समस्याओं का होगा समाधान: गौरव

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** इंडियन इंडस्ट्रीज एसोसिएशन के चैप्टर चेयरमैन गौरव चोपडा ने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का समाधान कराने का हरसंभव प्रयास किया जायेगा।

गौरव चोपडा आज आईआईए सभागार में साप्ताहिक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि हमें संस्था के प्रति पूरी ईमानदारी कर्तव्यनिष्ठा से कार्य करते हुए नई ऊचाइयों तक ले जाना है। बैठक में अतीश गुप्ता को कामधेनू औद्योगिक क्षेत्र, अनुज कुमार जैन पिलखनी औद्योगिक क्षेत्र एवं खाद्य विभाग, सन्दीप कपूर देहरादून रोड़, जीनस गाबा इंडस्ट्रीयल स्टेट दिल्ली रोड़, शीबान हन्फी मण्डी समिति रोड वी.के.जैन चिलकाना रोड़ जैन बाग एवं सुनील सैनी कन्वीनर, जिला उद्योग बन्धु, शिवम गोयल कन्वीनर यूपीसीडा एंड आयूष विभाग, सचिन जैन, कंवीनर, इंडस्ट्रियल एस्टेट दिल्ली रोड, तनमय सचदेवा, गुलशन क्वात्रा को-कन्वीनर, कामधेनू औद्योगिक क्षेत्र, अमित अरोड़ा, पार्थ दहुजा को-कन्वीनर, देहरादून रोड़ आदि बनाया गया। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रमोद मिगलानी ने कहा कि एरिया हैड बनाने का मुख्य उदेश्य उस औघोगिक क्षेत्र की समस्याओं को भली भाँति जानकर उनकी समस्या का समाधान कराना है। केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य कृष्ण राजीव सिंघल ने बताया कि साप्ताहिक बैठक में आप सभी लोग अवश्य आये ताकि सम्बन्धित औद्योगिक क्षेत्रो एवं उद्यमियों की समस्याओं पर विचार-विमर्श करते हुए उनकी समस्या का समाधान करवाया जा सकें। संजीव अरोडा, प्रमोद सडाना, सतीश अरोडा, परविन्दर सिंह ने भी अपने विचार रखे।

बैठक में कोक्षाध्यक्ष सुरेन्द्र मोहन कालडा, पूर्व चैप्टर चेयरमैन अशोक गॉधी, राजेश सपरा, हरजीत सिंह, विनय दहूजा, प्रमोद कुमार गोयल, नवीन टक्कर, नौशाद अली, सचिन जैन, संयम सैठी, सौरभ रोहिला, गौरांग अरोड़ा, अंशुल गोयल, मंयक गोयल आदि सदस्य उपस्थित रहे।




# स्व.शिवकुमार गुप्ता की पुण्यतिथि पर समागम आज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** स्वर्गीय शिवकुमार गुप्ता की 31वीं पुण्यतिथि के अवसर पर कल (आज) शिव धाम मंदिर पर एक भव्य धार्मिक कार्यक्रम एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा।

यह आयोजन श्रीमती अंगूरी देवी एवं शिव धाम ट्रस्ट परिवार के तत्वावधान में किया जा रहा है। इस पावन अवसर पर देशभर के प्रमुख अखाड़ों और आश्रमों के संत-महात्माओं का समागम होगा। शिव धाम कमेटी के सचिव राजीव गुप्ता ने जानकारी दी कि साधु-संतों के स्वागत एवं ठहराव हेतु विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। कार्यक्रम के पश्चात विशाल भंडारा होगा। कार्यक्रम में आचार्य महामंडलेश्वर अवधेशानंद गिरि महाराज, स्वामी ललितानंद, पूज्य राघवेंद्र भारती, केदार पुरी, देवानंद सरस्वती, शैलेंद्र गिरी, महेश पुरी, प्रमोद कृष्णन, यमुना पुरी महाराज, ऋषिश्वरानंद, हठ योगी, रविंदर पुरी, आशुतोष, विष्णुदास, हरिहरानंद, शिवम, जगजीत सिंह, सुतीक्ष्ण मुनि, बाला स्वामी, दिनेश, दुर्गा दास, हरिच. ेतनानंद, गोविंद दास, प्रमोद दास, प्रेम दास, राघवेंद्र दास, ज्योतिर्मयानंद, कृष्णानंद, प्रहलाद दास, रामेन्द्र बिहारी, कन्हैया दास, ओम दास, सीता राम दास, राम विशाल दास, केशवानंद, उमेश दास, स्वामी विवे. कानंद, प्रमोद, जमुना दास और आनंद स्वामी महाराज शामिल होंगे।

# डीआईजी ने कांवड़ियों को वितरित किया अल्प आहार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** डीआईजी अभिषेक सिंह ने आज रेंज के दोनों जनपदों के पुलिस अफसरों के साथ कांवड यात्रा मार्ग पर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।

डीआईजी अभिषेक सिंह ने एसपी सिटी मुजफ्फरनगर, पुलिस अधीक्षक यातायात, मुनगर व अन्य अधिकारीगणो के साथ श्रावण मास के प्रथम दिन कांवड़ यात्रा मार्ग पर उत्तराखंड राज्य के साथ लगने वाले सीमावर्ती प्रवेश बिन्दू भूराहेड़ी चैकपोस्ट व बागोवाली चौकी पर ड्यूटी व संसाधनो की तैनाती तथा अन्य व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया गया तथा ड्यूटी पर तैनात अधिकारीगण व कर्मचारीगण को ब्रीफ करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। भ्रमण के दौरान उन्होंने कांवड़ ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने, कांवड यात्रियों के साथ शालीनता से व्यवहार करने एंव उनकी हरसम्भव सहायता करने तथा डायवर्जन प्लान को कडाई से लागू कराते हुए ट्रैफिक व्यवस्था को दुरुस्त रखने, कांवड मार्ग पर नियमित रूप से पेट्रोलिंग करने, कांवडियों व श्रद्धालुओं के सुरक्षित आवागमन को सुनिश्चित करने तथा किसी भी कांवड़ यात्री को कोई समस्या होने पर तत्काल सहायता उपलब्ध कराने तथा महत्वपूर्ण सूचनाओ से उच्चाधिकारीगण को अवगत कराने सम्बन्धी आवश्यक दिशा- निर्देश दिए गए। इसके साथ ही डीआईजी द्वारा कांवडियों से कुशलक्षेम पूछते हुए अल्प आहार वितरित किया गया।



## मंदिर के दानपात्र व दुकान को बनाया निशाना

**चिलकाना।** क्षेत्र के गांव में अज्ञात चोरो ने मन्दिर का दानपात्र व दुकान की कुंडी तोडकर एक ही रात में दो स्थानों पर चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

ग्राम आल्हनपुर में अज्ञात चोरो नें संत रविदास मन्दिर के दानपात्र को तोडकर उसमें रखी नकदी पर हाथ साफ कर दिया। वहीं गांव निवासी देशराज पुत्र पुरनसिंह की दुकान की कुंडी तोडकर दुकान मे रखा सामान व नकदी पर हाथ साफ कर फरार हो गये। पीड़ित देशराज ने बताया है कि वह 9 जुलाई को मुरादनगर सतसंग कार्यक्रम में गया हुआ था कि रात्रि में चोरो ने आटा चक्की परिसर में रखे हुए रविदास मन्दिर के दानपात्र को तोडकर निकाल ली। दुकान की दीवार में नकब लगाने की कोशिश की जिसमें वह नाकाम रहे तो दुकान की कुंडी तोड गल्ले में रखे दस हजार रूपये व अन्य सामान चोरी कर लिया

# जनसंख्या नियंत्रण कानून की मांग को धरना

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट के कार्यकर्ताओं ने जनसंख्या विस्फोट एवं जनसांख्यिकीय असंत. ुलन के कारण भारत राष्ट्र के समक्ष उत्पन्न चुनौतियों के समाधान के लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर अविलंब के लागू सम्बंध में प्रदर्शन कर प्रधानमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपकर समस्या का समाधान किए जाने की मांग की।

राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट की राष्ट्रीय संयोजक ममता सहगल ने बताया कि राष्ट्रीय हिन्दू फ्रंट के द्वारा देश के प्रधानमंत्री के नाम दिए ज्ञापन में अवगत कराते हुए बताया गया कि भारत की स्वतंत्रता प्राप्ति से लेकर अब तक लगभग 78 वर्ष की अवधि में भारत ने प्रत्येक क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति की है। खाद्यान्न अनुपलब्धता से लेकर खाद्यान्न आत्मनिर्भरता एवं निर्यात तक तथा बांध बनाने से लेकर चाँद पर पहुँचने तक विकास की लंबी यात्रा हमने तय की है, परन्तु 1952 में विश्व में सर्वप्रथम परिवार नियोजन कार्यक्रम प्रारम्भ करने वाले भारत में सुरसा के मुंह की तरह बढ़कर 146 करोड़ के ऑकड़े को पार कर चुकी जनसंख्या के कारण यह विकास ऊँट के मुँह में जीरे के समान साबित हो रहा है। ज्ञापन के माध्यम से मांग भी की गई कि सरकार जनसंख्या नियंत्रण के उचित समाधान के लिए ऐसा कानून बनाए जिसमें भ्रम की स्थिति ना रहे और जाति, धर्म, क्षेत्र व भाषायी बंधनों से ऊपर उठकर, राष्ट्रहित को सर्वोपरि माने।

## दिव्यांग बच्चों के लिए 15 से कैंप

**सहारनपुर।** बेसिक शिक्षा एवं स्वास्थ्य विभाग के समन्वय से दिव्यांग बच्चों के यूनिय डिसएबिलिटी कार्ड बनाने के लिये 15 जुलाई से मेडिकल एसेसमेंट कैंप लगाये जायेंगे।

15 जुलाई को खंड संसाधन केंद्र बेहट पर विकास खंड सढौली कदीम, 16 जुलाई को खंड संसाधन केंद्र तेलीपुरा सरसावा पर, 17 जुलाई को खंड संसाधन केंद्र नकुड, 18 जुलाई को खंड संसाधन केंद्र बीराखेडी गंगोह, 19 जुलाई को खंड संसाधन केंद्र पुंवारका, 22 जुलाई को खंड संसाधन केंद्र नागल, 23 जुलाई को खंड संसाधन केंद्र गुनारसा, 24 जुलाई को उच्च प्राथमिक विद्यालय जम्मूगढ नानौता, 26 जुलाई को खंड संसाधन केंद्र रामपुर मनिहारान, 29 जुलाई को नगरीय खंड संसाधन केंद्र नुमाईश कैंप में शिविर लगाये जायेंगे बाद में प्रमाण पत्र दिये जायेंगे।

# गुणवत्ता पूर्ण उत्पादों की दी जानकारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय मानक ब्यूरो शाखा देहरादून के तत्वावधान में आज एस.ए.एम. इंटर कॉलेज, सहारनपुर में लर्निंग साइंस वाया स्टैण्डर्ड विषय पर एक विशेष प्रतियोगिता एवं जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य वक्ता उपस्थित ज्ञान साधन प्रसार अधिकारी नीरज कुमार शर्मा ने विद्यार्थियों को गुणवत्ता युक्त उत्पादों के चयन के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि आईएसआई, हॉलमार्क, सीएसआर जैसे मानकों की जांच कर ही उपभोक्ताओं को सामान का चयन करना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ. अजय कुमार गुप्ता ने भी छात्रों को उत्पादों की गुणवत्ता की जांच के विभिन्न तरीकों की विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर एक लिखित प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें छात्रों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतियोगिता में कक्षा 12-बी की छात्राएं वंशिका धीमान, वंशिका चौधरी एवं वैष्णवी संयुक्त रूप से प्रथम स्थान पर रहीं। वहीं द्वितीय स्थान कक्षा 11-बी के छात्र हर्ष कुमार एवं सुशांत पाल ने प्राप्त किया, जबकि कक्षा 12-बी के मंजीत एवं हर्ष धीमान को तृतीय स्थान मिला। कार्यक्रम में प्रवक्ता फरत मियां, कुलदीप कुमार, सुधीर कुमार शर्मा सहित अन्य शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।



## कलश यात्रा निकाली

**सहारनपुर।** गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर एवं श्रावण मास के शुभारम्भ पर शिवमहापुराण कथा की शोभायात्रा व कलश यात्रा निकाली गई। कलश यात्रा में भ्रारी संख्या में श्रद्धालु महिलाएं शामिल हुईं।

कलश शोभायात्रा को देख हर कोई भक्ति के रंग में रंग गया जिसमें भक्तजन उत्साह और भक्ति भाव से शामिल हुए। गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर एवं श्रावण मास के शुभारम्भ पर शिवमहापुराण कथा की शोभायात्रा व कलश यात्रा निकाली गई। बैडबाजे, ढोल, घोडाबग्गी के साथ शोभा यात्रा व कलश यात्रा हनुमान मन्दिर से प्रारम्भ हुई जिसमें भारी संख्या में महिला-पुरूषों ने भाग लिया। शोभायात्रा व कलश हनुमान मन्दिर से प्रारम्भ होकर पंजाब होटल के आगे से होती हुई रेलवे रोड़, श्री हनुमान मन्दिर, घंटाघर पर संपन्न हुई जिसमें श्रद्धालु महिलाओं सहयोग विशेष सराहनीय रहा।

# कंट्रोल रुम में डीएम का औचक निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला मजिस्ट्रेट मनीष बंसल ने कांवड़ यात्रा को लेकर आईसीसीसी में बनाए गये कन्ट्रोल रूम का औचक निरीक्षण किर मोबाइल से टोल फ्री नम्बर की सक्रियता को जांचा।

निरीक्षण के दौरान उन्होने टोलफ्री नम्बर को अपने स्वयं के मोबाइल नम्बर से फोन लगाकर टेस्टिंग की ताकि यह पता किया जा सके कि यह नम्बर सक्रिय रूप से कार्य कर रहा है अथवा नहीं। उन्होने मुख्य कांवड यात्रा के चौराहों पर लगे हुए कैमरों को गहनता से देखा। इसके साथ ही चारों तरफ घूमने वाले पीटीजैड कैमरों को विभिन्न कोणों से देखते हुए उसकी क्रियाशीलता को चौक किया। श्री बंसल ने आईसीसीसी में तैनात 10 विभागों की टीम से वार्ता कर सभी को निर्देश दिए कि कांवड यात्रा संबंधी आ रही समस्याओं का त्वरित निस्तारण करना सुनिश्चित किया जाए। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नगर निगम की सीमा के बाहर के कैमरों पर भी दृष्टि डाली। उन्होने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इन कैमरों पर भी पूरे तरीके से नजर रखी जाए।

जिला मजिस्ट्रेट ने शिवभक्तों की सुविधाओं के लिए अपर जिलाधिकारी प्रशासन को टोल फ्री नम्बर का प्रचार-प्रसार करने के लिए निर्धारित निश्चित दूरी पर डिसप्ले करने के निर्देश दिए। उन्होने कांवड यात्रियों को आ रही समस्याओं या सुझावों के लिए रजिस्टर बनाने को कहा।



# भागवत की टिप्पणी

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने उम्र को लेकर एक ऐसा बयान दे डाला, जिससे देश में एक नई बहस छिड़ गई। राम जन्म भूमि आंदोलन के प्रेरक दिवंगत मोरोपंत पिंगले पर लिखी एक पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम में भाग लेते हुए मोहन भागवत ने कह डाला कि 75 साल की उम्र के बाद नेताओं को रिटायरमेंट ले लेना चाहिए। उनका कहना था कि जब आपको 75 साल पूरे होने पर शॉल ओढ़ाई जाने लगे, तो समझिए कि दूसरों को मौका देने का समय आ गया है। उनके इस बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं शुरू हो गई हैं कि आखिर मोहन भागवत का इशारा किस तरफ है। जैसाकि होता है विरोधी दलों ने तुरंत मोहन भागवत के बयान को प्रधानमंत्री मोदी से जोड़ दिया। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा कि बेचारे पुरस्कार जीवी प्रधानमंत्री! यह कैसी घर वापसी है। लौटते ही उन्हें याद दिला दिया गया कि 17 सितम्बर 2025 को वह 75 साल के होने जा रहे हैं। हालांकि मोहन भागवत भी 11 सितम्बर 2025 को 75 साल के हो जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी दस जुलाई को पांच देशों की यात्रा से लौटे हैं और कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शायद इसी आधार पर उनकी घर वापसी बताया। यूं तो भाजपा के भीतर एक निश्चित उम्र तक पद पर रहने को लेकर कोई आधिकारिक नियम नहीं है, लेकिन फिर भी उन्होंने कई अवसरों पर पार्टी लाइन से हटकर कुछ नियम बनाए हैं विशेषकर 2014 के बाद। 2014 के लोकसभा चुनाव में भी हमने देखा था कि किस तरह भाजपा में 75 साल की उम्र से ज्यादा उम्र के नेताओं को रिटायर करने का ट्रेंड शुरू हुआ था। जिन नेताओं ने 75 साल पूरे कर लिए थे, उनमें लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी जैसे नेता थे। उस समय एक मार्गदर्शक मंडल भी बनाया गया था। ताकि उस मंडल के माध्यम से उनके अनुभवों का लाभ पार्टी उठा सके। इतना ही नहीं पहली बार बने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी कैबिनेट में 75 साल से कम उम्र के नेताओं को जगह दी थी। अब सवाल यह है कि क्या यह नियम आगे भी जारी रहता है या केवल वहीं तक था। अगर यह नियम जारी रहता है, तो 17 सितम्बर 2025 को पीएम मोदी 75 साल के होने जा रहे हैं। जाहिर है, अगले लोकसभा में वह प्रधानमंत्री के दावेदार नहीं हो सकते। हालांकि यह केवल कयास ही हैं, क्योंकि जैसाकि हमने पहले ही कहा कि यह पार्टी का कोई आधिकारिक नियम नहीं है या पार्टी हितों को ध्यान में रखकर अलग से कुछ स्थानों के लिए सीमाएं लागू की गई हैं, लेकिन यह तो मानना ही पड़ेगा कि पिछले कुछ वर्षों में यह नियम कड़ाई से लागू किया गया और भाजपा के कई कद्दावर नेता संविधानिक पदों की जिम्मेदारी से बाहर हो गए। 2016 में गुजरात की मुख्यमंत्री आनंदी पटेल ने भी इस्तीफा दे दिया था, जबकि उनकी आयु 75 की हो गई थी। इसी वर्ष नज्मा हयातुल्ला ने भी मोदी कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था और लोकसभा व विधानसभा के उम्मीदवारों के टिकटों के कटने की लंबी लाइन है, जिन्हें 75 वर्ष की आयु के चलते टिकट नहीं मिला। वैसे यह पार्टी का अपना मामला है कि उसका अगला पीएम कौन होगा।

## बेहद ही सफल रहा ऑपरेशन सिंदूर



कई विदेशी समाचार एजेंसियों ने भारत को लेकर भ्रामक और तथ्यहीन जानकारी प्रकाशित की है, भारत का ऑपरेशन सिंदूर बेहद ही सफल रहा, हमने पाकिस्तान में नौ ठिकानों को निशाना बनाया था, इसमें से एक भी नहीं चूका, विदेशी प्रेस ने कहा कि पाकिस्तान ने यह किया, वो किया, आप मुझे एक भी फोटो या सबूत दिखाइए, जिसमें भारत में किसी इमारत को नुकसान हुआ हो, एक कांच तक टूटा हो, उन्होंने बातें लिख दीं और छाप दीं, विदेशी मीडिया द्वारा जारी की गई सैटेलाइट तस्वीरों में 10 मई से पहले और बाद में पाकिस्तान के 13 एयरबेस दिखाए गए, चाहे वह सरगोधा हो, रहीम यार खान हो या चकलाला, मैं सिर्फ वही बता रहा हूं जो उन्होंने अपनी रिपोर्टिंग में छापा, हममें यह क्षमता है कि अगर हम चाहें तो पाकिस्तान के एयरबेस को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

**–अजित डोभाल, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार**

# चंद्रचूड़ बंगला विवाद: सुप्रीम कोर्ट का पत्र सरकार को चेतावनी!





**श्रवण गर्ग**

इस खुलासे से कि न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ से सरकारी आवास खाली कराने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को पत्र लिखा क्या देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश की जनता में प्रतिष्ठा कम नहीं हुई होगी या फिर क्या ऐसा हुआ होगा कि चंद्रचूड़ और उनके परिवार के प्रति जनता की सहानुभूति बढ़ गई और चर्चा या आलोचना सुप्रीम कोर्ट प्रशासन द्वारा उठाए गए अभूतपूर्व कदम और सरकार की भूमिका पर केंद्रित हो गई?

देश भर के अखबारों/टीवी चैनलों ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित/प्रसारित किया था कि सेवानिवृत्ति के आठ महीने बाद भी चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट के आवास पूल में मुख्य न्यायाधीश के लिए निर्धारित बंगला खाली नहीं किया। न्यायाधीशों को सेवानिवृत्ति के बाद केवल छह माह तक ही सरकारी आवास के उपयोग की पात्रता है। सुप्रीम कोर्ट को चार वर्तमान न्यायाधीशों के लिए आवासों की आवश्यकता है।

चंद्रचूड़ साहब ने अपने स्पष्टीकरण में जिन बातों का खुलासा किया उनमें प्रमुख यह था कि उनकी बेटियां गंभीर जेनेटिक और न्यूरोलॉजिकल समस्याओं से जूझ रही हैं। उनके इलाज के लिए आवास में एक विशेष प्रकार के चिकित्सीय सेट-अप की जरूरत पड़ती है। उन्होंने सरकार से किराए पर वैकल्पिक आवास उपलब्ध करवाने की प्रार्थना की थी, जिसे स्वीकार कर लिया गया था।

चंद्रचूड़ साहब ने तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना से दिसम्बर 2024 में निवेदन किया था कि वर्तमान आवास में 30 अप्रैल तक रहने की अनुमति प्रदान की जाए। अनुमति दे दी गई थी। उन्होंने न्यायमूर्ति खन्ना से 28 अप्रैल को पुन: आवेदन किया कि चूंकि वैकल्पिकआवास प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है अत: अनुमति की अवधि को 30 अप्रैल तक बढ़ा दिया जाए। इस आवेदन का उन्हें कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। खबरों के मुताबिक चंद्रचूड़ साहब ने वर्तमान मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई के संज्ञान में भी यह बात ला दी थी कि सरकार ने वैकल्पिक आवास आवंटित कर दिया है और आवश्यक मरम्मत के बाद ठेकेदार ने उसे 30 जून तक सौंपने का वायदा किया है।

वर्तमान आवास में ही निवास जारी रखने की अवधि आगे बढ़ाने संबंधी चंद्रचूड़ साहब के आवेदनों के पीछे मुख्य कारण यही समझा जा सकता है कि सरकार ने बंगला तो आवंटित कर दिया पर आठ महीनों में भी उसकी मरम्मत करवा कर उनके शिफ्ट होने लायक नहीं बनवाया जा सका। चंद्रचूड़ साहब ने यह भी बताना चाहा कि चूंकि आवंटित किया गया बंगला दो वर्षों से खाली पड़ा था उसमें काफी मरम्मत की जरूरत थी। सामान अब पैक्ड है और ठेकेदार का ओके मिलते ही शिफ्ट कर देंगे।

चंद्रचूड़ साहब के इस कथन के बाद कि जिस आवंटित बंगले में मरम्मत चल रही है वह दो साल से खाली पड़ा था नागरिक-जिज्ञासा इस सवाल पर टिक जाती है कि एक ऐसे समय जब विशिष्ठ और अति-विशिष्ठ व्यक्तियों के लिए आवासों की किल्लत चल रही हो पिछले साल इन्हीं महीनों में कोई दो सौ पूर्व सांसदों को बंगले खाली करने के नोटिस जारी किए गए थे दिल्ली के पॉश लुटियंस झोनमें कोई बंगला दो साल तक खाली कैसे पड़ा रह सकता है?

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश मार्कण्डेय काटजू ने पिछले साल अक्टूबर में आरोप लगाया था कि चंद्रचूड़ साहब के पास न सिर्फ वह बंगला (5, कृष्ण मेनन मार्ग) है जिसका वे मुख्य न्यायाधीश के रूप में इस्तेमाल करते हैं कथित तौर पर उन्होंने तुगलक रोड स्थित उस बंगले का आधिपत्य सरकार को वापस नहीं सौंपा है जिसमें वे न्यायाधीश के रूप में दो वर्षों तक रहते रहे हैं। काटजू साहब ने अपने मेल को तब (संभवत:) न्यायमूर्ति खन्ना और न्यायमूर्ति गवई सहित न्यायपालिका के अन्य व्यक्तियों के साथ भी शेयर किया था।

काटजू साहब ने अपने मेल के अंत में यह भी लिखा था कि उन्हें प्राप्त जानकारी अगर गलत है तो मुख्य न्यायाधीश या उनकी ओर से कोई अन्य व्यक्ति सार्वजनिक तौर पर वक्तव्य जारी करके खंडन कर सकता है। काटजू साहब की उक्त चुनौती के बाद सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री या किसी अन्य के द्वारा कोई खंडन व्यक्तिश: उन्हें अथवा मीडिया को भेजा गया हो ऐसा जानकारी में नहीं आया जिससे कि मामले में संदेह उत्पन्न होता है।

काटजू साहब के साल भर पहले के कथन में अगर सत्यता थी तो क्या यह माना जा सकता है कि जिस बंगले में मरम्मत चल रही है वह वही होगा, जिसमें चंद्रचूड़ साहब मुख्य न्यायाधीश बनने के पूर्व तक निवास करते थे या फिर वह कोई अन्य बंगला है? अपनी सेवानिवृत्ति के पहले किसी बातचीत के दौरान इस सवाल के जवाब में कि पद छोड़ने के बाद क्या कोई सरकारी पेशकश स्वीकार करेंगे चंद्रचूड़ साहब ने जो कहा उसका आशय यही समझा गया था कि वे ऐसा कोई काम नहीं करेंगे जिससे मुख्य न्यायाधीश के पद की प्रतिष्ठा और सुप्रीम कोर्ट की गरिमा को ठेस पहुंचे। क्या माना जा सकता है कि उनके द्वारा की गई सरकारी बंगले की मांग सरकार द्वारा उन्हें की जा सकने वाली किसी पद की पेशकश से भिन्न है?

अनुमान लगाया जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट प्रशासन को इस घटनाक्रम की पूरी जानकारी रही होगी कि चंद्रचूड़ साहब को वैकल्पिक बंगला आवंटित हो गया है और उसकी मरम्मत का काम अंतिम चरणों में है। इसके बावजूद उसके द्वारा अभूतपूर्व कदम उठाते हुए सरकारी आवास खाली करवाने को लेकर सरकार को पत्र लिखे जाने के नागरिक-अर्थ क्या हो सकते हैं? क्या यह नहीं कि सुप्रीम कोर्ट का पत्र हकीकत में सरकार को चेतावनी है कि न्यायपालिका के कामकाज में किसी भी तरह का प्रलोभन या हस्तक्षेप स्वीकार नहीं होगा?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पुराने वाहनों पर प्रतिबंध कितना असरदार

**क्या यह फैसला जल्दबाजी में लिया गया? निश्चित रूप से, नीति के कार्यान्वयन से पहले पर्याप्त जन जागरूकता अभियान, वैकल्पिक परिवहन समाधान और स्क्रैपिंग सुविधाओं की कमी ने इसे जल्दबाजी का फैसला साबित किया। साथ ही, तकनीकी बुनियादी ढांचे की अपर्याप्तता ने इसकी विफलता को और उजागर किया। दिल्ली सरकार का पुराने वाहनों पर ईंधन प्रतिबंध और जब्ती का फैसला पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक साहसिक कदम था, लेकिन इसकी खराब योजना और कार्यान्वयन ने इसे जनता के लिए परेशानी का सबब बना दिया।**



**रजनीश कपूर**

दिल्ली, भारत की राजधानी, जो अपनी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक समृद्धि के साथ-साथ वायु प्रदूषण की गंभीर समस्या के लिए भी जानी जाती है, एक बार फिर चर्चा में है। इस बार चर्चा का विषय है दिल्ली सरकार का पुराने डीजल और पेट्रोल वाहनों पर ईंधन आपूर्ति रोकने और उनकी जब्ती का फैसला।

इस नीति का उद्देश्य वायु प्रदूषण को कम करना था, लेकिन इसके लागू होने और फिर स्थगित होने की प्रक्रिया ने जनता के बीच भ्रम और असंतोष को जन्म दिया। क्या यह फैसला जल्दबाजी में लिया गया या जन दबाव का परिणाम था? क्या सरकारें ऐसे फैसले बिना सोचे-समझे लेती हैं?

दिल्ली सरकार ने 1 जुलाई 2025 से 10 वर्ष से अधिक पुराने डीजल वाहनों और 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों को ईंधन देने पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया। यह निर्णय कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट के निर्देश पर आधारित था, जो 2014 के नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और 2018 के सुप्रीम कोर्ट के आदेशों से प्रेरित था। इन आदेशों में दिल्ली में पुराने वाहनों के उपयोग और सार्वजनिक स्थानों पर पार्किंग पर रोक लगाने की बात कही गई थी। इस नीति के तहत, ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन कैमरों का उपयोग कर वाहनों की उम्र की पहचान की जानी थी, और जो वाहन एंड ऑफ लाइफ श्रेणी में आते, उन्हें ईंधन देने से मना किया जाता। साथ ही, उल्लंघन करने वाले वाहनों को जब्त करने और स्क्रैप करने का भी प्रावधान था।

इस नीति का प्राथमिक उद्देश्य दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण को कम करना था। आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में वाहनों से होने वाला प्रदूषण स्थानीय प्रदूषण का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा है। पुराने वाहन, जो आधुनिक उत्सर्जन मानकों का पालन नहीं करते, PM 2.5 और अन्य हानिकारक प्रदूषकों के प्रमुख स्रोत हैं। इस नीति को लागू करने के पीछे पर्यावरण संरक्षण और सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार का लक्ष्य था।

हालांकि इस नीति का उद्देश्य सराहनीय था, लेकिन इसके कार्यान्वयन ने जनता के बीच व्यापक भ्रम और असंतोष पैदा किया। 1 जुलाई को नीति लागू होने के कुछ ही दिनों बाद, पेट्रोल पंपों पर पुराने वाहनों को ईंधन देने से मना किया जाने लगा और कुछ मामलों में वाहनों को जब्त भी किया गया। इससे मध्यम वर्ग और निम्न-मध्यम वर्ग के लोगों में खलबली मच गई, जो अपनी आजीविका के लिए इन पुराने वाहनों पर निर्भर हैं।

दिल्ली में लगभग 62 लाख वाहन इस नीति से प्रभावित होने वाले थे, जिनमें कार, दोपहिया वाहन, ट्रक और यहां तक कि विंटेज वाहन भी शामिल थे। कई लोगों के लिए, यह वाहन केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि उनकी आर्थिक स्थिरता का आधार थे। उदाहरण के लिए, छोटे व्यापारी, डिलीवरी कर्मचारी और ऑटो-रिक्शा चालक जैसे लोग इन वाहनों पर निर्भर हैं। अचानक ईंधन की आपूर्ति बंद होने से उनकी आजीविका पर संकट मंडराने लगा।

इसके अलावा, नीति के कार्यान्वयन में तकनीकी खामियां भी सामने आईं। ANPR कैमरों की स्थापना और उनके संचालन में समस्याएं थीं, जैसे कि गलत सेंसर, डेटाबेस के साथ एकीकरण की कमी और हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट्स की पहचान में असमर्थता। इन तकनीकी समस्याओं ने नीति को और जटिल बना दिया। पर्यावरण के दृष्टिकोण से, पुराने वाहनों पर प्रतिबंध लगाना एक तार्किक कदम था। लेकिन इसके साथ ही यह भी तर्क दिया जा रहा था कि यदि कोई पुराना वाहन मौजूदा प्रदूषण के मानकों में पास पाया जाता है, उसके पास वैध प्रदूषण प्रमाण पत्र है तो वह प्रदूषण नहीं कर रहा। तो ऐसी स्थित में इस श्रेणी की गाड़ी को प्रतिबंधित क्यों किया जाए? नीति के लागू होने के कुछ ही दिनों बाद, 3 जुलाई को दिल्ली सरकार ने इसे स्थगित कर दिया और इसे 1 नवंबर 2025 तक टाल दिया। इस फैसले के पीछे जनता का तीव्र विरोध और तकनीकी चुनौतियां प्रमुख कारण थे। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने पत्र लिखकर इस नीति को समय से पहले और संभावित रूप से प्रतिकूल बताया और तकनीकी और बुनियादी ढांचे की कमियों का हवाला दिया। इसके अलावा, एक सर्वेक्षण में 79 प्रतिशत दिल्लीवासियों ने इस नीति का विरोध किया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि जन दबाव ने सरकार को पीछे हटने के लिए मजबूर किया। पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन ने भी दिल्ली हाई कोर्ट में इस नीति की व्यवहार्यता को चुनौती दी, जिसने भ्रम को और बढ़ाया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बिहार चुनावों में महिलाओं पर दांव के निहितार्थ



**ललित गर्ग**

बिहार में इस साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव आयोग ने अभी तक मतदान की तारीखों की घोषणा नहीं की है, लेकिन राज्य में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। विभिन्न राजनीतिक दल लुभावनी घोषणाएं कर रहे हैं, नए-नए मुद्दों को उछाला जा रहा है। गोपाल खेमका हत्याकांड हो या तंत्र मंत्र के चलते एक ही परिवार के पांच लोगों को जला देने की त्रासद घटना- नीतीश कुमार पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मतदाता सूचियों के विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान पर संदेह के सवालों के साथ मुखर विपक्षी दल इसके खिलाफ राजनीतिक लड़ाई के साथ ही कानून विकल्पों पर भी गंभीरता से विचार कर रहे हैं। इस बीच, एनडीए की सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने एनडीए से दूरी बनाते हुए बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का संकेत देकर सियासी परि.श्य को दिलचस्प बना दिया है।

इन्हीं परिदृश्यों के बीच बिहार सरकार ने सरकारी नौकरियों में स्थानीय महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने के फैसला लेकर चुनावी सरगर्मियों को एक नया मोड़ दे दिया है। बिहार सरकार का यह निर्णय केवल एक चुनावी रणनीति भर नहीं, बल्कि एक गहरे सामाजिक परिवर्तन का संकेतक भी है। तय है कि इस बार के बिहार चुनाव के काफी दिलचस्प एवं हंगामेदार होंगे। सरकारी नौकरियों में स्थानीय महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण के गहरे निहितार्थ हैं।




एनडीए की नीतिश सरकार ने स्थानीय महिलाओं को प्राथमिकता देने एवं उनके लिए सरकारी रोजगार उपलब्ध कराने के इस ब्रह्मास्ध्त्र को दाग कर चुनावी समीकरण अपने पक्ष में कर लिए हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसे ह्महिला सशक्तिकरण का राजनीतिक समाधान बताया, क्योंकि राज्य की महिलाएं कई चुनावों में निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। पिछली लोकसभा चुनाव में महिलाओं की मतदान दर पुरुषों से कहीं अधिक रही, 59.45 प्रतिशत महिलाओं ने हिस्सा लिया जबकि पुरुष केवल 53 प्रतिशत मतदान करने पहुंचे। यह आंकड़ा दिखाता है कि चुनावी जीत में महिला मतदाता कितनी निर्णायक हो सकते हैं, साफ है, सत्ता की चाबी वहां महिलाओं ने अपने हाथों में ले ली है और वे धार्मिक व जातिगत आग्रहों से अधिक लैंगिक हितों से प्रेरित हैं।

बिहार उन शुरुआती राज्यों में एक है, जिसने पंचायत और स्थानीय निकायों में आधी आबादी के लिए 50 फीसदी सीटें आरक्षित की हैं। इस कदम ने यहां की स्त्रियों में जबर्दस्त राजनीतिक जागरूकता पैदा की है। चुनावों की दशा एवं दिशा बदलने में महत्वपूर्ण एवं निर्णायक किरदार निभाने के कारण ही हरेक राजनीतिक दल महिला वर्ग को आकर्षित करने में जुट गया है। राजद-कांग्रेस-वाम दलों का महागठबंधन 'माई-बहिन मान योजना' के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रूपए देने का वायदा कर चुका है, तो राजद नेता तेजस्वी यादव बेरोजगारी और डोमिसाइल के मुद्दे को जोर-शोर से उठा रहे हैं। ऐसे में, नीतीश सरकार के इस नीतिगत दांव को समझा जा सकता है। जातिगत और स्थानीय समीकरण भुनाने के लिए निश्चित ही यह एक संगठित चाल है, जहां जाति और आवासीयता दोनों को आधार बनाया गया। यह सर्वविदित तथ्य है कि भारत में शैक्षिक क्षेत्र में लैंगिक खाई लगातार सिमट रही है। बिहार की बेटियां देश के अनेक महानगरों में अपनी योग्यता और मेहनत के दम पर पहचान बना चुकी हैं। सूचना क्रांति, बढ़ती अपेक्षाओं और सामंती बंधनों के ढीले पड़ते जाने के कारण अब ग्रामीण बिहार की बेटियां भी ऊंचे सपने संजो रही हैं। हाल ही में बिहार में शिक्षकों की नियुक्ति के दौरान यह देखा गया कि देश के विभिन्न प्रदेशों की योग्य लड़कियां इंटरव्यू देने आईं, जिनमें से अनेक ने सफलता प्राप्त की और अब बिहार के सरकारी स्कूलों में अध्यापन कर रही हैं। निस्संदेह, यह एक सैद्धांतिक रूप से प्रगतिशील और समावेशी समाज का प्रतीक है, जहां महिलाएं सीमाओं से परे जाकर अपनी पहचान बना रही हैं, लेकिन व्यावहारिक धरातल पर देखें, तो महिला सुरक्षा, सामाजिक असमानता, आवास व पारिवारिक बाधाएं, और प्रवास की मजबूरियां अब भी मौजूद हैं। ऐसे में यदि सरकारें योग्य महिलाओं को उनके घर के आस-पास ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएं, तो यह न केवल महिला सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक कदम होगा, बल्कि सामाजिक संरचना में स्थिरता और पारिवारिक सहूलियत का भी कारण बनेगा। यही कारण है कि नीतीश कुमार सरकार महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए एक के बाद एक योजनाएं ला रही है। साइकिल योजना, पोशाक योजना, कन्या उत्थान योजना, वृद्धावस्था पेंशन में वृद्धि, पिंक टॉयलेट, महिला पुलिस भर्ती में आरक्षण जैसे कई कदम इस सिलसिले में पहले ही उठाए जा चुके हैं। यह मान्यता कि बेटियां अब सिर्फ अपने घरों की शोभा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की भागीदार हैं, नीति निर्माण में स्पष्ट झलकने लगा है।

यह न केवल बिहार की महिलाओं को उनके अधिकार का अनुभव कराएगा, बल्कि बेरोजगारी से जूझते प्रदेश में स्थानीय प्रतिभा के पलायन को भी रोकेगा। इस फैसले से खास तौर पर निम्न और मध्यमवर्गीय महिलाओं को फायदा होगा, जिनके लिए दूसरे शहरों में जाकर नौकरी करना एक बड़ा पारिवारिक और सामाजिक संकट बन जाता है। घर के पास नौकरी मिलने से न केवल सुरक्षा की भावना बढ़ेगी, बल्कि समाज में महिलाओं की स्थाई उपस्थिति और भूमिका भी मजबूत होगी। हालांकि इस फैसले को लेकर विपक्षी दलों की मिश्रित प्रतिक्रिया सामने आई है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने इसे नीतीश कुमार की चुनावी चाल बताया है और आरोप लगाया है कि सरकार महिलाओं की वास्तविक समस्याओं को दूर नहीं कर पा रही, बल्कि सिर्फ भावनात्मक मुद्दों को उछालकर वोट बटोरने की कोशिश कर रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बलूचिस्तान में 9 बस यात्रियों की गोली मारकर हत्या

## बंदूकधारियों ने बस रोककर किडनैप किया, पहचान करने के बाद मारी गोली

**क्वेटा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में गुरुवार देर रात क्वेटा से लाहौर जा रही एक यात्री बस को हथियारबंद लोगों ने रोककर 9 यात्रियों को अगवा किया और उन्हें गोलियों से भून दिया। यह घटना नार्थ बलूचिस्तान के सर धक्का इलाके में झोब के पास हुई, जो लंबे समय से चरमपंथियों की गतिविधियों का केंद्र रहा है। झोब के असिस्टेंट कमिश्नर नवीन आलम के मुताबिक, हमलावरों ने बस से यात्रियों को उतारा, पहचान की और फिर 9 लोगों को गोली मार दी।

आलम ने बताया कि ये सभी शव बरखान जिले के रेखनी अस्पताल भेजे गए हैं। हत्या का तरीका बताता है कि हमलावर पहले से योजना बनाकर आए थे और टारगेटेड किलिंग कर रहे थे। बलूचिस्तान की प्रांतीय सरकार इसे भारत समर्थित हमला बता रही है। सरकार ने इस हमले के पीछे फितना अल-हिंदुस्तान का हाथ होने की बात कही है। पाकिस्तान सरकार ने मई में बलूचिस्तान के सभी विद्रोही संगठनों को फितना-अल-हिंदुस्तान का नाम दिया है। इनमें बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी



**ये सभी शव बरखान जिले के रेखनी अस्पताल भेजे गए हैं हमलावर पहले से योजना बनाकर आए थे**

**पाकिस्तान सरकार ने मई में बलूचिस्तान के सभी विद्रोही संगठनों को फितना-अल-हिंदुस्तान का नाम दिया है**

(बीएलए) सबसे बड़ा और प्रमुख संगठन है। सरकारी प्रवक्ता शाहिद रिंद ने कहा यह सिर्फ एक हमला नहीं, निर्दोष पाकिस्तानियों की क्रूर हत्या है। यह फितना अल-हिंदुस्तान की बर्बर सोच का नतीजा है। रिंद ने बताया कि मास्तुंग, कालात और सरदगाई में भी फितना अल-हिंदुस्तान से जुड़े आतंकियों ने हमले किए, लेकिन वहां सुरक्षा बलों ने स्थिति को संभाल लिया। झोब में हमला अंधेरे का फायदा उठाकर किया गया, जिससे हमलावर बच निकले। रिंद ने यह भी बताया कि लोरालाई में भी यात्रियों के अगवा होने की सूचना है और उनके लिए तलाशी अभियान जारी है। इस्लामाबाद स्थित थिंक टैंक पाकिस्तान इंस्टीटयूट फार कान्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी (पीआईसीएनएन) की रिपोर्ट बताती है कि मई 2025 में देश में कुल 85 आतंकी हमले हुए। इनमें बलूचिस्तान सबसे ज्यादा प्रभावित रहा। यहां अकेले 35 हमले हुए जिनमें 51 लोगों की मौत और 100 से ज्यादा घायल हुए। इनमें नागरिकों की संख्या सबसे ज्यादा है। हमलों में 30 आम लोग, 18 सुरक्षाकर्मी और 3 आतंकी मारे गए।

### पाक अभिनेत्री हुमैरा का शव मौत के नौ महीने बाद फ्लैट में मिला

**कराची।** पाकिस्तानी मॉडल एवं अभिनेत्री हुमैरा असगर अली का शव आठ जुलाई को कराची के डिफेंस हाउसग अथॉरिटी (डीएचए) में उनके अपार्टमेंट में मिला। स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अभिनेत्री का शव मृत्यु के नौ महीने से अधिक समय बाद बरामद किया गया। डॉक्टरों ने कहा कि शव इतना सड़ चुका था कि यह पता लगाना लगभग असंभव था कि उनकी मृत्यु कैसे हुई। दक्षिण पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सैयद असद रजा के अनुसार, 32 वर्षीय अभिनेत्री के शव का पता तब चला जब पुलिस और अदालत का कर्मचारी बकाया किराया न चुकाने के कारण फ्लैट खाली कराने के अदालती आदेश के साथ उनके अपार्टमेंट पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि बार बार दरवाजा खटखटाने पर जब कोई जवाब नहीं मिला तो अधिकारी इत्तेहाद कमर्शियल, फेज छह के चौथे मंजिल वाले अपार्टमेंट में घुसे जहां उन्होंने अभिनेत्री की सड़ी-गली लाश बरामद की।

# ईरानी हमले में अमेरिकी एयरबेस हुआ था तबाह

## कतर स्थित अमेरिकी एयरबेस का संचार केंद्र आया निशाने पर




**वाशिंगटन।** गत माह ईरान के हमले में कतर स्थित अमेरिका के एयरबेस पर जियोडेसिक गुंबद को नुकसान पहुंचा। इस जियोडेसिक गुंबद का इस्तेमाल अमेरिकी वायुसेना द्वारा सुरक्षित संचार के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। सैटेलाइट तस्वीरों से यह खुलासा हुआ है।

हालांकि अमेरिका या कतर की सरकार ने इसे लेकर कोई बयान नहीं दिया है। अमेरिका ने बीते महीने बंकर बस्टर बमों से ईरान के तीन परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया था। इसके जवाब में ईरान ने कतर स्थित अमेरिकी वायुसेना के ठिकाने पर हमला किया था। हालांकि उसके बाद दोनों देशों में शांति समझौता हो गया था। ईरान ने 23 जून को कतर स्थित अल उदैद एयर बेस को निशाना बनाया था। ईरान के हमले में अमेरिकी एयरबेस को मामूली नुकसान हुआ। इसकी वजह ये रही कि अमेरिका ने हमले से पहले ही अपने लड़ाकू विमानों को सेना के सेंट्रल कमांड मुख्यालय स्थानांतरित कर दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भी बताया कि ईरान ने हमले से पहले ही संकेत दे दिए थे कि हमला कहां होने वाला है, जिससे अमे. रिका को अपने बचाव में कदम उठाने का मौका मिला। प्लेनेट लैब्स की सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला कि ईरानी हमले में अमेरिकी एयरबेस पर स्थित जियोडेसिक गुंबद को नुकसान पहुंचा है। जियोडेसिक गुंबद का इस्तेमाल अमेरिकी सेना सुरक्षित संचार के लिए इस्तेमाल करती थी। कतर के अल उदैद एयर बेस पर अमेरिकी वायुसेना की 379वीं एयर एक्सपीडिशनरी विंग तैनात है। 25 जून को ली गई सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला है कि ईरानी हमले के बाद जियोडेसिक गुंबद तबाह हो गया है। हालांकि इसके अलावा और कोई नुकसान नहीं हुआ है। अमे. रिकी राष्ट्रपति ने ईरान के हमले को बेहद कमजोर बताया था और कहा कि हमले में अमेरिका को कोई नुकसान नहीं हुआ। हालांकि ईरान ने दावा किया कि उनके हमले में एयरबेस को भारी नुकसान हुआ है।

# ट्रम्प ने कनाडा पर 35% टैरिफ लगाया

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा किया है कि अमेरिका अगले महीने कनाडा से आयात पर 35 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा जबकि वह अन्य अधिकांश व्यापारिक साझेदारों पर 15 या 20 प्रतिशत का टैरिफ लगाने पर विचार कर रहा है।

**■ यह पत्र ट्रम्प और कार्नी के बीच मधुर होते संबंधों के बीच आया**

गुरुवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी एक पत्र में ट्रम्प ने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी को बताया कि नई दर एक अगस्त से लागू होगी और अगर कनाडा ने जवाबी कार्रवाई की तो यह और बढ़ जाएगा। यह पत्र सोमवार से ट्रम्प द्वारा जारी किए गए 20 से अधिक ऐसे पत्रों में नवीनतम है क्योंकि वह दर्जनों अर्थव्यवस्थाओं के खिलाफ व्यापार युद्ध की धमकियां जारी रखे हुए हैं। यह पत्र ट्रम्प और कार्नी के बीच मधुर होते संबंधों के बीच आया है। कनाडाई नेता छह मई को व्हाइट हाउस गए थे और ओवल ऑफिस में ट्रम्प के साथ सौहार्दपूर्ण बैठक की थी। पिछले महीने कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन में उनकी फिर से मुलाकात हुई जहां नेताओं ने ट्रम्प पर उनके कठोर व्यापार युद्ध से पीछे हटने के लिए दबाव डाला।

# अमेरिका नाटो के जरिये यूक्रेन को देगा हथियार

## 2.5 हजार करोड़ के मिसाइल-रॉकेट, NATO 100% खर्च देगा, रूस पर बयान दे सकते हैं ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका नाटो के माध्यम से यूक्रेन को हथियार भेजेगा और नाटो इन हथियारों का पूरा खर्च देगा। ट्रम्प ने कहा-नाटो सहयोगियों और यूक्रेन के बीच अमेरिका से हथियारों की आपूर्ति को लेकर एक नया समझौता हुआ है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका 300 मिलियन डॉलर (2.5 हजार करोड़ रुपए) का पैकेज यूक्रेन को भेजने की तैयारी कर रहा है, जिसमें पैट्रियट मिसाइल सिस्टम और मीडियम रेंज के राकेट शामिल होंगे, हालांकि हथियारों पर अंतिम निर्णय अभी बाकी है। बता दे, अमेरिका खुद नाटो का सदस्य है। नाटो एक अंतर्राष्ट्रीय सैन्य गठबंधन है। 2025 तक नाटो के 32 सदस्य देश हैं। इसका मकसद सदस्य देशों की सामूहिक सुरक्षा सुनिश्चित करना और बाहरी हमलों से उनकी रक्षा करना है। अमेरिका



नाटो खर्च में 66 प्रतिशत हिस्सा देता है। इसके साथ ट्रम्प ने कहा कि वे सोमवार को रूस को लेकर बड़ा बयान दे सकते हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद ये पहली बार होगा जब ट्रम्प प्रेसिडेंशियल ड्राडाउन अथारिटी के तहत यूक्रेन को हथियार भेजने की अनुमति देंगे। यह एक कानूनी तरीका है जो राष्ट्रपति को बुरे समय में अमेरिकी भंडार से सीधे हथियार भेजने की अनुमति देता है। इससे पहले ट्रम्प सरकार ने केवल पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा मंजूर किए गए हथियार ही यूक्रेन को भेजे थे। यह हथियारों का नया समझौता अमेरिका, नाटो और यूक्रेन के बीच है। पहले अमेरिका सीधे यूक्रेन को हथियार भेजता था, लेकिन अब यह प्रक्रिया नाटो के जरिए होगी। ट्रम्प ने कहा कि हम नाटो को हथियार भेजेंगे, और नाटो इनका पूरा पैसा देगा। फिर नाटो इन्हें यूक्रेन को देगा। ट्रम्प ने ये कदम रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रति उनकी बढ़ती नाराजगी के बाद लिया है। ट्रम्प ने 7 जुलाई को व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा कि वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से खुश नहीं हैं। उन्होंने कहा था- सच कहूं तो मैं इस बात से निराश हूं कि पुतिन ने अपनी हरकतें बंद नहीं की। दरअसल, ट्रम्प ने रूस और यूक्रेन से युद्ध विराम के लिए कई बार बातचीत की थी, लेकिन पुतिन ने सीजफायर से मना कर दिया था।

# अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई में अधिकारियों की वफादारी की जांच

**वाशिंगटन।** अमेरिकी जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो आफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) इन दिनों अपने ही सीनियर अधिका. रियों की वफादारी जांचने के लिए पालीग्राफ टेस्ट यानी झूठ पकड़ने वाली मशीन का उपयोग कर रही है।

**■ झूठ पकड़ने वाली मशीन से पूछे जा रहे हैं सवाल**

जिन अफसरों से सवाल पूछे जा रहे हैं, उनमें कुछ से ये भी पूछा गया कि क्या उन्होंने एफबीआई निदेशक कश पटेल के खिलाफ कुछ नकारात्मक कहा था। अब तक एफबीआई इस तरह के टेस्ट उन्हीं कर्मचारियों पर करती थी जिन पर देशद्रोह या गोपनीय सूचनाएं लीक करने का शक होता था, लेकिन जब से कश पटेल ने एफबीआई निदेशक का पद संभाला है, तब से इस टेस्ट का उपयोग कई गुना बढ़ गया है। अब यह व्यक्तिगत निष्ठा जांचने का हथियार बनता जा रहा है। एफबीआई से मीडिया में लगातार खबरें लीक होने की वजह से एजेंसी में पालीग्राफ टेस्ट बढ़ गए हैं। दर्जनों अफसरों से पालीग्राफ टेस्ट में पूछा गया कि क्या उन्होंने काश पटेल के खिलाफ कोई बयान दिया है। सूत्रों के मुताबिक एक बार यह पता लगाने के लिए टेस्ट किया गया कि काश पटेल के सर्विस वेपन की मांग करने की खबर मीडिया को किसने दी। काश पटेल एफबीआई एजेंट नहीं है, उन्हें सर्विस वेपन (हथियार) का अधिकार नहीं है।



भुवनेश्वर। पार्टी के 'संविधान बचाओ समावेश' के दौरान बोलते लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

### अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने की 1300 से ज्यादा कर्मचारियों को निकालने की घोषणा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने ट्रम्प प्रशासन की एक पुनर्गठन योजना के तहत शुक्रवार को 1300 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की घोषणा की है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 1107 सिविल सर्वेंट्स और 246 विदेश सेवा अधिकारियों को नौकरी से हटाने के नोटिस भेजे जा रहे हैं। विदेश सेवा अधिकारियों को 120 दिनों की प्रशासनिक छुट्टी पर रखा जाएगा, जिसके बाद उनकी नौकरी समाप्त हो जाएगी। सिविल सर्वेंट्स के लिए यह अवधि 60 दिन होगी। विदेश मंत्रालय का कहना है कि यह कदम गैर-जरूरी कामों को खत्म करने के लिए उठाया गया है ताकि विदेशों में विभाग को अधिक कुशल बनाया जा सके।

# बांग्लादेश में कट्टरपंथी पार्टियों को सेना का समर्थन

## हसीना की पार्टी चुनावी मैदान से गायब

**ढाका।** बांग्लादेशी आर्मी के चीफ जनरल वाकर-उज-जमान का झुकाव अब कट्टरपंथी इस्लामी दलों की ओर देखा जा रहा है।

जिनमें जमात- ए-इस्लामी, इस्लामी आंदोलन बांग्लादेश, खिलाफत मजलिस, मुत्ताहिदे मजलिस-ए-अमल, और तंजीमुल उलेमा जैसे दल शामिल हैं। ये सभी मिलकर एक कट्टरपंथी गठबंधन के रूप में उभर रहे हैं और एकजुट होकर प्रोपोर्शनल रिप्रेजेंटेशन प्रणाली (मत प्रतिशत आधारित सीट बंटवारा) की मांग कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि यह मांग नहीं मानी गई तो वे चुनाव बहिष्कार का रास्ता अपनाएंगे। मुख्य विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अंदरूनी चुनौतियों

**■ मुख्य विपक्षी पार्टी खालिदा की बीएनपी मुश्किलों में घिरी**

से जूझ रही है। पार्टी अब तक उम्मीदवार तय नहीं कर पाई है और हर सीट पर कई दावेदारों के चलते अंतर्विरोध गहराते जा रहे हैं। ऐसे में नेता तारीक रहमान की संभावित वापसी को पार्टी संकट से उत्थान की अंतिम उम्मीद मान रही है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग चुनावी मैदान से लगभग गायब है। वहीं तेजी से उभर रही छात्रों की पार्टी नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) जबरदस्त प्रचार कर रही है। चीफ एडवाइजर के नेतृत्व में राष्ट्रीय सहमति आयोग व संविधान सुधार आयोग ने दो सदन वाली संसद की सिफारिश की है।

# अमेरिकी हमले में भी बच गया ईरानी परमाणु कार्यक्रम

## इजरायली अधिकारी ने किया चौंकाने वाला दावा

**तेल अवीव।** इजरायल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया है कि बीते महीने अमेरिका द्वारा किए गए हमले के बावजूद ईरान का परमाणु कार्यक्रम बच गया और ईरान अभी भी यूरेनियम संवर्धन की क्षमता हासिल कर सकता है।

अमेरिका के बंकर बस्टर बम बनाने वाली एजेंसी ने भी कहा है कि वे इस बात की समीक्षा कर रहे हैं कि बंकर बस्टर बम अपने लक्ष्य तक पहुंचे या नहीं। गौरतलब है कि इजरायली अधिकारी का यह दावा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे के विपरीत है, जिसमें ट्रंप ने कहा था कि अमेरिकी हमले में ईरान के परमाणु ठिकाने तबाह हो गए हैं और ईरान को यूरेनियम संवर्धन की क्षमता हासिल करने में अब कई साल लगेंगे। अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी ने भी एक प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा कि हमलों ने फोर्डो, नतांज और इस्फहान स्थलों को काफी नुकसान पहुंचाया, लेकिन वे पूरी तरह से नष्ट नहीं हुए हैं। वरिष्ठ इजरायली अधिकारी ने कहा कि ऐसा माना जा रहा है कि ईरान का अधिकांश संवर्धित यूरेनियम इस्फ़हान परमाणु ठिकाने में गहराई से दबा हुआ है।

आवश्यकता है हॉलैंड की प्रसिद्ध कंपनी साऊदी अरब के लिए आवश्यकता है
श्रम-वेतन-1000 साऊदी रियाल, आयु - 21 से 28 वर्ष, ड्यूटी - 10 घंटे, सप्ताह में 6 दिन
केवल मुस्लिम उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं
नि:शुल्क भर्ती, ट्रांसपोर्ट फ्री, रहना व खाना फ्री
इच्छुक उम्मीदवार पासपोर्ट, फोटोग्राफ लेकर निम्न पते पर मिलें
दिल्ली: अम्बे कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, ए-3 ब्लॉक सी कम्यूनिटी सेंटर नारायण बिहार नई दिल्ली 011 45661111, 9910043893
चंडीगढ :- अम्बे कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड एससीओ 15, सेक्टर 20डी (लेबर चौंक) चंडीगढ M:73558-48978

# संकट में भारतीय: म्यांमार से रिहाई की तीव्र मांग उठी

## म्यांमार में फंसे 44 भारतीय नागरिकों में केरल के पांच नागरिक भी शामिल

**तिरुवनंतपुरम।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और लोकसभा सदस्य केसी वेणुगोपाल ने म्यांमार में मानव तस्करी में फंसे 44 भारतीयों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए विदेश मंत्रालय से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

म्यांमार में फंसे 44 भारतीय नागरिकों में केरल के पांच नागरिक भी शामिल हैं। वेणुगोपाल ने कहा कि पीड़ितों पर क्रूर शारीरिक हमले किए गए तथा उनके फोन, पासपोर्ट और अन्य सामान जब्त कर लिए गए जिससे वे बाहरी दुनिया से कट गए हैं। पीड़ितों को कथित तौर पर म्यांमार के डोंगमेई पार्क में रैकेट चलाने वालों द्वारा खतरनाक परिस्थितियों में रखा गया है जिससे उनके परिवार गहरी चता में हैं। वेणुगोपाल ने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर एक पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने कहा है कि पीड़ितों में से एक, केरल के कासरगोड के पदन्ना निवासी मशूद



**■ पीड़ितों को यूरोप स्थित एक कंपनी के पैकिंग विभाग में नौकरी दिलाने का वादा किया जाता है**

अली ने 10 दिन पहले भारतीय दूतावास में शिकायत दर्ज की थी लेकिन उसपर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। मशूद अली ने खुलासा किया कि तस्कर विदेश में नौकरी चाहने वाले लोगों को भर्ती करने के लिए फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते हैं। इस घोटाले में ऐसे लोगों को फर्जी नौकरी का ऑफर देकर फंसाया जाता है और फिर उनका इस्तेमाल दूसरों को भर्ती करने के लिए किया जाता है। पीड़ितों को यूरोप स्थित एक कंपनी के पैकग विभाग में नौकरी दिलाने का वादा किया जाता है। प्रत्येक व्यक्ति से तीन से पांच लाख रुपये वसूलने के बाद, तस्कर उनका विश्वास जीतने के लिए दो महीने का वीज़ा और हवाई जहाज का टिकट उपलब्ध कराते हैं। शुरुआत में, भर्ती किए गए लोगों को बैंकॉक भेजा जाता है और तथाकथित प्रदर्शन मूल्यांकन के तहत कुछ दिनों तक काम कराया जाता है। फिर उन्हें बताया जाता है कि बेहतर रोज़गार के लिए उन्हें ब्रिटेन भेजा जाएगा लेकिन इसके बजाय उन्हें गुप्त रूप से म्यांमार भेज दिया जाता है। मशूद अली ने बताया कि कोल्लम का एक और पीड़ित जिष्णु, जो उसके साथ एक कमरे में रहता था, पिछले दिन से लापता है।

# अमेरिका ने दी अपने लोगों को ईरान न जाने की सलाह

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने अपने नागरिकों के लिए ईरान की यात्रा न करने की एक 'नई यात्रा सलाह' जारी करते हुए कहा है कि भले ही बमबारी बंद हो गई हो लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वहां की यात्रा सुरक्षित है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने अपने नागरिकों खासकर ईरानी मूल के लोगों को ईरान की यात्रा के गंभीर खतरों के बारे में आगाह करते हुए एक नया जागरूकता अभियान शुरू किया है। विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने ईरानी मूल के लोगों से ईरान की यात्रा से बचने का आग्रह किया है। यह परामर्श ऐसे समय में आया है जब एक दिन पहले ही अमेरिका ने ईरानी प्रशासन की ओर से अवैध तेल व्यापार में शामिल कई जगहों में फैले एक नेटवर्क से जुड़ी 22 संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाया है। एक प्रेस वार्ता में सुब्रूस ने ज़ोर

**बमबारी हालांकि बंद हो गई है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि ईरान की यात्रा करना सुरक्षित है**

दिया कि ईरानी सरकार दोहरी नागरिकता स्वीकार नहीं करती है और हिरासत में लिए गए अमेरिकी नागरिकों को नियमित रूप से राजनयिक पहुंच देने से इनकार करती है।

उन्होंने कहा कि विभाग एक नए जागरूकता अभियान की घोषणा कर रहा है जिसमें अमेरिकियों खासकर ईरानी अमेरिकियों को ईरान की यात्रा के लगातार बढ़ते गंभीर खतरों के बारे में चेतावनी दी जाएगी। ईरानी शासन दोहरी राष्ट्रीयता को मान्यता नहीं देता है। और हिरासत में लिए गए अमेरिकी नागरिकों को नियमित रूप से कांसुलर सेवाएं देने से इनकार करता है।

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी0 पी0 टी0 • ऑप्टोमैट्री • ओ0 टी0 टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट